


// श्रेय मिले न मिले अपना श्रेष्ठ देना कभी बंद न करें। \\

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



पाप सुविधाओं में नहीं, कठिनाइयों में नष्ट होते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 01 फरवरी, 2025 | माघ शुक्ल पक्ष: तृतीया विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 31 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







# सामूहिक सामर्थ्य, नवान्वेषण से बनेगा 2047 का विकसित भारत: मुर्मु

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के जॉइंट सेशन को संबोधित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार विकास में सबकी भागीदारी को महत्व देते हुए किसान, मजदूर, नौकरी पेशा मध्यम वर्ग, महिलाओं की हिस्सेदारी को सुनिश्चित कर विश्व बंधु की भूमिका में ग्लोबल साउथ (दक्षिण गोलार्द्ध के विकासशील और गरीब देशों के समूह) की प्राथमिकताओं के साथ तीसरी आर्थिक शक्ति बन रहे देश को 2047 में विकसित भारत बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

राष्ट्रपति मुर्मु कहा कि मौजूदा सरकार विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को सशक्त बना रही है और अपने तीसरे कार्यकाल में जो कदम उठा रही है उसमें आर्थिक गति बढ़ाने के लिए ढांचागत विकास, कृषि विकास, सामाज के हर वर्ग को विकास की धारा से जोड़कर सबके विकास को सुनिश्चित को विशेष महत्व दे रही है। देश में सभी को भोजन और आवास मिले इस योजना को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार कर तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नये घर देने का निर्णय लिया है। इसके लिए पांच लाख छत्तीस हज़ार करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना है। सरकार के विकसित भारत के विजन में जनभागीदारी के सामूहिक सामर्थ्य को महत्व देते हुए देश की आर्थिक उन्नति के रोडमैप को मजबूत बनाया जा रहा है।

शेष पेज-2 पर

## 18वीं लोकसभा के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण



### मेरी सरकार का मंत्र सबका साथ-सबका विकास

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार का मंत्र है सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास। इसी पर हम काम कर रहे हैं। मेरी अंत्योदय की भावना है, जिसके लिए मेरी सरकार संकल्पित रही है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त कर आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने न्यू मिडिल क्लास का ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जो नई ऊर्जा से भर रहा है। सरकारी कर्मचारियों के सम्मान के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों के यूनिफाइड पेंशन के तहत 50 फीसदी निश्चित पेंशन देने का फैसला लिया गया है।

### पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू हुआ

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि छात्रों को उच्च शिक्षा में सहायता के लिए योजना शुरू की गई। 500 कंपनियों में इन्हें इंटर्नशिप भी दी जाएगी। पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू किया गया है। सरकार ने ग्राम सड़क योजना के लिए 26 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। पिछले 6 माह में 17 वंदे भारत को जोड़ा गया है।

### सरकार ने छोटे उद्यमियों को रीढ़ माना

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारी सरकार ने छोटे उद्यमियों को रीढ़ माना। स्वरोजगार, ई-कॉमर्स, लोन और मुद्रा लोन का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचाया गया। वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बना रहे हैं। लोन, क्रेडिट कार्ड, बीमा आसानी से मिल रहा है। रेहड़ी-पटरी वालों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, स्वनिधि योजना का लाभ उन्हें मिल रहा है।

### दलित, वंचित और आदिवासी समाज को दी गई प्राथमिकता

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज देश के विकास में सबका साथ है इसलिए हम देश के सभी सामर्थ्य का अनुभव कर रहे हैं। इसका लाभ दलित, वंचित और आदिवासी समाज को मिल रहा है। जिस जनजातीय समाज की उपेक्षा होती रही, हमने उसके कल्याण को प्राथमिकता दी। 770 से ज्याद एकलव्य विद्यालयों में आदिवासी बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। 30 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए। स्वास्थ्य के लिए 5 करोड़ व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है।

### मेट्रो नेटवर्क में भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा देश

मेट्रो नेटवर्क के मामले में भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया। देश में इलेक्ट्रिक बस चलाने के फैसला किया गया है। इससे रोजगार भी होगा। देश में 15 रोपवे प्रोजेक्ट की योजना पर काम हो रहा है। 2014 में दिल्ली एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क 200 किमी था अब यह दोगुने से ज्यादा हो गया। पिछले 10 साल में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो गई। शहरी सुविधाओं का आधुनिकीकरण किया, एनर्जी एफिशियंट बनाने का काम किया गया।

### भारत टेक्नोलॉजी का ग्लोबल प्लेयर

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आज भारत टेक्नोलॉजी के रूप में अहम ग्लोबल प्लेयर है। भारत में 5 जी की शुरुआत इसका उदाहरण है। यूपीआई टेक्नोलॉजी की सफलता से प्रभावित हैं। 50 फीसदी से ज्यादा रियलटाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन हो रहा है। भारत में छोटे से छोटा दुकानदार इस सुविधा का लाभ उठा रहा है। बैंकिंग सेवाएं, यूपीआई जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। 5 लाख से ज्यादा कॉमर्स सर्विस सेंटर में दर्जनों सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डीजी लॉकर से कहीं भी और कभी भी अपने अहम दस्तावेज दिखाने की व्यवस्था मिली।

### कैंसर दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त किया

कैंसर मरीजों के लिए कैंसर दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। सर्वाइकल कैंसर के लिए 9 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जितना बल फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया, उतना ही सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया। अस्पताल, इलाज और सेवा के चलते परिवार का खर्च लगातार कम हो रहा है। एक लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं।

### 10 साल में पहला सत्र, जब विदेशी चिंगारी नहीं पनपी: मोदी

पीएम ने कहा कि शायद 2014 से लेकर अब तक यह पहला पार्लियामेंट का सत्र है, जिसके एक-दो दिन पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं पनपी है। विदेश से आग लगाने की कोशिश नहीं हुई है। मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले लोग



शरारत करने के लिए तैयार बैठते थे। यहां उसको हवा देने वालों की कमी नहीं है। यह पहला मौका है, जब ऐसी कोई कोशिश नहीं हुई। पीएम ने कहा कि कई ऐतिहासिक बिलों पर इस सत्र में चर्चा होगी। कई महत्वपूर्ण फैसले होंगे। नारी शक्ति के गौरव को हमें स्थापित करना है। आज का नौजवान जब 45-50 साल का होगा तो वो विकसित भारत का सबसे बड़ा बेनिफिशियरी होगा। युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा तोहफा बनने वाली है। जो 1930 में 1942 में आजादी की जंग में जुट गए थे। पूरी युवा पीढ़ी खप गई थी। 25 साल बाद जो पीढ़ी आई, उसके फल उसे मिले। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने मुझे तीसरी बार यह दायित्व दिया है और तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 यानी आजादी के 100 साल होंगे विकसित भारत का संकल्प ये बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा। नई ऊर्जा देगा। आजादी के 100 साल पर देश विकसित होता रहेगा। 140 करोड़ देशवासी अपने सामूहिक प्रयास से अपने संकल्प को पूरा करेंगे। तीसरे टर्म में हम मिशन मोड में देश को भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक मोर्चे पर सर्वांगीण विकास पपर आगे बढ़ रहे हैं।

### वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि 6.3-6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान

सरकार की ओर से शुक्रवार को संसद में पेश वित्त वर्ष 2024-25 के आर्थिक सर्वे में अगले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा के सदन पटल पर प्रस्तुत आर्थिक सर्वे 2024-25 में कहा गया है कि प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों पर केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 के बीच 38.8 प्रतिशत बढ़ा। सर्वेक्षण के अनुसार, निर्माण क्षेत्र वित्त वर्ष 2020-21 के मध्य से गति पकड़ रहा है और इस समय महामारी-पूर्व की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत ऊपर है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि यह मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास और आवास की मांग से प्रेरित एक प्रभावशाली उपलब्धि है। सर्वेक्षण के अनुसार भारत के सेवा व्यापार अधिशेष ने समग्र व्यापार संतुलन को स्थिरता प्रदान की है। देश का मजबूत सेवा क्षेत्र वैश्विक सेवा निर्यात में भारत को सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक बनने की दिशा में प्रेरित किया है, जो इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत के सेवा उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को रेखांकित करता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली (अप्रस)।** उच्चतम न्यायालय ने देशभर के मंदिरों में वीआईपी यानी अति विशिष्ट लोगों को विशेष दर्शन की अनुमति देने की बढ़ती प्रथा के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विजय किशोर गोस्वामी की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि यह अदालत इस मुद्दे पर निर्देश जारी नहीं कर सकती। पीठ ने हालांकि कहा कि उसका यह भी मानना है कि इस तरह का विशेष व्यवहार (वीआईपी के लिए विशेष दर्शन की सुविधा) नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि माफ करें। हम इस पर विचार नहीं करेंगे। हमारी राय हो सकती है कि कोई विशेष वरीयता नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन यह अदालत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने 27 अक्टूबर, 2024 को कहा था कि वह देशभर के प्रमुख मंदिरों में 'वीआईपी प्रवेश शुल्क' लगाने को चुनौती देने वाली रिट याचिका की जांच करेगी।




पंजाब के फिरोजपुर में दर्दनाक हादसा

# ट्रक-पिकअप की टक्कर में नौ लोगों की मौके पर ही मौत

हादसे में 15 लोग हुए घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फिरोजपुर 31 जनवरी।** पंजाब के फिरोजपुर में शुक्रवार सुबह गुरुहरसहाय- फिरोजपुर मार्ग पर गोलू का मोड़ के नजदीक एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पिकअप वाहन और सड़क के बीच खड़े ट्रक में टक्कर होने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, पिकअप ट्रक में करीब 25 से 30 लोग सवार थे। पिकअप में सवार लोग वेटर बताए जा रहे हैं और एक शादी समारोह में जा रहे थे। तभी गुरु हर सहाय विधानसभा क्षेत्र के गोलू का मोड़ के पास यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि ट्रक सड़क के बीच में खड़ा था। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को



नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

डीएसपी सतनाम सिंह ने बताया है कि बोलेरो पिकअप गाड़ी गुरु हर सहाय से जलालाबाद की तरफ जा रही थी। बोलेरो में मजदूर सवार थे। जबकि, कैंटर जलालाबाद से फिरोजपुर की तरफ जा रहा था। जब वह शहीद उधम सिंह कॉलेज के पास पहुंचा तो अचानक दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई। इसमें पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और पिकअप में सवार सभी लोग हादसा स्थल से दूर-दूर जाकर गिरे। सभी को 108 एम्बुलेंस से विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मृतकों और घायलों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### पंजाब सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है: मान

पंजाब के सीएम सरदार भगवंत सिंह मान ने दुख जताया है। उन्होंने कहा- फिरोजपुर में आज सुबह कैंटर और पिकअप ट्रक के बीच टक्कर होने से बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक शादी समारोह में जा रहे वेटरों की दुखद मौत की खबर आई है और कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। पंजाब सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

### प्रशासन करवा रहा पीड़ितों का इलाज: डीसी

फिरोजपुर की डीसी दीपशिखा शर्मा ने कहा है कि सभी घायलों का इलाज जिला प्रशासन की ओर से करवाया जा रहा है। इनकी पूरी देखभाल की जाएगी। जबकि, डीजीपी गौरव यादव ने भी पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

आप में लगी इस्तीफों की झड़ी

# केजरीवाल के सात विधायकों ने पार्टी से तोड़ा नाता

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी को एक-दो नहीं बल्कि सात झटके लगे हैं। सबसे पहले महरौली के विधायक नरेश यादव ने इस्तीफा दिया। इसके कुछ घंटे बाद ही जनकपुरी से विधायक राजेश ऋषि ने पार्टी छोड़ी फिर त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित कुमार मेहरौलिया, कस्तूरबा नगर के विधायक मदन लाल, पालम विधायक भावना गौड़, आदर्श नगर विधायक पवन कुमार शर्मा और फिर बिजवासन से भुपेंद्र सिंह जून ने भी अपना इस्तीफा दे दिया। महरौली से 2 बार के पार्टी विधायक



नरेश यादव ने कहा कि आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आप ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

# दीनबंधु सर छोटूराम ने जीवन पर्यंत विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए किया संघर्ष: सीएम सैनी

मुख्यमंत्री ने रोहतक में चौ. छोटूराम के 144 वें जन्मोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

अर्थ प्रकाश सुकरमपाल

**रोहतक, 31 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार दीनबंधु सर छोटूराम के आदर्शों पर चलते हुए प्रदेश को विकास और जनकल्याण के मामले में देश का मॉडल राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प है। रहबर-ए-आजम चौ. छोटूराम ने जीवन पर्यंत किसानों, मजदूरों व गरीबों के कल्याण के लिए संघर्ष किया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों के हितों के लिए कार्य किये। मुख्यमंत्री शुक्रवार को



रोहतक जिला में अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय परिसर में रहबर-ए-आजम चौ. छोटूराम के 144 वें जन्मोत्सव में बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने जाट शिक्षण संस्थान परिसर में स्थित चौ. छोटूराम के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने भी पुष्प अर्पित चौ. छोटूराम को नमन किया। अतिथियों ने जाट कॉलेज के सभागार में हरियाणवी विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। नायब सिंह सैनी ने अपने स्वैच्छिक कोष से जाट शिक्षण संस्था को 31 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा, शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने भी संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने संस्था की मांगों के संदर्भ में कहा कि महारानी किशोरी महिला महाविद्यालय में होस्टल के लिए संस्था द्वारा नियमानुसार मैचिंग ग्रांट के रूप में पैसा जमा करवाने उपरांत सरकार की ओर से 10 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

शेष पेज-2 पर

तंज | परिवहन मंत्री ने अपनी ही सरकार पर साधा निशाना

# सैनी जब से सीएम बने तभी से उड़न खटोले पर हैं सवार: विज

### परिवहन मंत्री बोले, ये उनकी नहीं विधायकों की आवाज

### मुझे हराने और मरवाने के लिए रची गई साजिश, सरकार ने नहीं की कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने फिर से अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी को सीधे तौर पर घेर लिया है। शुक्रवार को जारी बयान में अनिल विज ने कहा कि नायब सैनी जब से मुख्यमंत्री बने है तब से उडन् खटोले पर है, ये सिर्फ उनकी नहीं बल्कि सभी विधायकों और मंत्रियों की आवाज है। हरियाणा में वर्ष 2014 के दौरान पहली बार सत्ता में आई मनोहर सरकार को भी इस तरह की घेराबंदी का सामना करना पड़ा था। उस समय कई विधायकों ने मनोहर लाल के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सुधारक गुट बना लिया था। यह राजनीतिक विवाद कई दिनों तक चला था। हाईकमान तथा पार्टी नेतृत्व पूरी तरह से मनोहर लाल के साथ खड़ा रहा।

विज बोले चुनाव के दौरान उन्हें किसी बड़े नेता ने हराने की कोशिश की और उनपर हमला हुआ। सौ दिन बीतने के बाद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब उन्हें फर्क नहीं पड़ता। मंत्री अनिल विज ने कहा कि फिर भी यह बहुत ही गंभीर बात है। गंभीर इसलिए है कि हमारे मुख्यमंत्री उडन् खटोले से नीचे नहीं उतरते, जिस दिन से मुख्यमंत्री जी बने हैं उसे दिन से उडन् खटोले पर ही है नीचे उतरे तो जनता के दुख दर्द को देखें।

उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी की जनता ने मुझे सात बार यहां (अंबाला) से विधायक बनाया है और अंबाला छावनी के काम रुकेंगे, तो उसके लिए मुझे जो भी करना पड़ेगा मैं करूंगा, आंदोलन करना पड़ेगा तो आंदोलन करूंगा, जान देनी पड़ेगी तो जान दूंगा, भूख हड़ताल करनी पड़ेगी तो भूख हड़ताल करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने सातवीं बार चुनाव जीतने के एक सप्ताह के भीतर-भीतर सार्वजनिक मंच से कहा था कि उन्हें हराने के लिए अधिकारियों व कुछ नेताओं ने मिलकर साजिश रची। विज ने कहा कि उन्होंने इसके बाद अधिकारियों को लिखकर भी दिया है लेकिन 100 दिन बीत गए, न मुझसे पूछा गया और न ही उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### किसी बड़े नेता के आशीर्वाद से मुझे हराने का किया गया प्रयास

विज ने कहा कि पहले तो मुझे शक था कि किसी बड़े नेता के आशीर्वाद से मुझे हराने का यहां पर प्रयास किया गया और यहां तक भी हुआ कि मुझे मरवाने का प्रयास किया गया, लेकिन अब उन पर कार्रवाई न करने से मुझे विश्वास हो गया। क्योंकि मैं सबसे सीनियर नेता हूं और मैं कह रहा हूं कि मुझे हराने के खिलाफ कार्रवाई की गई है तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए थी यदि कार्रवाई नहीं करो तो कम से कम तबादला तो किया जाना ही चाहिए था और पार्टी से तो निकल ही जाना चाहिए था।

# किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक का शानदार आगाज

## कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने ग्रामीण ओलंपिक का किया उद्घाटन

किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक के लिए 75 लाख रुपये का बजट रखा, खेलों की शान को पुनः बहाल करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता: सौंद

पंजाब सरकार द्वारा किला रायपुर ग्रामीण खेलों में बैल गाड़ियों की दौड़ पुनः शुरू करने का भरोसा



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**किला रायपुर (लुधियाना), 31 जनवरी।** पंजाब की प्रमुख खेल प्रतियोगिताओं में से एक किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक 2025 का उद्घाटन करते हुए पंजाब के पर्यटन और संस्कृति मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आज स्थानीय स्टेडियम में इन खेलों का शानदार आगाज़ किया।

इस मौके पर संबोधन करते हुए तरुनप्रीत सिंह सौंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवई में राज्य सरकार पंजाब में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए वचनबद्ध है ताकि पंजाब को देश का प्रमुख राज्य बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में खेलों के लिए एक उचित माहौल बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और पंजाब में खेलों की पुरानी शान को पुनः बहाल करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता रही है। मंत्री सौंद ने यह भी ऐलान किया कि पंजाब सरकार द्वारा यह ऐतिहासिक खेल आयोजित करने के लिए 75 लाख रुपये का बजट रखा गया है, जिससे राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम राज्य भर में खेल संस्कृति स्थापित करने में सकारात्मक योगदान देगा, जिससे राज्य के हर कोने से प्रतिभा उभरेगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल हासिल करने वाले एथलीटों को दिए जाने वाले नकद इनामों में भी बढ़ोतरी की गई है।

मंत्री ने कहा कि राज्य में करवाए जा रहे 'खेडां वतन पंजाब दीया' के वार्षिक कार्यक्रम को युवाओं द्वारा भरपूर समर्थन मिला है। मंत्री ने ऐलान किया कि राज्य सरकार द्वारा जल्द ही प्रसिद्ध ग्रामीण ओलंपिक में बैल गाड़ियों की दौड़ को पुनः शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह दौड़ एक प्रसिद्ध खेल रही है और इन खेलों में यह दौड़ आकर्षण का केंद्र रही है। मंत्री ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी करने पर विचार करने की बात कही और इस मंशा के लिए मुख्यमंत्री से समर्थन की भी मांग की।

स. सौंद ने खेल प्रेमियों को इस शानदार कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए स्टेडियम में एकत्र होने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ग्रामीण ओलंपिक खेलें बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और हर वर्ग को विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर जतिंदर जोरवाल की अगुवाई में जिला प्रशासन की इस कार्यक्रम और इसके भागीदारों के लिए उचित प्रबंधन करने की सराहना की।

### पहले दिन हर उम्र वर्ग के एथलीटों ने दस विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग

इन खेलों के पहले दिन हर उम्र वर्ग के एथलीटों ने दस विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें पुरुषों और महिलाओं के हॉकी मैच, 14 साल वर्ग और 17 साल वर्ग की लड़कियों के लिए कबड्डी (नेशनल स्टाइल) इवेंट, लड़के और लड़कियों के लिए 60 मीटर और 100 मीटर दौड़, पुरुषों और महिलाओं के लिए 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ हीट और फाइनल, खो-खो मैच, पुरुषों के लिए वॉलीबॉल, शूटिंग इवेंट और अन्य विभिन्न पारंपरिक पेंदा खेल शामिल थे। इससे पहले, डिप्टी कमिश्नर जतिंदर जोरवाल और अन्य सिविल अधिकारियों ने स्टेडियम में कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इस समारोह की पहली शाम में पंजाबी गायक प्रीत हरपाल ने समां बांध दिया। इसके बाद 1 फरवरी को गायक विरासत संधू और 2 फरवरी को कुलविंदर बिल्ला द्वारा संगीत प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा।

# ऑल इंडिया सर्विसेज एथलेटिक्स, तैराकी और योगासन टूर्नामेंट के लिए पंजाब टीमों के ट्राइल 11 फरवरी को

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड बोर्ड की ओर से ऑल इंडिया सर्विसेज एथलेटिक्स, तैराकी और योगासन (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट 19 फरवरी से 8 मार्च 2025 तक विभिन्न तिथियों पर चंडीगढ़ और गुजरात में आयोजित किया जा रहा है। पंजाब की एथलेटिक्स और योगासन टीमों के चयन के लिए ट्रायल पोलो ग्राउंड पटियाला में 11 फरवरी को सुबह 11 बजे और तैराकी टीमों के चयन के लिए ट्रायल मल्टीपर्पज़ स्पोर्ट्स स्टेडियम सेक्टर 78 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) में 11 बजे आयोजित होंगे।

खेल विभाग के प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए कहा गया कि इन ट्रायल्स में सुरक्षा सेवाएं /अर्द्ध सैनिक बल/केंद्रीय पुलिस संस्थाएं/पुलिस/आरपीएफ/सीआईएसएफ/ बीएसएफ/आईटीबीपी और एनएसजी आदि के कर्मचारी, स्वायत्त पक्ष/ अंडरटेकिंग/ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक यहां तक कि केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा संचालित बैंक भी, कच्चे/दिहाड़ीदार मजदूर कर्मचारी, कार्यालयों में अस्थायी तौर पर काम करने वाले कर्मचारी, नए भर्ती हुए कर्मचारी, जो 6 महीने से कम समय से नियमित सेवाओं में काम कर रहे हैं, को छोड़कर बाकी विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी (नियमित) अपने विभागों से एन.ओ.सी. प्राप्त करने के बाद ही हिस्सा ले सकते हैं। इस टूर्नामेंट में आने/जाने, रहने और खाने-पीने के सभी खर्चों का भुगतान खिलाड़ी द्वारा व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा।

# ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के तहत पंजाब को 'बेस्ट स्टेट' और 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट' पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा

**चंडीगढ़, 31 जनवरी (अप्रस)।** ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के तहत पंजाब ने एक बार फिर प्रतिष्ठित 'बेस्ट स्टेट' और 'बेस्ट डिस्ट्रिक्ट' पुरस्कार प्राप्त कर पर्यावरण स्थिरता में नया मानक स्थापित किया है। यह पुरस्कार, जिसका श्रेय पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (पी.एस.सी.एस.टी.) और पंजाब के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विभाग को जाता है, 4 फरवरी को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सी.एस.ई.) द्वारा आयोजित 'ग्रीन स्कूल अवार्ड समारोह' के दौरान प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार स्कूल समुदायों के बीच पर्यावरण जागरूकता और स्थिरता को प्रोत्साहित करने में पंजाब के अनुकरणीय प्रयासों का परिणाम है, जो इस राष्ट्रव्यापी पहल में राज्य की भूमिका को और मजबूत करेगा। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सी.एस.ई.) के नेतृत्व में संचालित ग्रीन स्कूल प्रोग्राम एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य स्कूलों को पर्यावरण जागरूकता और स्थिरता के मॉडल के रूप में विकसित करना है। व्यापक पर्यावरण ऑडिट के माध्यम से स्कूलों द्वारा छह मुख्य क्षेत्रों में संसाधनों के प्रभावी उपयोग का मूल्यांकन किया जाता है, जिनमें वायु, ऊर्जा, भोजन, भूमि, पानी और अपशिष्ट प्रबंधन शामिल हैं। यह कार्यक्रम स्कूलों को पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने, संसाधनों के कुशल प्रबंधन और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए अधिक सशक्त बनाता है।

# गांव हुलका, खानपुर बंगर व अबरावां के निवासियों ने दशमेश नहर के निर्माण का किया विरोध

गांव के किसानों ने नहर के लिए जमीन न देने का किया ऐलान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 31 जनवरी।** पंजाब सरकार द्वारा प्रस्तावित दशमेश नहर के निर्माण को लेकर किए जा रहे सर्वेक्षण का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। आज गांव हुलका और खानपुर बंगर की ग्राम पंचायतों और निवासियों ने सर्वेक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों को साफ शब्दों में कह दिया कि वह नहर के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। इस मुद्दे पर जानकारी देते हुए ज़िला परिषद सदस्य खजान सिंह हुलका, सरपंच मनजीत सिंह, नंबरदार नछत्तर सिंह, गुरमेल सिंह, तारा सिंह फौजी, जसपाल सिंह, तरसेम लाल (पूर्व सरपंच, खानपुर बंगर), बहादुर सिंह, नंबरदार लखबीर सिंह, जगीर सिंह और गुरमेल सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि आज जब नहरी विभाग के अधिकारी गांव में रायशुमारी के लिए पहुंचे, तो ग्रामीणों ने नहर के लिए जमीन देने से साफ इनकार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि किसानों के पास पहले ही सीमित कृषि भूमि बची है और वह अपनी जमीन की सिंचाई के लिए लाखों रुपए खर्च कर गहरे ट्यूबवेल लगवा चुके है। इसके अलावा, पानी की कमी को पूरा करने के लिए वह पास से गुजरने वाले चंडीगढ़ चोए (छोटी नदी) पर निर्भर है। ऐसे में उन्हें नहरी पानी की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहर के लिए नहीं देंगे। इसके अलावा, दोनों गांवों के निवासियों ने ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि वह नहर के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे और इस प्रस्ताव को पंजाब सरकार और नहरी विभाग के अधिकारियों को भेजने का फैसला किया।

इसी तरह पास के गांव अबरावां के निवासियों ने दशमेश नहर के सर्वेक्षण का विरोध करते हुए ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाकर सरकार और नहरी विभाग को अपना विरोध दर्ज कराया। किसानों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर घोषणा की कि वे किसी भी कीमत पर नहर के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। इस मौके पर ग्राम सरपंच गुरचरण सिंह अबरावां, नंबरदार रजिंदर सिंह, पूर्व सरपंच साधू सिंह, अमरजीत सिंह, पूर्व पंच महिंदर सिंह, पंचायत सदस्य विक्रमजीत सिंह, सुरजीत सिंह जोनी, दयाल सिंह, हरिंदर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आज सरकार की ओर से दशमेश नहर का सर्वे किया गया, जिसका ग्राम सभा बुलाकर विरोध किया गया और सर्वसम्मति से नहर के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया।ग्राम सभा की आम बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इसे पंजाब सरकार और नहरी विभाग को भेज दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने नहरी विभाग द्वारा किए गए सर्वे के खिलाफ नारेबाजी भी की।

## पेज एक का शेष

### सामूहिक सामर्थ्य, नवान्वेषण...

मिशन मौसम से किसानों को फायदा हुआ: मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे हुए। 2000 करोड़ की लागत से हमने मिशन मौसम शुरू किया है। किसानों को फायदा होगा। अंबेडकर के विजन पर चलते हुए सूखा ग्रस्त इलाकों में सिंचाई और पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए परियोजनाएं शुरू की गई। 40 हजार करोड़ से ज्यादा केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की गई।

मोटे अनाज की खरीद पर खर्च हुई तीन गुना राशि: किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाने और आय बढ़ाने पर सरकार काम कर रही है। 332 मिलियन टन अनाज उत्पादन हुआ। खरीब-रबी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी की है। मोटे अनाज की खरीद पर तीन गुना राशि खर्च की गई है। 109 उन्नत प्रजातियां किसानों को सौंपी गई हैं, अच्छी उपज के लिए। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के दायरे को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य तेलों और तेंदू उत्पादन को बढ़ाने का काम किया गया। प्राकृतिक खेती केलिए राष्ट्रीय मिशन चलाया जा रहा है।

**10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर देश को नया आत्म विश्वास देता है। हमने कई माइल स्टोन खड़े किए हैं। 10 साल पहले बुनियादी ढांचे का बजट 2 लाख करोड़ था, अब यह 11 लाख करोड़ से ज्यादा है। डीप वाटर मेगा पोर्ट की बुनियाद रखी गई है। ये दुनिया का टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा। उधमपुर, श्रीनगर-बारमुला रेल योजना पूरी हो गई है। देश कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेललाइन से जुड़ जाएगा। विश्व का सबसे ऊंचा ब्रिज, रेल केबल ब्रिज बनाया गया है।

**विकसित भारत के लिए किसान, जवान, विज्ञान के साथ अनुसंधान का रोल:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए किसान, जवान, विज्ञान के साथ अनुसंधान का रोल है। 50 हजार करोड़ की लागत से नेशनल रिसर्च सेंटर बनाया गया है। 10 हजार करोड़ की लागत से विज्ञान और प्रोद्योगिकी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इंडिया एआई मिशन शुरू किया गया है।

**डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप, इनोवेशन में भारत आगे:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 10 साल में देश के हर बड़ प्रयास का दायित्व युवाओं को उठाना पड़ा है। वो हर फील्ड में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाएं आगे बढ़ रही हैं। युवाओं को इंटर्नशिप से ग्राउंड पर काम करने का मौका मिल रहा है। 1.5 लाख स्टार्टअप हैं, स्किल इंडेक्स में भारत विश्व में दूसरे नंबर पर है। एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी अपनाने के भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। इनोवेशन इंडेक्स में भारत की पोजिशन आगे बढ़ी है।

**महिलाएं उद्यमी बन रहीं, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन के लिए लोकसभा-विधानसभा में आरक्षण हमारा अहम कदम है। 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को 9 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। 1.15 करोड़ से ज्यादा ऐसी लखपति दीदी बन गई हैं। ये महिलाएं उद्यमी के रूप में काम कर रही हैं।

**जनभागीदारी ही आर्थिक उन्नति का रोड मैप :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि एक दशक के कार्यकाल में विकसित भारत की यात्रा नई ओर जाती है। जनभागीदारी ही आर्थिक उन्नति का रोड मैप है। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटाइजेशन इसका आधार हैं। सेवा-सुशासन-समृद्धि-स्वाभिमान हमारे केंद्र में हैं। मेरी सरकार का मंत्र है सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास। इसी पर हम काम कर रहे हैं। मेरी अंत्योदय की भावना है, जिसके लिए मेरी सरकार संकल्पित रही है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

**आवास, किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना से काफी लाभ मिला:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आवास के लिए हमने ठोस कदम उठाए हैं। पीएम आवास योजना को बढ़ाते हुए 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे, 5 लाख 36 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वामित्व योजना के तहत अब तक 2.25 करोड़ स्वामित्व कार्ड जारी किए। 70 लाख पिछले 6 महीने में लागू किए गए हैं। किसान सम्मान निधि के तहत 41 हजार करोड़ रुपए का भुगतान पिछले महीने किया गया है। आयुष्मान के अंतर्गत 70 और उससे ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को बीमा देने का फैसला लिया गया। छोटे उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा 5 लाख से 10 लाख कर दी गई है।

### दीनबंधु सर छोटूराम...

इसके अलावा, संस्था द्वारा रखी गई अन्य मांगों की फिजिबिलिटी चैक करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौ. छोटूराम का जीवन एक संदेश है कि अगर हम संकल्प लें और मेहनत करें, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। चौधरी छोटूराम बहुमुखी प्रतिभा , विचारशील, विवेक एवं सिद्धांतवादी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने गरीबों, दलितों, शोषितों एवं उपेक्षित लोगों के उत्थान एवं सम्मान के लिए जीवनभर लड़ाई लड़ी। गरीबों के सच्चे हमदर्द होने के कारण ही वे दीनबंधु कहलाए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि चौ. छोटूराम ने किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए जाट गजट अखबार भी शुरू किया था। चौधरी छोटूराम ने किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलवाने के लिए कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम बनवाया था। किसानों को कर्जों से मुक्ति दिलवाई और गिरवी रखी हुई जमीनें उन्हें वापस दिलवाई। चौधरी छोटूराम ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर भी बल दिया। भाखड़ा बांध परियोजना भी उन्ही की देन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लिए किसान, गरीब, नारी और युवा शक्ति को चार स्तंभ माना है। चौ. छोटूराम की किसान व मजदूर हितैषी नीतियों पर चलते हुए प्रदेश सरकार कृषि के विकास और किसानों की भलाई के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। हाल ही में, राज्य सरकार ने किसान हित में कदम उठाते हुए पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल करते हुए कृषि भूमि पट्टा एक्ट लागू करके पट्टेदारों को मालिकाना हक दिया है। सरकार फसल से लेकर बाजार तक जुड़ी सभी सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करवा रही है। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर 122 करोड़ रुपए का अनुदान प्रदान किया गया है। नायाब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में शत-प्रतिशत फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का फैसला किया है तथा 72 घंटे में फसल का भुगतान किसान के खाते में किया जा रहा है। प्रदेश के लगभग 12 लाख किसानों के खाते में एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए की राशि डाली गई है। खरीफ मौसम के दौरान कम बारिश की वजह से किसानों की लागत राशि को कम करने के उद्देश्य से किसानों को 2000 रुपए प्रति एकड़ सहायता राशि दी गई है। इसके तहत प्रदेश के किसानों को 1345 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि इनपुट आदान खरीदने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रुपए वार्षिक उपलब्ध करवाए जा रहे है। अब तक 18 किस्तों में प्रदेश के किसानों को 342 करोड़ रुपए तथा देशभर के किसानों को 6203 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे बागवानी फसलों को अपनाएं। सरकार द्वारा बागवानी को बढ़ावा देने के लिए करनाल जिला के उचानी में 65 एकड़ में 700 करोड़ रुपए की लागत से महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को नशे की लत से बचाने के लिए संकल्प लें। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जाट शिक्षण संस्था के प्रतिभावान खिलाड़ियों अर्जुन अवार्डी सरिता मोर, कॉमनवेल्थ खेलों में कांस्य पदक विजेता पूजा सिहाग, एनएसएस के राज्य स्तरीय अवार्डी जतिन मलिक, अंशु नांदल को सम्मानित किया।

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 428856 ਮਿਤੀ 07.01.2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 922 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./24-25/815), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਮਨਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਉਕਸੀ ਸੈਣੀਆਂ, ਪਟਿਆਲਾ, ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਵਰਨ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਗਾਜੀਪੁਰ ਜੱਟਾਂ, ਢਕੋਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ- ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ 1387, ਬਹੀ ਨੰ -4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 15.12.2021 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਵਰਨ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਗਾਜੀਪੁਰ ਜੱਟਾਂ, ਢਕੋਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਵੱਲੋਂ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 922 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ. /24- 25/815), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Deepak Kumar (HUF) S/o Ramesh Kumar R/o H.No. 458, Sector 38-A, Chandigarh ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 922 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./24-25/815), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ ( ਪ )
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9333

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 428860 ਮਿਤੀ 07.01.2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 921 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./24-25/814), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਮਨਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਉਕਸੀ ਸੈਣੀਆਂ, ਪਟਿਆਲਾ, ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਵਰਨ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਗਾਜੀਪੁਰ ਜੱਟਾਂ, ਢਕੋਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ 1387, ਬਹੀ ਨੰ -4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 15.12.2021 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਵਰਨ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਗਾਜੀਪੁਰ ਜੱਟਾਂ, ਢਕੋਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਵੱਲੋਂ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 921 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੂੰ ਐਲ.ਪੀ./24- 25/814), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ ੧੦੧-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Atul Mittal S/o Sat Narain Mittal R/o H.No. 1175/24, Jagdish Colony, Rohtak, Haryana ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 921 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੂੰ ਐਲ.ਪੀ./24- 25/814), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗ
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ )
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9333

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 427803 ਮਿਤੀ 24.12.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 449 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./451), ਮਿਤੀ 21.06.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸ਼ਸ਼ੀ ਕਿਰਨ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਚੰਦ ਸ੍ਰੀ ਜਗਤਾਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਘਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਧੁਰਾਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਐ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਅਜੈਬ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਖਾਨਪੁਰਾ ਬੀੜ, ਚੁੰਨੀ ਕਲਾਂ, ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2021-22/3/4/2070, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 07.03.2022 ਅਤੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2022-23/3/4/378, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 29.04.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਰੋਜ ਰਾਣੀ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਚੰਦ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਅਨਿਲ ਮਿੱਤਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਿਥਨ ਲਾਲ ਮਿੱਤਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 216, ਸੈਕਟਰ 80, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2021-22/3/4/2071, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 07.03.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਅਜੈਬ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਖਾਨਪੁਰਾ ਬੀੜ, ਚੁੰਨੀ ਕਲਾਂ, ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਅਨਿਲ ਮਿੱਤਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਿਥਨ ਲਾਲ ਮਿੱਤਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 216, ਸੈਕਟਰ 80, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 449 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./451), ਮਿਤੀ 21.06.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Fatehbir Singh Sidhu Singh S/o Maninder Singh Sidhu R/o Village Mehmud Khera, Sri Muktsar Sahib, Punjab ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 449 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./451), ਮਿਤੀ 21.06.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9334

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 422088 ਮਿਤੀ 05.11.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 450 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./452), ਮਿਤੀ 21.06.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸ਼ਸ਼ੀ ਕਿਰਨ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਚੰਦ, ਸ੍ਰੀ ਜਗਤਾਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਘਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਧੁਰਾਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਐ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਅਜੈਬ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਖਾਨਪੁਰਾ ਬੀੜ, ਚੁੰਨੀ ਕਲਾਂ, ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2021-22/3/4/2070, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 07.03.2022 ਅਤੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2022-23/3/4/378, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 29.04.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸਰੋਜ ਰਾਣੀ ਪੁੱਤਰੀ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਚੰਦ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਅਨਿਲ ਮਿੱਤਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਿਥਨ ਲਾਲ ਮਿੱਤਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 216, ਸੈਕਟਰ 80, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2021-22/3/4/2071, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 07.03.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਅਜੈਬ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਖਾਨਪੁਰਾ ਬੀੜ, ਚੁੰਨੀ ਕਲਾਂ, ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਅਨਿਲ ਮਿੱਤਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਿਥਨ ਲਾਲ ਮਿੱਤਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 216, ਸੈਕਟਰ 80, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 450 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./452), ਮਿਤੀ 21.06.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Surinder Singh S/o Bir Singh R/o House No. 150, Near Shiv Mandir, Sector 70, SAS Nagar ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 450 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./452), ਮਿਤੀ 21.06.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9334

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 425974 ਮਿਤੀ 11.12.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 940 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/975), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਤਰਲੋਚਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰਨੇਕ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਬਹਮਾਜਰਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ, ਪੰਜਾਬ 141401 ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਰਾਹੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਸਿੰਗਲਾ ਵਾਸੀ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਰੋਡ, ਓਪ ਐਸ.ਬੀ.ਆਈ. ਮੇਨ ਬਰਾਂਚ, ਮਾਨਸਾ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੰਤੋਖ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 13621, ਗਲੀ ਨੰ: 2, ਗਨੇਸ਼ ਨਗਰ, ਬਠਿੰਡਾ, ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 1522, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 31.08.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਰਾਹੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਸਿੰਗਲਾ ਵਾਸੀ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਰੋਡ, ਓਪ ਐਸ.ਬੀ.ਆਈ. ਮੇਨ ਬਰਾਂਚ, ਮਾਨਸਾ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੰਤੋਖ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 13621, ਗਲੀ ਨੰ: 2, ਗਨੇਸ਼ ਨਗਰ, ਬਠਿੰਡਾ, ਪੰਜਾਬ ਵੱਲੋਂ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 940 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/975), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਸ੍ਰੀ ਸਹਿਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 2857-ਸੀ, ਤੀਜੀ ਮੰਜਿਲ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਹਾਊਸਿੰਘ ਬੋਰਡ, ਸੈਕਟਰ 49, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 940 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/975), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9334

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 426255 ਮਿਤੀ 11.12.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 939 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/974), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਤਰਲੋਚਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰਨੇਕ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਬਹਮਾਜਰਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ, ਪੰਜਾਬ 141401 ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਰਾਹੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਸਿੰਗਲਾ ਵਾਸੀ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਰੋਡ, ਓਪ ਐਸ.ਬੀ.ਆਈ. ਮੇਨ ਬਰਾਂਚ, ਮਾਨਸਾ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੰਤੋਖ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 13621, ਗਲੀ ਨੰ: 2, ਗਨੇਸ਼ ਨਗਰ, ਬਠਿੰਡਾ, ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 1522, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 31.08.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਰਾਹੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਸਿੰਗਲਾ ਵਾਸੀ ਵਾਟਰ ਵਰਕਸ ਰੋਡ, ਓਪ ਐਸ.ਬੀ.ਆਈ. ਮੇਨ ਬਰਾਂਚ, ਮਾਨਸਾ ਪੰਜਾਬ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੰਤੋਖ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 13621, ਗਲੀ ਨੰ: 2, ਗਨੇਸ਼ ਨਗਰ, ਬਠਿੰਡਾ, ਪੰਜਾਬ ਵੱਲੋਂ ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 939 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/974), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਸ੍ਰੀ ਸਹਿਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 2857-ਸੀ, ਤੀਜੀ ਮੰਜਿਲ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਹਾਊਸਿੰਘ ਬੋਰਡ, ਸੈਕਟਰ 49, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 939 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/974), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9334

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 415601 ਮਿਤੀ 03.09.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 673 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./726), ਮਿਤੀ 07.03.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਅਮਰਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਬਚਨ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਮਨੌਲੀ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਜਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਕਸ਼ਮੀਰਾ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਰਾਏਪੁਰ ਖੁਰਦ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਰਾਜਿੰਦਰ ਮਾਨਕਟਾਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 298, ਫੇਜ-2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2022-23/3/4/491, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 09.05.2022 ਅਤੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2022-23/3/4/11, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 01.04.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਰਾਜਿੰਦਰ ਮਾਨਕਟਾਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 298, ਫੇਜ-2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 673 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./726), ਮਿਤੀ 07.03.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Dildeep Singh S/o Shamsher Singh R/o House No. 527, Sector 69, SAS Nagar ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 673 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./726), ਮਿਤੀ 07.03.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9331

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 428105 ਮਿਤੀ 31.12.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 938 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./961), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਹਰਭਜਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਲਾਭ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਸੈਣੀ ਮਾਜਰਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਜਸਪਾਲ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਕਰਨੈਲ ਸਿੰਘ ਪਿੰਡ ਚਾਚੂ ਮਾਜਰਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਵਿਵੇਕ ਗੁਪਤਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਮੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਗੁਪਤਾ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 42, ਐਨ.ਏ.ਸੀ. ਸਿਵਾਲਿਕ ਇਨਕਲੇਵ, ਮਨੀਮਾਜਰਾ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 2022-23/3/4/953, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 28.06.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਵਿਵੇਕ ਗੁਪਤਾ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਮੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਗੁਪਤਾ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 42, ਐਨ.ਏ.ਸੀ. ਸਿਵਾਲਿਕ ਇਨਕਲੇਵ, ਮਨੀਮਾਜਰਾ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਨੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 938 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./961), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Shiv Kumar Goyal S/o Gopi Ram R/o House No. 33, NAC, Shivalik Enclave, Manimajra, Chandigarh ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 938 (ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./961), ਮਿਤੀ 13.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।
AP-9331


हरियाणा सरकार
100 दिन
नॉन-स्टॉप काम
टॉप परिणाम
नियुक्ति पत्र
डबल इंजन हरियाणा सरकार
तिगुनी रफ्तार
सरकार गठन के साथ ही 27 हजार से ज्यादा युवाओं को बिना खर्ची- बिना पर्ची सरकारी नौकरी मिली है।
हरियाणा के गांवों में 250 नए इंडोर जिम खोले गए, हर गांव में जिम खोलने की योजना।
राज्य के अनुबंधित कर्मचारियों एवं विभिन्न कैटेगरी के अध्यापकों को सेवा सुरक्षा प्रदान की गई।
रिठाला से कुंडली तक नई मेट्रो।
"हमारी सरकार ने युवाओं को कौशल से लैस करके उन्हें मजबूत बनाने पर काम किया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और धन अर्जित कर सकें।"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

▲ अधिकतम 22 डिग्री से.
डिग्री से. 12 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 7.15 बजे
सूर्यास्त 5.57 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 83,170.00 |
| सेंसेक्स | 73,584.69 |
| अमेरिका | 86.61 |
| कैनेडियन | 60.10 |
| आस्ट्रेलिया | 53.92 |

# अनुभवहीन नेतृत्व बना 'आप' की हार का कारण, तीन बार क्रॉस वोटिंग से होती रही पराजय

2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को बनाया मेयर

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** नगर निगम के मेयर चुनाव में भाजपा की हरप्रीत कौर बबला ने कई वर्षों से चले आ रहे सूखे को समाप्त कर पार्टी को हरा भरा बना दिया। किंतु बहुमत में होते हुए भी गठबंधन की प्रत्याशी प्रेमलता को हार का मुंह देखना पड़ा। बता दें कि वर्ष 2022 में चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में राजनीतिक रूप से परिपक्व भाजपा और कांग्रेस पार्टी



को धत्ता बताते हुए शहर की जनता ने चंडीगढ़ में नवोदित आम आदमी पार्टी को उम्मीद से उलट सर्वाधिक सीटों पर जीत दिला कर सर आंखों पर बैठाया। पहली बार चुनाव लड़ रहे अनेकों गरीबों, अन्य निम्न मध्यम वर्गीय युवाओं को बड़ी आशाओं के साथ निगम सदन में बैठने का सौभाग्य दिया।

### केजरीवाल ने पढ़ाया था नैतिकता का पाठ

इस जीत का जश्न मनाने दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे थे। इस दौरान पूरे शहर में रैली निकाली गई और पार्षदों को नैतिकता, सेवा और ईमानदारी का पाठ पढ़ाया गया। इसके साथ ही चंडीगढ़ के नागरिकों को अपने पार्षदों और पर्टी की तरफ से ईमानदार और सेवापूर्ण राजनीति का आश्वासन भी दिया गया।

### चाणक्य की कमी

किंतु दुर्भाग्यवश पार्टी को पक्के तौर पर कोई प्रभावी राजनीतिक 'चाणक्य' रूपी नेता नहीं मिला। इसके परिणामस्वरूप आम आदमी पार्टी बेलगाम घोड़े की तरह अप्रभावी लोगों के हाथों में आती-जाती रही। परिणामस्वरूप चंडीगढ़ में मेयर के प्रथम चुनाव से ही पार्टी के पार्षदों ने खरीद-फरोख्त का हिस्सा बनते हुए क्रॉस वोटिंग की और पार्टी कांग्रेस से गठबंधन के बाद भी मेयर बनने से वंचित हो गई।

### मामलों को गंभीरता से नहीं लिया

जरनैल सिंह, प्रेम गर्ग, एस.एस. आहलूवालिया सहित पार्टी हाईकमान ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई, जिसके चलते पार्टी की काली भेड़ों पर कोई प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हुई। इसका आम लोगों में गलत संदेश गया। 2024 के मेयर चुनाव में भी पर्यवेक्षक की गलती और सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले से मेयर की कुर्सी बचा ली गई और कुलदीप कुमार मेयर बने।

### अनुभवी नेताओं का अभाव

बता दें कि चंडीगढ़ आम आदमी पार्टी में दबंग और अनुभवी नेताओं का सदैव अभाव रहा है। कभी भी अपनी गलतियों से सीख लेने का प्रयास भी नहीं किया गया। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष और पर्यवेक्षक सभी निष्प्रभावी रहे हैं। अपने पार्षदों और कार्यकर्ताओं पर पकड़ बनाने में असफल रहे हैं। अब जब पार्टी का पुनर्गठन हुआ है तो एक बार फिर गैर राजनीतिक बैकग्राउंड के विजय पाल सिंह को पार्टी की कमान सौंप दी गई। नतीजा वही 'ढाक के तीन पात' वाली कहावत को चरितार्थ करने वाला साबित हुआ। नये नेतृत्व से नाराज पार्षदों ने पाला बदल लिया और एक बार फिर मेयर की कुर्सी बहुमत के बावजूद हाथ से निकल गई। इसके चलते चंडीगढ़ में बेहतरीन शुरुआत करने वाली आम आदमी पार्टी का बंटाधार हो गया।

### चुनाव परिणामों पर गंभीरता से चर्चा करेंगे: डॉ. आहलूवालिया



चंडीगढ़ के आम आदमी पार्टी प्रभारी डॉ. एस.एस. आहलूवालिया का कहना है कि संख्या बल में कम होने के बावजूद भाजपा ने मेयर चुनाव जीत लिया, किंतु आप-कांग्रेस गठबंधन में बहुमत होने के बाद पार्टी को मेयर सीट से वंचित होना पड़ा है। इस पर कुछ व कुछ गड़बड़ तो हुई है। इसकी समीक्षा होगी। कांग्रेस को सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर की सीट मिल गई, किंतु आप का मेयर प्रत्याशी पराजित हो गया। इसकी भी जांच और मंथन किया जायेगा। किंतु अभी समय लगेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निगम कर्मी से रास्ता पूछने के बहाने पर्स छीन कर आरोपी फरार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 34 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत मोटर साइकिल पर सवार तीन शातिर आरोपी नगर निगम चंडीगढ़ में काम करने वाले कर्मी का पर्स छीन कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 22 के रहने वाले मनीष कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ रहता है। और चंडीगढ़ नगर निगम में काम करता है।वह सैक्टर 33 स्थित सत्संग में आता है। वीरवार रात को भी वह सत्संग से बाद में वापिस अपने घर साइकिल पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही वह सैक्टर 33 स्थित बस स्टॉप के पास पहुंचा तो इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक अंधेरे में पहले से हीं खड़े थे।जब उनके पास पहुंचे तो उन्होंने सैक्टर 34 जाने का रास्ता पूछा। तो बाइक के पीछे बैठे युवक ने साइकिल सवार का पर्स निकाल लिया। जब उसने विरोध किया तो दोनों जबरदस्ती से उसका पर्स छीन कर फरार हो गए।पर्स में ड्राइविंग लाइसेंस,एटीएम कार्ड,1200 रुपए की नकदी थी। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात बाइक सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सेवा मिशन आज पीजीआई को भेंट करेगा एंबुलेंस

**चंडीगढ़, (अप्रस)।** एनजीओ सेवा मिशन की तरफ से शनिवार को एंबुलेंस भेंट की जाएगी। मिशन की प्रेसिडेंट प्रिया जैन ने बताया कि मिशन की ओर से परोपकार की भावना से कई सेवा कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में मिशन मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवा सुचारू बनाए रखने में सहयोग करते हुए कल एंबुलेंस भेंट की जाएगी। एंबुलेंस लांच कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9.45 बजे रोटरी सराय में होगा।

### राष्ट्रीय जूनियर नेटबॉल की 2 चैंपियनशिप फरवरी में और 1 मार्च को होगी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** नेटटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएफआई) ने फरवरी महीने के दौरान दो और मार्च के पहले सप्ताह के दौरान एक जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) आयोजित कराने का निर्णय लिया है। 37वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 (लड़के और लड़कियां) 23 से 26 फरवरी तक श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलिंगा, भवानी, हरियाणा में आयोजित होगी। तीसरी फास्ट-5 जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 (लड़के और लड़कियां) 26 से 28 फरवरी 2025 तक श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलिंगा, भवानी, हरियाणा में आयोजित होगी।प्रथम जूनियर नेशनल मिक्स्ड नेटबॉल चैंपियनशिप 2024-25 श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलिंगा, भवानी, हरियाणा में 1 मार्च से 2 मार्च 2025 तक आयोजित होगी। एनएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त पंजाब प्रांत की खेल संस्था नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन रजि. पंजाब ने अपने खिलाड़ियों को तीनों राष्ट्रीय चैंपियनशिपों में भेजने के लिए 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे के समय मल्टीपर्पज स्कूल, पटियाला में ट्रायल रखें हैं। जहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन नेश्नल नेटबॉल चैंपियनशिपों के लिए किया जाएगा। यह जानकारी नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन (रजि.) पंजाब की संयुक्त सचिवा पलवी राणा और राष्ट्रीय नेटबॉल कोच खुशदीप सिंह ने दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही ट्रायल में भाग ले सकेंगे। नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन पंजाब ने जहां खिलाड़ियों से संबंधित दस्तावेज लाने की अपील की है, वहीं खिलाड़ियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, ताकि खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# फर्जी एनकाउंटर केस में 2 पूर्व पुलिसकर्मी दोषी

## मोहाली सीबीआई कोर्ट 4 फरवरी को सुनाएगी सजा; आर्मी जवान और नाबालिग को मारा था

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू की जांच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 31 जनवरी।** पंजाब के अमृतसर जिले में 1992 में दो लोगों के फर्जी एनकाउंटर से जुड़े मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने दो पूर्व पुलिस मुलाजिमों को दोषी ठहराया है। दोषियों में पुरुषोत्तम सिंह तत्कालीन थानेदार मजीठा और एसआई गुरभिंदर सिंह शामिल हैं। उन्हें हत्या व साजिश रचने के आरोप में दोषी करार दिया गया है। दोषियों को सजा 4 फरवरी को सुनाई जाएगी। जबकि इंस्पेक्टर चमन लाल और डीएसपी एसएस सिद्धू को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

हालांकि उस समय वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दावा किया गया था कि उक्त दोनों कट्टर आतंकवादी थे, जिन पर इमाम घोषित था । वे हत्या, जबरन वसूली, डकैती आदि के सैकड़ों मामलों में शामिल थे। हरभजन सिंह उर्फ शिंदी यानी पंजाब की बेअंत सिंह सरकार में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री गुरमेज सिंह के बेटे की हत्या भी शामिल था। हालांकि असल में इनमें एक आर्मी का जवान और दूसरा 16 साल का नाबालिग था।

इस मामले की जांच सीबीआई ने 1995 ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू की थी। सीबीआई की जांच में सामने आया कि बलदेव सिंह उर्फ देबा को 6 अगस्त 1992 एसआई मोहिंदर सिंह और हरभजन सिंह, तत्कालीन एसएचओ पीएस छेहरटा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने गांव बसेरके भैनी में उसके घर से उठाया था। इसी तरह लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा फोर्ड निवासी गांव सुल्तानविंड को भी 12 सितंबर 1992 को प्रीत नगर अमृतसर में उसके किराए के घर से कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के साथ पकड़ा गया था, जिसका नेतृत्व एसआई गुरभिंदर सिंह, तत्कालीन एसएचओ पीएस मजीठा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने किया था, लेकिन बाद में कुलवंत सिंह को छोड़ दिया गया था।



### सीबीआई जांच में पुलिस की कहानी पड़ गई झूठी

जांच के दौरान, सीबीआई ने पाया कि पुलिस स्टेशन छेहरटा की पुलिस ने मंत्री के बेटे की हत्या के मामले में देबा और लक्खा को झूठा फंसाया। जिसकी हत्या 23.7.1992 को हुई थी और उसके बाद 12.9.1992 को छेहरटा पुलिस ने उस हत्या के मामले में बलदेव सिंह उर्फ देबा की गिरफ्तारी दिखाई थी और 13.9.1992 को दोनों मारे गए और पुलिस ने कहानी गढ़ी कि हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के लिए बलदेव सिंह उर्फ देबा को गांव संसारा के पास ले जाते समय आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें बलदेव सिंह उर्फ देबा और एक हमलावर मारा गया, जिसकी बाद में पहचान लखविंदर सिंह उर्फ लक्खा उर्फ फोर्ड के रूप में हुई। सीबीआई ने निष्कर्ष निकाला कि दोनों को उठाया गया, अवैध हिरासत में रखा गया और फिर फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया।

### फौजी छुट्टी पर घर आया हुआ था

मृतसर जिले के भैणी बासकरे के फौजी जवान बलदेव सिंह देवा को जब वह छुट्टी आया हुआ था। पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में ले लिया था। इसके बाद झूठा पुलिस मुकाबला दिखाकर उसकी हत्या कर दी थी। दूसरा मामला 16 साल के नाबालिग लखविदंर सिंह की हत्या से जुड़ा हुआ था। उसे भी इसी भी तरह घर से उठाकर मारा था। लेकिन इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। काफी समय तक परिवार वाले उनकी तलाश करते रहे। उन्होंने इस मामले में अदालत तक जंग लड़ी। इसके बाद इन मामलों की जांच पर पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

### पोस्टमार्टम से भी पुलिस का झूठा आया सामना

सीबीआई ने यह भी पाया कि पुलिस द्वारा दिखाए गई मुठभेड़ की कथित घटना पर पुलिस वाहनों के दौरे के बारे में लॉग बुक में कोई प्रविष्टि नहीं थी। यहां तक कि पुलिस ने यह भी दिखाया कि मुठभेड़ के दौरान मारे गए अज्ञात हमलावर आतंकवादी की पहचान घायल बलदेव सिंह देबा ने की थी, । हालांकि देबा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी तुरंत मृत्यु हो गई थी, इसलिए उसके द्वारा पहचान की दलील नहीं उठती।

### 32 गवाहों से 19 की हो चुकी है मौत

30.8.1999 को सीबीआई ने एसएस सिद्धू, हरभजन सिंह, मोहिंदर सिंह, पुरुषोत्तम लाल, चमन लाल, गुरभिंदर सिंह, मोहन सिंह, पुरुषोत्तम सिंह और जस्सा सिंह के खिलाफ अपहरण, आपराधिक साजिश, हत्या, झूठे रिकॉर्ड तैयार करने के लिए चार्जशीट दायर की। लेकिन गवाहों के बयान 2022 के बाद दर्ज किए गए। क्योंकि इस अवधि के दौरान उच्च न्यायालयों के आदेशों पर मामला स्थगित रहा। पीड़ित परिवार के वकील सरबजीत सिंह वेरका ने कहा कि हालांकि सीबीआई ने इस मामले में 37 गवाहों का हवाला दिया था, लेकिन मुकदमे के दौरान केवल 19 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं क्योंकि सीबीआई द्वारा उद्धृत अधिकांश गवाहों की देरी से सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी और अंत में घटना के 32 साल बाद न्याय मिला है। इसी तरह इस विलंबित मुकदमे के दौरान, आरोपी हरभजन सिंह, मोहिंदर सिंह, पुरुषोत्तम लाल, मोहन सिंह और जस्सा सिंह की भी मृत्यु हो गई थी और आरोपी एसएस सिद्धू तत्कालीन डीएसपी, अमृतसर, चमन लाल तत्कालीन सीआईए इंचार्ज, अमृतसर, गुरभिंदर सिंह तत्कालीन एसएचओ पीएस मजीठा और एएसआई पुरुषोत्तम सिंह ने इस मामले में मुकदमे का सामना किया।

# 3 साल के मासूम को सिगरेट से दागने वाला आरोपी काबू, 1 दिन के रिमांड पर भेजा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 31 जनवरी।** सेक्टर 17 से सटी राजीव कॉलोनी में 3 साल के बच्चे को सिगरेट व लाइटर से जलाने के मामले में पुलिस थाना सेक्टर-14 प्रभारी सब इंस्पेक्टर विजय कुमार व पुलिस चौकी इंचार्ज सेक्टर-16 उप निरीक्षक मान सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी गोविंदा को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-14 में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 75 व भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस को आरोपी की तलाश थी। आरोपी को जिला अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करेगी।

गत 20 जनवरी को पंचकूला में यह दिल दहलाने वाला मामला सामने आया था। एक दिल दहलाने वाला मामला आया सामने। जिसमें आरोपी ने 3 साल के बच्चे को सिगरेट और बीड़ियों से जलने की कोशिश की। सेक्टर 17 की राजीव कॉलोनी के रहने वाले राजा राम ने बताया कि वह मजदूर मिस्त्री का काम करता है। पहले उसके 3 साल के बच्चे का अपहरण किया। अपहरण करने के बाद उसको तांबे की तारों से बांधा गया। फिर बच्चे को बीड़ी और सिगरेटों से जलाने की कोशिश की। जब उन युवकों का मन नहीं भरा तो बच्चे के ऊपर गैस वाले लाइटर से दागने की भी कोशिश की गई। बच्चे के पिता राजा राम ने बताया। कि आरोपी युवक सभी सेक्टर 17 की राजीव कॉलोनी में नशे का कारोबार करते हैं। बताया जा रहा है कि कॉलोनी के रहने वाले गोविंदा नामक युवक ने अपने दोस्तों के साथ ड्रग्स का नशा करके यह सभी घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद से बच्चा इतना डरा हुआ था कि वह 2 दिन तक सहमा हुआ रोता। बच्चे के परिवार वाले कॉलोनी के पार्षद दलवीर वाल्मीकि से मिले थे।

# तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति जख्मी, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** थाना 34 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत में काम खत्म कर घर जा रहे। एक व्यक्ति पर अज्ञात आरोपियो ने तेजधार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 45 बुडैल के रहने वाले राजीव ने पुलिस को बताया कि अपने परिवार सहित रहता है।और सेक्टर 37 स्थित मैनेजर के पद पर काम करता है। 29/30 जनवरी की रात करीब साढ़े 12 बजे अपना काम खत्म कर बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था।जैसे ही वह सैक्टर 45 स्थित फर्नीचर शॉप के पास पहुंचा तो पीड़ित का भाई भी उसे मिल गया। उसका भाई भी उसके साथ चलने लगा।जो कि पीड़ित ने अपनी मोटर साइकिल धीरे धीरे कर ली थी। इसी दौरान 4/5 युवक जो कि रास्ते में चल रहे थे।

पीड़ित ने रास्ते से हटने के लिए हॉर्न बजाया।नहीं हटे तो फिर आवाज लगाकर उनको पीछे हटने के लिए बोला तो आरोपी युवकों ने पीड़ित और उसके भाई का रास्ता रोक लिया। गालियां देने लगे और बोले कि वह कोई दादा है। रास्ता देगे। इतने में पीड़ित के भाई को गाली गलौज करने लगे। पीड़ित मोटर साइकिल को रोककर नीचे उतर गया। आरोपी उन्हें गालियां देने लगे। इतने में आरोपियों ने तेजधार निकाला और पीड़ित पर हमला कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को ईलाज के लिए सेक्टर सेक्टर 32 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां उसका इलाज चल रहा है।

वही पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक का शव मिलने से हड़कप, गला बुरी तरह से रेत रखा था, पुलिस जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** शुक्रवार सुबह खुडा लाहौरा एग्रीकल्चर जमीन के पास उस वक्त हड़कंप मच गया। जब खून से लथपथ एक युवक का शव मिला। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे किसी राहगीर ने देखा कि नया गांव को जाने वाले रास्ते खुडा लाहौरा के एग्रीकल्चर जमीन के पास खून से लथपथ जिसकी गर्दन के पास तेजधार हथियार से रेता हुआ है। शव पड़ा है। पुलिस के मुताबिक जिसकी पहचान जनता कॉलोनी के रहने वाले 40 वर्षीय जियाउर के रूप में हुई है।जो कि शादी समारोह में वेटर का काम करता था।

मामले की सूचना पाते ही चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।और घटनास्थल का मुआयाना किया। पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। मृतक युवक के हाथ में तेजधार हथियार भी पकड़ा था। यह तेजधार हथियार से आत्महत्या या हत्या है। पुलिस इसकी पूरी तरह से जांच पड़ताल कर रही है। क्योंकि जब मृतक घर से निकला था तो उस वक्त वह नंगे पांव था।

### संदिग्ध हालात में युवती सुखना लेक में कूदी

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। शुक्रवार अल सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया। जब लेक में एक युवती का संदिग्ध हालात में पानी में तैरता हुआ शव मिला। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मस्कत करने के बाद शव को पानी से बाहर निकाला।और तुरंत उसे सैक्टर 16 के स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान 20 वर्षीय एक युवती के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला कि युवती वीरवार देर रात लेक पर आई।और कूद गई। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने शुक्रवार अल सुबह करीब 5 बजे युवती का शव लेक से निकाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल में जुट गई है।

# शहर में चोरों का आतंक : शातिर चोरों ने 5 अलग अलग घरों से ज्वैलरी व नकदी चुराई

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** शहर में शातिर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए और बेखौफ होकर थाना इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र एरिया के अंतर्गत 5 अलग अलग घरों को अपना निशाना बनाते हुए घरों से नकदी और ज्वैलरी लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 30 निवासी नवरंग ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन अस्पताल में जॉब करती है। वीरवार को उसकी नाइट ड्यूटी थी।वह अपनी ड्यूटी पर चलेगी। जबकि उसकी मां घर को ताला लगाकर अपने छोटे बेटे के घर चले गई। शुक्रवार को सुबह 7 बजे उन्हें पता चला कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। सारा सामान बिखरा हुआ है। घर से भारी मात्रा









में गोल्ड चांदी और लाखो रुपए की नकदी गायब थी। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

दूसरे मामले में प्रीतम सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका सैक्टर 30 में आमने सामने घर है। उनका बेटा परमजीय किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। बेटे की पत्नी घर को ताला लगाकर सोने के लिए दूसरे घर में आ गई। सुबह पता चला कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है।और सारा सामान बिखरा हुआ है।घर से 45 हजार रुपए की नकदी,एक किटी सेट,दो सेट टॉप्स,दो सेट बच्चों के चांदी के कड़े, गायब थे। जिसके चलते घर में हड़कप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

जबकि तीसरे मामले में शिकायतकर्ता केदारनाथ ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से बाहर थे।कोई अज्ञात उनके घर का ताला तोड़कर घर से दो सोने की अंगूठी,तीन चांदी के सिक्के और 10 हजार रुपए की नकदी चोरी कर फरार हो गया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी।

इसी प्रकार चौथे मामले में सैक्टर 30 के घर को यहां चोरों ने अपना निशाना बनाया है। पीड़ित परिवार उस वक्त घर में नहीं था। परिवार किसी काम से बाहर था। चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर से सामान चोरी किया है।शिकायतकर्ता के आने के बाद ही क्या सामान चोरी हुआ पता चल पाएगा।

पांचवे मामले में सैक्टर 30 के इस घर का परिवार बाहर था।घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के आने के बाद ही क्या सामान चोरी हुआ।पता चल पाएगा। जानकारी के मुताबिक शातिर चोरों ने जिन पांच अलग अलग घरों को जो अपना निशाना बनाया है।यह सभी घर सेक्टर 30 में आसपास है। मामले की सूचना पाते ही थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच, डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल की टीमें मौके पर पहुंची थीं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

### तीन और जगहों से ज्वैलरी व नकदी लेकर फरार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** यूटी पुलिस ने अलग अलग तीन जगहों पर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 41 निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वीरवार को कोई अज्ञात घर में घुस कर घर से दो गोल्ड बैंगल्स दो गोल्ड इयररिंग और 25 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गया। जब पीड़िता को मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 41 निवासी दिनेश ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात उनके घर से दो गोल्ड बैंगल्स,एक गोल्ड सेट,एक गोल्ड चैन,दो मंगल सूत्र, तीन गोल्ड इयररिंग,और एक डायमंड रिंग दो गोल्ड पेडल और चार डायमंड इयररिंग और 10 हजार रुपए की नगदी चोरी कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना 39 पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तीसरे मामले में जानकारी के मुताबिक मणिमाजरा की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से सैक्टर 11 में आई थी। उन्होंने कार सेक्टर 11 स्थित एक शॉप के पास लगा दी। जब वह कुछ समय बाद वापिस आई तो देखा कि उसकी कार से पर्स गायब था। पर्स में गोल्ड टॉप्स, स्पॉटिंग चैन, एप्पल फोन, बीपी मशीन और 4 हजार रुपए की नकदी गायब थी। जिसकी सूचना तुरंत थाना 11 पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सम्पादकीय

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की स्वीकारोक्ति से बदलेंगे हालात

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की यह स्वीकारोक्ति उचित ही है कि अगर कांग्रेस ने दलितों-पिछड़ों की सहायता करने के साथ उनका भरोसा कायम रखा होता तो आज हालात कुछ और होते। उनका तर्क है कि ऐसा हुआ होता तो भाजपा आज सत्ता में नहीं होती। दरअसल, इसके व्यापक सबूत हैं कि कांग्रेस ने उन सरोकारों को समय के साथ पीछे छोड़ दिया, जिनके लिए वह जानी जाती थी। पार्टी ने एक नहीं अपितु अनेक ऐसी ऐतिहासिक त्रुटियां की हैं, जिनकी बदौलत अनेक राजनीतिक दलों को बढ़त मिली। कांग्रेस क्या इससे इनकार करेगी कि आम आदमी पार्टी का जन्म और उसका विकास कांग्रेस के घटते कद की वजह से हुआ। बेशक, दूसरे राजनीतिक दलों ने भी कांग्रेस की कमियों को अपना हथियार बनाया और खुद को विकसित करते गई। आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं तो समझा जाना चाहिए कि पार्टी अपने खो चुके आधार को वापस लाने के लिए कुछ जत्न करेगी। राहुल गांधी ने यह भी कहा है कि एकबार कांग्रेस पार्टी का मूल आधार वापस आया तो सत्ताधारी राजनीतिक दल को जाते देर नहीं लगेगी। हालांकि सवाल यही है कि आखिर कांग्रेस यह सब कैसे करेगी, बीते वर्षों में उसके अनेक नेता दिशाहीनता की वजह से पार्टी से दूर जा चुके हैं। वहीं राज्यों में बैठे दलित नेताओं का भी पार्टी सम्मान नहीं रख पा रही। क्या दिल्ली में बैठ कर इस तरह की बातें करने से कांग्रेस का मूल आधार सच में वापस मिल सकता है।

**राहुल गांधी का कहना है कि नब्बे के दशक में कांग्रेस ने दलित और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करते हुए उनकी उस तरह संभाल नहीं की, जैसे इसे करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी सच्चाई पार्टी से छिपी नहीं है, लेकिन इस गलती को स्वीकार करना होगा। वास्तव में कांग्रेस को अनेक ऐसी गलतियों को स्वीकार करके उन्हें दुरुस्त करने की जरूरत है। देश की जनता जानती है कि कांग्रेस का अस्तित्व उसके लिए कितना आवश्यक है। आखिर इससे कौन इनकार करेगा कि लोकतंत्र में बहुदलों की मौजूदगी जरूरी है। लेकिन अगर कांग्रेस ने अपने चाल, चरित्र और चेहरे में स्वीकार्यता लाने की कोशिश नहीं की तो इसके लिए जनता को जिम्मेदार क्यों ठहराया जा रहा है।**

राहुल गांधी का कहना है कि नब्बे के दशक में कांग्रेस ने दलित और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करते हुए उनकी उस तरह संभाल नहीं की, जैसे इसे करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी सच्चाई पार्टी से छिपी नहीं है, लेकिन इस गलती को स्वीकार करना होगा। वास्तव में कांग्रेस को अनेक ऐसी गलतियों को स्वीकार करके उन्हें दुरुस्त करने की जरूरत है। देश की जनता जानती है कि कांग्रेस का अस्तित्व उसके लिए कितना आवश्यक है। आखिर इससे कौन इनकार करेगा कि लोकतंत्र में बहुदलों की मौजूदगी जरूरी है। लेकिन अगर कांग्रेस ने अपने चाल, चरित्र और चेहरे में स्वीकार्यता लाने की कोशिश नहीं की तो इसके लिए जनता को जिम्मेदार क्यों ठहराया जा रहा है। चुनाव में अगर मतदाता कांग्रेस पर इतना भरोसा नहीं दिखा पाता तो इसके लिए क्या मतदाता जिम्मेदार है। नहीं इसके लिए कांग्रेस खुद जिम्मेदार है। राहुल गांधी की बात को कांग्रेस जन स्वीकार करते हैं, लेकिन क्या यह भी जरूरी नहीं है कि उनकी बात पर अमल भी हो। हरियाणा लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान सभी ने देखा है कि पार्टी ने अपने दलित नेताओं की उपेक्षा की और उन्हें अपमानित भी किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार की वजह दलित महिला नेता का उपहास और अपमान रहा। पार्टी के विरोधियों ने इसका भरपूर फायदा उठाया लेकिन कांग्रेस ने खुद को बदलने की जरूरत नहीं समझी। सफेद कपड़ों में राजनीति का रंग स्याह होता है और यहां तमाम संवेदनाएं मर जाती हैं। राहुल गांधी आज इस भूल को स्वीकार कर रहे हैं तो यह उन सभी नेताओं को भी स्वीकार करनी चाहिए जोकि पार्टी के कर्णधार होने का दावा करते हैं।

देश में जातीय राजनीति कभी खत्म होने वाली नहीं है। कांग्रेस ने दलित और पिछड़ों के हित की सोची लेकिन यह भी सच है कि पार्टी ने इन वर्गों को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। कांग्रेस का यह मानना रहा है कि ये वर्ग उसके फिक्स डिपोजिट हैं, जो उससे कहीं नहीं जाने वाले। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संसद में ताल ठोकते हुए कहा था कि कांग्रेस की सरकार आने पर देश में जातिगत जनगणना कराई जाएगी। संसद में उन्होंने उन अधिकारियों की फोटो दिखाते हुए पूछा था कि इनमें कोई भी एससी/एसटी या ओबीसी वर्ग से नहीं है। दरअसल, कांग्रेस के लिए यह आवश्यक है कि वह रचनात्मक राजनीति को आगे लेकर जाए। नेता विपक्ष राहुल गांधी की अनेक टिप्पणियां पार्टी के लिए व्यवधान खड़े करती है। अगर पार्टी फिर से देश की सत्ता में लौटने की इच्छा रखती है तो उसे यह साबित करना होगा। यह भी जरूरी है कि पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़े और किसी वर्ग विशेष को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल न करे। वहीं यह भी जरूरी है कि पार्टी में अपने दलित और पिछड़ा वर्ग के नेताओं को उनका यथोचित सम्मान प्रदान करे।

# मैं क्या हूं?

दैनिक अर्थ प्रकाश

स्पिरिचुअल हीलर
सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण
गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक



विज्ञान और अध्यात्म दोनों विचारों की सत्ता को स्वीकार करते हैं। इस मुद्दे पर दोनों एकमत हैं। विचार एक शक्तिशाली हथियार है। यह हमें सीमित भी कर सकता है और असीमित भी। एक उदाहरण से इसे बेहतर समझाजा सकता है। मान लीजिए एक व्यक्ति सड़क पर धीरे-धीरे चलता हुआ आ रहा है। वह बूढ़ा है, कमज़ोर है और उसके सिर पर एक भारी गट्ठर है। वह मुश्किल से चल पा रहा है, पर वह सड़क के बीचो-बीच चल रहा है। तभी पीछे से एक बस आई, अचानक बस के ड्राइवर ने उस बुज़ुर्ग को देखा, तेज़ी से ब्रेक लगाई और हार्न भी बजाया। ब्रेक लगने के कारण बस के घिसटने की आवाज़ और हार्न की आवाज़ के कारण बुज़ुर्ग ने पीछे मुड.कर देखा, बस को अपनी ओर लपकता देखकर उसे अहसास हुआ कि उसकी जान को खतरा है और वह बुज़ुर्ग जो बड़ी मुश्किल से चल पा रहा था अचानक कूद कर सड़क के किनारे हो जाता है। सवाल यह है कि जो व्यक्ति चलने में भी दिक्कत महसूस कर रहा था, उसमें अचानक इतनी ताकत कहां से आ गई कि वह अपने सिर के गट्ठर सहित छलांग लगा सका?

दरअसल, मस्तिष्क का एक हिस्सा होता है जिसको ''लिंबिकसिस्टम'' कहा जाता है। अचानक जान का खतरा होने पर यह हमें चौकन्ना कर देता है। जब लिंबिकसिस्टम हरकत में आता है तो हम प्रतिक्रिया करते हैं। इस लिंबिकसिस्टम में एक तरह का स्विच होता है जो अचानक शरीर में ढेर सारी ऐड्रेनिलीन प्रवाहित कर देता है। ऐड्रेनिली न के प्रवाह से मिली यह अतिरिक्त ऊर्जा ही किसी बूढ़े और कमज़ोर व्यक्ति को भी कूदने की शक्ति दे देती है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ हम यह सोचने लगते हैं कि मैं बूढ़ा हो गया हूं, मैं कमज़ोर हो गया हूं, मैं अब तेज़ नहीं चल सकता, वगैरह-वगैरह। इस सोच का ही असर होता है कि हम खुद को बूढ़ा और कमज़ोर महसूस करते हैं और उसी तरह से व्यवहार करते हैं। लेकिन जब जान पर अचानक खतराबना तो सोचने-समझने का वक्त ही नहीं था, हमारी रोज़ की सोच हम पर हावी होती उससे पहले ही लिंबिकसिस्टम ने अपना काम किया, ऊर्जा मिली और हमने छलांग लगा दी। अगर उस वक्त भी हम पर अपना यह विचार हावी होता कि हम बूढ़े और कमज़ोर हैं तो न तो लिंबिकसिस्टम का स्विच काम करता, न ऊर्जा मिलती, और हम छलांग भी न लगा पाते। इसीलिए यह कहा जाता है कि विचार एक शक्तिशाली हथियार है, यह हमें सीमित भी कर सकता है और असीमित भी।

विचारों की शक्ति को हम अगर समझ जाएं तो हम अपना जीवन बदल भी सकते हैं। स्पिरिचुअलहीलिंग के वक्त अपने पास आने वाले लोगों के साथ मैं अक्सर इस नियम का प्रयोग करना सिखाता हूं। एक उदाहरण से इसे आसानी से समझाजा सकता है। हम अगर खुद से पूछें कि हम क्या हैं तो अक्सर हमारा जवाब ऐसा होगा जो हमारे पेशागत जीवन के बारे में बताता है। कोई कहेगा कि मैं एक अध्यापक हूं, कोई खुद को व्यवसायी बताएगा, कोई दूसरा नौकरी में अपने पद के बारे में बताएगा, कोई कहेगा कि मैं कलाकार हूं, कोई खुद को खिलाड़ी बताएगा, वगैरह-वगैरह। जब कोई मुझे कहता हैकि मैं एक अध्यापक हूं तो मैं उन्हें कहता हूं कि भविष्य में वे अपना परिचय देते समय सिर्फ ये न कहें कि मैं एक अध्याप कहूं, बल्कि ये कहें कि मैं एक अध्यापक हूं और मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मेरे विद्यार्थी मेरे द्वारा पढ़ाये गये पाठ को अच्छी तरह से समझें और अच्छी आदतों को जीवन में उतारें। अगर मैं व्यवसायी हूं तो मैं कह सकता हूं कि मैं एक व्यवसायी हूं और मैं अपने ग्राहकों को पूरा सामान देता हूं, बढ़िया सेवा और बढ़िया सामान देता हूं और उस सेवा या सामान के बारे में सारी जानकारी भी खुलकर देता हूं। अपने परिचय में यह जोड़ लेने का लाभ यह होता है कि हम जो कह रहे हैं, बार-बार कह रहे हैं वह हमारे कामों में उतर आता है, वह हमारी आदत बन जाता है और धीरे-धीरे वह हमारा



चरित्रबन जाता है।

यहां एक और महत्वपूर्ण तथ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक है। अगर मैं एक अध्यापक हूं और अपना परिचय देते समय जब मैं कहता हूं कि मैं एक अध्यापक हूं और मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मेरे विद्यार्थी मेरे द्वारा पढ़ाये गये पाठ को अच्छी तरह से समझें और अच्छी आदतों को जीवन में उतारें, तो मैं इसमें अपना दिल जोड़ रहा हूं, अपनी भावनाएं जोड़ रहा हूं। पर क्या इतना ही काफी है? जी नहीं, मुझे इस वाक्य के साथ अपना दिमाग़ भी जोड़नाहै। यानी, पढ़ाते समय मुझे यह सुनिश्चित भी करना होगा कि मेरे विद्यार्थी मेरे द्वारा पढ़ाये गये पाठ को सचमुच अच्छी तरह से समझ सकें, मुझे उसके लिए अपनी भाषा पर ध्यान देना हो, पढ़ाने के या सिखाने के तरीके पर ध्यान देना हो, उसके लिए कोई समुचित रणनीति बनानी हो, तो मुझे अपने ज्ञान और कल्पना शक्ति का प्रयोग करते हुए वह भी करना होगा। इसी तरह मेरे विद्यार्थी अच्छी आदतों को समझें और अपनाएं इसके लिए खुद मुझे उदाहरण बनना होगा, अच्छी आदतों का विवरण बार-बार देना होगा, उनका महत्व समझाते रहना होगा और अपने विद्यार्थियों की प्रोग्रेस पर भी निगाह रखनी होगी। दिल और दिमाग के इस सायास योग से इच्छित परिणाम न केवल सुनिश्चित होगा, बल्कि जल्दी भी मिलेगा।

विचारों की इस शक्ति का लाभ लेने के लिए हमें विश्लेषण करना होगा कि आज मैं क्या हूं और भविष्य में मैं क्या होना चाहता हूं, क्या बनना चाहता हूं। अपनी इच्छानुसार अपना जीवन बदलने का यह एक आजमाया हुआ और बहुत ही प्रभावी तरीका है। हमारे जीवन में बहुत से मोड़ आते हैं, उम्र के अलग-अलग पड़ाव पर जीवन में जो परिवर्तन आते हैं उनके मद्देनज़र यह आवश्यक है कि हम ऐसे हर मोड़ पर खुद से पूछें कि हम क्या हैं और क्या बनना चाहते हैं।

हमारा शरीर एक पूरा ब्रह्मांड है और परमात्मा ने इस शरीर में इतनी अद्भुत शक्तियां दी हैं कि यदि हम उन सब को जान लें और उनका लाभ लेना शुरू कर दें तो हम अपनी किस्मत खुद लिख सकते हैं। विचारों की शक्ति का प्रयोग करके अपने जीवन को बदल देना का यह तरीका एक वैज्ञानिक विधि है, विज्ञान-सम्मत विधि है और मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक लोग लंबे समय से इसका प्रयोग करते आ रहे हैं ताकि वे लोगों के जीवन में इच्छित परिवर्तन लाकर उनका जीवन सुखमय बना सकें। इस विधि को जान लेने का लाभ यह है कि आप बिना किसी सहायता के खुद भी इसका प्रयोग कर सकते हैं, अपना और अपने परिवार के सदस्यों अथवा अपने संपर्क में आने वाले लोगों का जीवन बदल सकते हैं, सुखमय बना सकते हैं।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### मंत्रिमंडल के बाद राज्यपालों को बदलने की प्रक्रिया शुरु

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री श्री नरसिंह राव द्वारा अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने के बाद अब कई राज्यों के राज्यपालो को बदले जाने की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। जिनकी नियुक्त पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के शासन काल के दौरान हुई थी। ज्ञात रहे इनमें सबसे पहले हिमाचल के राज्यपाल विरेन्द्र वर्मा ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया उसके बाद उड़िसा के राज्यपाल यज्ञदत्त शर्मा के और अब मिजोरम के राज्यपाल स्वराज कौशल ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया यह दोनों राज्यपाल भाजपा से संबंधित बताए जाते है इनके त्याग पत्र से यह स्पष्ट वे संकेत है कि इन्होंने केंद्र सरकार के इशारे पर ही त्याग पत्र दिया है। पंजाब के राज्यपाल सुरेन्द्र नाथ को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का भी कार्यभार सौंप दिया गया है। श्री सुरेन्द्र नाथ को हिमाचल का अस्थाई राज्यपाल नियुक्त कर देने के बाद यह आम चर्चा बन गई है कि सुरेन्द्र नाथ को ही हिमाचल का स्थाई राज्यपाल नियुक्त कर दिया जाए और उनकी जगह पंजाब में कोई दूसरा राज्यपाल नियुक्त किया जाए।

### करनाल के समीप आलू प्रोसैसिंग परियोजना की स्थापना का प्रस्ताव

चंडीगढ़। हरियाणा कृषि उद्योग निगम करनाल के समीप एक आलू प्रोसैसिंग परियोजना स्थापित करेगी। अमेरिका की एक कंपनी मैसर्ज जॉन समारट एण्ड एसोसिएट के सहयोग से लगाई जाने वाली इस निर्यातोन्मुखी परियोजना पर कई करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान है। यह परियोजना राज्य के किसानों को आलू उत्पादन को नवीन तकनीक से परिचित करवाने में सहायक होगी और किसानों को उनके उत्पादन निर्यात होगा। आलू के औसत उत्पाद में हरियाणा का देश में दूसरा स्थान है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1732: | राट्सबॉन्स की संसद ने व्यावहारिक प्रतिबंध स्वीकार किया। |
| 1783: | विलियम हर्षेल ने लम्बेडा हरकुलिस को स्टार के रूप में घोषित किया। |
| 1793: | फ्रांस ने ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। |
| 1797: | लार्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल के गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। |
| 1814: | फिलीपींस में मेयॉन ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत हो गयी। |
| 1827: | बंगाल क्लब ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई। |
| 1835: | ईस्ट इंडिया कंपनी ने दार्जिलिंग क्षेत्र को सिक्किम से लीज पर लिया। |
| 1835: | मॉरीशस में दासता समाप्त की गई। |
| 1855: | ईस्ट इंडिया रेलवे का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया। |
| 1881: | दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित और पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन की स्थापना हुई। |
| 1884: | डाक बीमा योजना की शुरुआत हुई थी। |
| 1884: | ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का पहला वॉल्यूम प्रकाशित हुआ। |
| 1908: | पुर्तगाल के राजा कार्लोस (प्रथम) और उनके बेटे राजकुमार लुइस फिलीप की लिस्बन में हत्या। |
| 1913: | न्यूयॉर्क सिटी के ग्रांड सेंट्रल टर्मिनल का पुनर्निर्माण किया गया और दुनिया के सबसे बड़े रेलवे में फिर से खोला गया। |
| 1914: | अभिनेता अवतार किशन हंगल का जन्म। |
| 1946: | नार्वे के नेता ट्रेग्वे लाई को संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रथम महासचिव चुना गया। |
| 1949: | प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने एसोसिएटेड प्रेस ऑफ इंडिया का अधिग्रहण किया। |
| 1953: | नीदरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में आई बाढ़ से 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हुई, जिसमें सिर्फ नीदरलैंड में ही 1836 लोग मारे गए। |
| 1958: | मिस्र और सीरिया संयुक्त अरब गणराज्य बनाने के लिए सहमत हुए। |
| 1974: | मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर को संघीय क्षेत्र घोषित किया गया। |
| 1977: | भारतीय नौसेना तटरक्षक बल का गठन हुआ। |

## बोल ब्यूटीफुल



**मिन्हाज मर्चेंट:** बेहद कम लागत और चुनिंदा लोगों के दम पर बना चीनी एआइ डीपसीक असल में भारत के लिए बहुत अच्छी खबर है। भारत को एआइ में प्रगति के लिए अब अत्याधिक महंगे जीपीयू पर खर्च करने की जरूरत नहीं है। एआइ के मोर्चे पर आगे बढ़ने की राह में सबसे बड़ी बाधा लागत ही रही है। अब ऐसा नहीं दिखता। इसके लिए डीपसीक से मिले सबक उपयोगी हो सकते है।

**सुशांत सिन्हा:** राहुल गांधी अब चुनावी मंच से कह रहे है कि दिल्ली में शराब घोटाला हुआ है, लेकिन जब अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हुए थे तब यही कांग्रेस शिकायत कर रही थी कि मोदी तानाशाही के जरिये विपक्षी नेताओं को जेल में डाल रहे है। शराब घोटाले हुआ है तो केजरीवाल के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव क्यों लड़े थे?

## अपराध कथा

# जम्मू-कश्मीर में अब आतंकी 'खोजो और मार डालो' अभियान

केंद्रीय गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के निर्देशों के बाद पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों ने जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों के 33 इलाकों में आतंकियों के खिलाफ 'खोजो और मार डालो' अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान में मुख्य रूप से नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ ऊंचे और जंगली इलाकों को शामिल किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य संभाग में कई घातक हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी नेटवर्क को खत्म करना है।

अभियान में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय के नतीजे मिलने लगे हैं और हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राजौरी और पुंछ जिले आतंकी गतिविधियों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन आतंकियों ने 2024 में छह अन्य जिलों-रियासी, डोडा, किश्तवाड़, कठुआ, उधमपुर और जम्मू में भी अपनी पैठ बनाने की कोशिश की है।

इन जिलों में आतंकी घटनाओं से सुरक्षा एजेंसियों की







चिंता बड़ी है। इन इलाकों में हुए हमलों में 44 लोगों की जान गई थी। इनमें 18 सुरक्षाकर्मी, 13 आतंकवादी और 14 नागरिक शामिल हैं। आतंकी हिंसा में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमला भी इसमें शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप सात नागरिक मारे गए थे। साथ ही उधमपुर और किश्तवाड़ में तीन ग्राम रक्षा गार्डों (वीडीजी) की भी हत्या कर दी गई थी।

वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के मुताबिक पिछले साल की हिंसा आतंकी समूहों की बदलती रणनीति को दर्शाती है, जो राज्य की शांति बाधित करने की फिराक में हैं। वर्तमान में, 33 स्थानों पर तलाशी अभियान चल रहा है, जिसमें चिनाब घाटी- जो किश्तवाड़, डोडा और रामबन जिलों में फैली हुई है, दस सक्रिय तलाशी स्थलों के साथ प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रही है। राजौरी और पुंछ में अन्य सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जबकि उधमपुर में तीन, रियासी में दो और जम्मू जिले में एक जगह अभियान चल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू क्षेत्र में सक्रिय 40 से 50 आतंकियों को खत्म करने के लिए अभियान शुरू करने का निर्देश दिया था, ताकि आतंक मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। आठ जिलों में चल रहे व्यापक सुरक्षा अभ्यास के पीछे के औचित्य को समझाते हुए बताया गया है कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, 26 जनवरी के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी शुरू की गई है, जो कि जम्मू क्षेत्र में गर्मियों से पहले लगातार आतंकी खतरों को खत्म करने के लिए गृह मंत्रालय के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप है। बर्फ पिघलने से पहले छिपे हुए आतंकवादियों की तलाश में अब यह अभियान और तेज कर दिया गया है।

उधर, कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ को नाकाम करते हुए दो आतंकियों को मार गिराया है। आतंकी नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, जब सुरक्षाबलों ने रोका तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए और एक आतंकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भाग गया। आतंकी पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 19 जनवरी की शाम को भी मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों की घेराबंदी की थी। हालांकि, दोनों भागने में कामयाब रहे थे। सुरक्षाबलों को आतंकवादियों का इनपुट मिला था।

पुलिस ने बताया था कि इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों ने सोपोर के जालोरा गुज्जरपति में सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों के जवानों पर फायरिंग कर दी। काफी देर तक दोनों ओर से फायरिंग के बाद आतंकी भागने में कामयाब रहे। कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में 19 दिसंबर को सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में पांच आतंकियों को ढेर कर दिया था। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल था।

जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के जिस लोकल नेटवर्क को सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था, वह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। पहले ये लोग आतंकियों का सामान ढोने का काम करते थे, अब उन्हें गांवों में ही हथियार, गोला बारूद और खाना-पीना दे रहे हैं।

इससे पहले दिसंबर में जिन 25 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था, उन्होंने पूछताछ में बताया था कि लोकल नेटवर्क जम्मू के 10 में से नौ जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, ऊधमपुर, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, जम्मू और रामबन में जम चुका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य के मुताबिक, आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान आर्मी और आईएसआई ने जम्मू को टारगेट करना शुरू कर दिया था। उसने दो साल में इस नेटवर्क को फिर सक्रिय कर लिया है।

आतंकियों ने इन्हीं की मदद से 2020 में पुंछ और राजौरी में सेना पर बड़े हमले किए थे। इसके बाद ऊधमपुर, रियासी, डोडा और कठुआ को निशाने पर लिया गया था। लेकिन अब पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों ने जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों के 33 इलाकों में आतंकियों के खिलाफ 'खोजो और मार डालो' अभियान तेज कर दिया है।

रिपोर्ट: सुमित्रा

# चंडीगढ़ में आज से बिजली हुई प्राइवेट, बिल मिलेंगे ऑनलाइन

## चंडीगढ़ प्रशासन, एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड और चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के बीच शेयर खरीद समझौता हुआ

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल



**चंडीगढ़।** यूटी में लंबे समय से बिजली विभाग के निजीकरण को लेकर चला आ रहा असमंजस आज समाप्त हो गया। शुक्रवार देरात 12 बजे के बाद चंडीगढ़ में बिजली का निजीकरण अपने असली स्वरूप में आ गया। चंडीगढ़ प्रशासन, एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ईईडीएल) और चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के बीच शेयर खरीद समझौता हुआ, जो शहर की बिजली आपूर्ति को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आरपी-संजीव गोयनका (आरपी-एसजी) समूह ने अपनी सहायक कंपनी एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ईईडीएल) के माध्यम से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय (नवंबर 2024) और सर्वोच्च न्यायालय (दिसंबर 2024) से मंजूरी मिलने के बाद आधिकारिक तौर पर बिजली वितरण और खुदरा आपूर्ति व्यवसाय को अपने हाथ में ले लिया है।

अब शहर के नागरिकों को प्राइवेट कंपनी की ओर से बिजली का बिल प्राप्त होगा। बिल ऑनलाइन मोबाइल पर मिलेगा और इसे किसी भी आसान ऑनलाइन सेवा के जरिए अदा भी किया जा सकेगा। हालांकि, शहर में बिजली निजीकरण का व्यापक असर खुद बिजली विभाग पर पड़ा है। इधर, बिजली विभाग के निजीकरण पर मुहर लगी तो दूसरी तरफ विभाग के 167 कर्मियों ने अपना मुंह मोड़ लिया। कर्मियों ने विभाग से अपनी वीआरएस ले ली। हालांकि, विभाग के 500 आउट्स सोर्स कर्मचारियों को कंपनी में नियुक्त दे रही है। कंपनी का किसी भी कर्मचारी को निकालने के लिए कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। निजीकरण योजना के तहत, संपूर्ण बिजली वितरण और खुदरा आपूर्ति कार्य को ईईडीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) को हस्तांतरित कर दिया गया है। इस बदलाव से चंडीगढ़ में 2.35 लाख से ज़्यादा उपभोक्ताओं के लिए बिजली सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप है, जो चंडीगढ़ के बिजली क्षेत्र में बेहतर विश्वसनीयता, दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करती है। ईईडीएल ने कर्मचारी सेवा शर्तों और पेंशन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए, आरक्षित मूल्य से कहीं ज़्यादा 871 करोड़ रुपये का निवेश किया है। स्मार्ट ग्रिड और वितरण नेटवर्क में महत्वपूर्ण निवेश से 24 घंटे और 7 दिन विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। एक समर्पित हेल्पलाइन और ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली ग्राहक सहायता को बढ़ाएगी। ग्रीन एनर्जी चंडीगढ़ के पर्यावरण लक्ष्यों और स्मार्ट सिटी परिवर्तन में योगदान देगी। संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) निष्पक्ष और पारदर्शी टैरिफ़ सेटिंग की देखरेख करेगा।

यह कदम न केवल बिजली सेवाओं को बढ़ाता है, बल्कि सरकारी संसाधनों को अन्य आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं की ओर पुनर्निर्देशित करने की अनुमति भी देता है। हालांकि प्रशासन ने दिव्यांगों के प्रति नरमी दिखाते हुए उन्हें प्रशासन के दूसरे विभागों में एडजस्ट करने का फैसला किया है खबर लिखें जाने तक उनकी नियुक्ति के आर्डर जारी हो जायेंगे प्रशासन की पालिसी कुछ शर्तो सहित इस प्रकार रहेगी इस नीति को 'यूटी, चंडीगढ़, इंजीनियरिंग विभाग के विद्युत विंग के विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए समायोजन नीति, 2025' कहा जा सकता है।यह आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होगी।

यह नीति केवल संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग विभाग के विद्युत विंग के समूह 'ए', 'बी', 'सी' और 'डी' में स्थायी पद धारण करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों पर लागू होगी जो ÷दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के दायरे में आते हैं।

### पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान

दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा धारित पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतनमान नीति के साथ संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट है। हालाँकि, यदि कोई कर्मचारी संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग विभाग के विद्युत विंग की निजीकरण प्रक्रिया को अंतिम रूप दिए जाने से पहले किसी भी प्रकार की दिव्यांगता प्राप्त करता है और अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांग व्यक्तियों की परिभाषा के अंतर्गत आता है, तो ऐसे कर्मचारी को भी वर्तमान नीति के अनुसार समायोजित किया जाएगा।

### रिक्त पद दिव्यांग कर्मचारी

विद्युत विंग के दिव्यांग कर्मचारियों को ऐसे पद पर समायोजित किया जाएगा, जिसमें या तो समान वेतनमान हो अथवा समान वेतनमान और सेवा लाभ हों। ऐसे दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा प्राप्त वेतन/वेतन को उनके व्यक्तिगत उपाय के रूप में संरक्षित किया जाएगा। उपरोक्त खंड के प्रयोजन के लिए, समान वेतन-बिक्री का अर्थ है ऐसा वेतनमान, जिसका अधिकतम वेतन दिव्यांग कर्मचारी के वेतनमान के बराबर हो और न्यूनतम वेतन दिव्यांग कर्मचारी को समायोजन के समय प्राप्त होने वाले मूल वेतन से अधिक न हो। आगे यह भी प्रावधान है कि यदि कर्मचारी को किसी पद पर समायोजित करना संभव न हो, तो उसे अतिरिक्त पद पर रखा जा सकता है। चूंकि अतिरिक्त पद किसी अधिकारी/कर्मचारी को नियमित पद पर आसीन होने तक समायोजित करने के लिए बनाया जाता है, इसलिए इसे अनिश्चित काल के लिए नहीं बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा, अधिसंख्य पद उस अधिकारी/कर्मचारी का निजी होता है जिसके लिए इसे बनाया गया है और ऐसे पद के विरुद्ध किसी अन्य अधिकारी को नियुक्त नहीं किया जा सकता है। जैसे ही वह अधिकारी जिसके लिए इसे बनाया गया था, सेवानिवृत्ति के कारण इसे खाली कर देता है या किसी अन्य नियमित पद पर समायोजित हो जाता है, यह समाप्त हो जाता है। दूसरे शब्दों में, ऐसे पद के विरुद्ध कोई स्थानापन्न व्यवस्था नहीं की जा सकती है।

### नहीं गिनी जाएगी वरिष्ठता

इंजीनियरिंग विभाग के विद्युत विंग में दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा की गई पिछली सेवा को इंजीनियरिंग विभाग के स्थानांतरित विंग में वरिष्ठता के उद्देश्य से नहीं गिना जाएगा, जिसका अर्थ है कि दिव्यांग कर्मचारी के पास उस पद में वरिष्ठता के निर्धारण के लिए अपनी पिछली सेवा की गणना करने का कोई दावा नहीं होगा जिसमें उसे समायोजित किया गया है और उन्हें कैडर में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों द्वारा उठाए गए किसी भी मुकदमे से बचने के लिए वरिष्ठता के निचले भाग में रखा जाएगा। हालांकि, ऐसे कर्मचारी जो इंजीनियरिंग विभाग के विद्युत विंग में दिव्यांग हैं, उनके द्वारा की गई पिछली सेवा को इंजीनियरिंग विभाग के स्थानांतरित विंग में वरिष्ठता के उद्देश्य से नहीं गिना जाएगा, जिसका अर्थ है कि दिव्यांग कर्मचारी के पास उस पद में वरिष्ठता के निर्धारण के लिए अपनी पिछली सेवा की गणना करने का कोई दावा नहीं होगा जिसमें उन्हें समायोजित किया गया है और उन्हें वरिष्ठता के निचले भाग में रखा जाएगा ताकि संवर्ग में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों द्वारा उठाए गए किसी भी मुकदमे से बचा जा सके। पिछली सेवा के लाभ- इंजीनियरिंग विभाग के बिजली विंग में दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं के सभी लाभ सुरक्षित रहेंगे तथा वरिष्ठता को छोड़कर पूर्ण प्रभाव दिया जाएगा। इंजीनियरिंग विभाग के बिजली विंग के तहत ऐसे दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवा की अवधि को पेंशन और नई पेंशन योजना सहित सभी लाभों और टर्मिनल लाभों के उद्देश्य से निरंतर सेवा माना जाएगा, जो उनकी पिछली नियुक्ति शर्तों या चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी किसी संशोधन के दौरान उन्हें स्वीकार्य थी। 8. विकल्प का प्रयोग- इंजीनियरिंग विभाग में बिजली विंग के दिव्यांग कर्मचारियों को संबंधित विंग द्वारा उनके साथ तय शर्तों के अधीन चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभागों के विभिन्न विंगों में एक समान पद के विरुद्ध अपने समायोजन के लिए विकल्प का प्रयोग करना आवश्यक है, जहां कर्मचारी को वर्तमान नीति के अनुसार समायोजित किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में दानिक्स, एचसीएस और पीसीएस अफसरों के विभाग तब्दील

एचसीएस काडर 2013 बैच की डा. रिचा को उच्च शिक्षा विभाग का अतिरिक्त निदेशक बनाया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता




चंडीगढ़ प्रशासन में तैनात अफसरों के विभागों में फेरबदल हुआ है। दरअसल, प्रशासन में नए ऑफिसर की जॉइनिंग के बाद अफसरों की जिम्मेदारी में बदलाव किया गया और नए सिरे से विभाग बांटे गए। चंडीगढ़ प्रशासन में एचसीएस अफसर डॉ रिचा की जॉइनिंग हुई है। जिनके पास 5 विभागों की जिम्मेदारी रहेगी। इस क्रम में 2 अफसर अपने-अपने चार्ज से रिलीव हुए हैं।

दानिक्स कैडर 2010 बैच के अमित कुमार को परिवहन प्राधिकरण के अलावा कोआर्डिनेशन सहित गृह एवं प्रोटोकॉल व जेल विभाग की अतिरिक्त सचिव के तौर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार एचसीएस काडर 2013 बैच की डा. रिचा को उच्च शिक्षा विभाग का अतिरिक्त निदेशक, अर्बन प्लानिंग व मेट्रो के अलावा हाउसिंग के साथ खाद्य व आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों और लीगल मेट्रोलॉजी निदेशक एवं संयुक्त सचिव नियुक्त किया है।

पीसीएस कैडर 2014 बैच के नितीश सिंगला को सूचना प्रौद्योगिकी का निदेशक, जीएमसीएच (प्रशासन) का संयुक्त निदेशक, रोजगार विभाग का संयुक्त सचिव, क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, श्रम विभाग का संयुक्त सचिव और जाइंट रजिस्ट्रार कोऑपेंटिव सोसाइटीज का कार्यभार सौंपा गया है। एचसीएस कैडर 2016 बैच के सुमीत सिहाग को नगर निगम, यूटी का संयुक्त आयुक्त, एचसीएस कैडर 2016 बैच की ईशा कंबोज को साउथ डिविजन का एसडीएम के साथ स्थानीय शासन की संयुक्त सचिव और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। पीसीएस कैडर 2017 बैच के पवित्र सिंह को डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, जिला इंडस्ट्रीज सेंटर के महाप्रबंधक, जाइंट सेक्रेटरी इंडस्ट्रीज, मार्केट कमेटी के प्रशासक, सिटको का महाप्रबंधक और निदेशक हास्पिटैलिटी विभाग नियुक्त किया है। दानिक्स कैडर 2020 कैडर के अधिकारी नवीन को एसडीएम सेंट्रल, असिस्टेंट इस्टेट ऑफिसर-1, म्यूजियम एंड आर्ट गैलेरी, निदेशक कृषि विभाग, कृषि जनगणना आयुक्त, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग का निदेशक बनाया गया जबकि दानिक्स कैडर 2020 की अधिकारी खुशप्रीत कौर को ईस्ट डिविजन का एसडीएम और सहायक एस्टेट ऑफिसर-2 नियुक्त किया है।

# रात्रि ठहराव में ग्रामीणों ने उठाया 100 गज प्लॉट देने का मुद्दा

## डीसी ने कहा प्लाट देने बारे आवश्यक कार्यवाही होगी

उपायुक्त ने देर रात्रि तक ग्रामीणों की 141 समस्याओं की सुनवाई की, रायपुररानी में फायरब्रिगेड की एक गाड़ी लगाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा



पंचकूला। प्रशासन द्वारा रायपुररानी में देर रात तक लगाए गए दरबार में 45 गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलना तय है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में लगे इस दरबार में विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर ही ना सिर्फ समस्याओं का समाधान किया गया बल्कि लंबे अरसे से रायपुररानी में मूलभूत सुविधाओं का इंतजार भी समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 100 गज के प्लॉट देने का मुद्दा उठाने पर उन्होंने गांव समलहेड़ी, रायपुररानी व कई अन्य गांवों में प्लाट देने संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दरबार में उपायुक्त ने ग्रामीणों की मांग पर फायरब्रिगेड की एक गाड़ी की सेवाएं रायपुररानी में लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर में बिजली की निर्बाध आपूर्ति हेतू अतिरिक्त जनसेट लगाया जाएगा ताकि ग्रामीणों के कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसीपी हिमाद्री कौशिक, एडीसी निशा यादव, एसडीएम चन्द्रकांत कटारिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**रायपुररानी में डंपिंग ग्राउंड के लिए जगह का चयन:** रायपुररानी में पंचायती जमीन पर कुडा डालने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी को अलग से जमीन की पहचान कर डम्पिंग ग्राउंड का चयन के निर्देश दिए। उन्होंने मंजीत कौर की शिकायत पर उनके पति के लापता होने पर बेसहारा पैंशन देने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायत में नगर खेड़ा की जमीन किसी एक व्यक्ति के नाम पर करने को लेकर उपायुक्त ने एसडीएम को इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम में कृषि संबंधी जागरूकता

दरबार में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अपने पोषक अनाजों को जाने और मिलेटस का उपयोग करने के लिए विशेष स्टाल लगाया गया। विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने और कृषि उपकरणों को अपनाकर उनका उपयोग करने के लिए किसानों को जागरूक किया। मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत अनुपयोग भूमि के उपयोग के लिए दी जा रही सहायता राशि बारे जानकारी दी गई। इसके अलावा नागरिकों को प्रधानमंत्री अक्षय उर्जा कार्यक्रम के तहत सौर उर्जा को अपनाने और बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित किया गया।

# एंटी नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन तस्कर को किया काबू, आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** एंटी नारकोटिक्स सेल पंचकूला के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की अगुवाई में हेरोइन तस्करी के मामलें में 1 आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह निवासी माडल टाऊन पिंजौर उम्र 30 वर्ष वर्ष के रुप में हुई है।

पुलिस को गुप्त सुत्र से सूचना मिली कि पिंजौर वासी मनप्रीत हेराइन बेचने का काम करता है और आज नालागढ-बद्दी सडक के पास हुडा सेक्टर 30 पिंजौर की मेन सडक पर किसी ग्राहक को हेरोइन बेचने आएगा। जिसके आधार पर एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को घेरा ड़ालकर काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 30.37 ग्राम हेरोइन व 700 रुपये नगदी बरामद की गई। जिस बारे पूछताछ करने पर आरोपी कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका। आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर में एनडीपीएस की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया । आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने जिला में नशा पर पुर्ण रूप से लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है। इसके अलावा जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान' के तहत जिला में लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है।

# नशे के खिलाफ 400 विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला

एकजुट का लिया संकल्प नशा मुक्त भारत अभियान पर एक संयुक्त समिति की बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत, चंडीगढ़ के सरकारी विद्यालयों के 400 से अधिक एनएसएस छात्रों ने विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ मिलकर एक मानव श्रृंखला बनाई। इस आयोजन का उद्देश्य नशे की बढ़ती समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नशामुक्त समाज को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग और एनएसएस विंग के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि निशांत कुमार यादव, आईएएस, उपायुक्त, चंडीगढ़ ने आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी हैं और विशेष रूप से युवाओं को इस मुहिम में सक्रिय रूप से योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुराधा चगती, सचिव, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया। वे नशे के खिलाफ कई महत्वपूर्ण पहलों की प्रमुख रही हैं, जिनमें ÷वाडा (विक्टरी अगेंस्ट ड्रग एब्यूज) क्लब÷ की स्थापना शामिल है। चंडीगढ़ के 184 शिक्षण संस्थानों में बनाए गए इन क्लबों ने वर्ष 2024-25 में अब तक 15 लाख से अधिक नागरिकों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाया है।

मानव श्रृंखला के निर्माण के अलावा, शिक्षकों और छात्रों ने नशामुक्ति का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। चंडीगढ़ एकजुट होकर अपने युवाओं के लिए एक नशामुक्त, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य बनाने के संकल्प के साथ खड़ा है।

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के दृष्टिकोण के अनुरूप और फरवरी 2025 में नशा मुक्त भारत अभियान पर आगामी भव्य कार्यक्रम के अग्रदूत के रूप में, शहर के उच्च शिक्षा संस्थानों में नशा मुक्ति जागरूकता पर विचार-विमर्श करने के लिए आज चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स में नशा मुक्त भारत अभियान पर एक संयुक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। यूटी चंडीगढ़ प्रशासन के उच्च शिक्षा निदेशक रुबिंदरजीत सिंह बराड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सरकारी कॉलेजों, सरकारी सहायता प्राप्त निजी कॉलेजों और तकनीकी कॉलेजों के प्रिंसिपल, वाडा क्लब के नोडल अधिकारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और शहर के कॉलेजों के छात्र शामिल हुए।

# ट्रैफिक पुलिस सुरजपुर की टीम ने दिया सुरक्षित जीवन जीने का मूल मंत्र

बच्चों को पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज डोर इस्तेमाल न करने का भी दिलवाया संकल्प

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। इंचार्ज ट्रैफिक सुरजपुर नरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस सुरजपुर द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना मे शिक्षण संस्थानों मे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें ट्रैफिक पुलिस सुरजपुर की टीम ने अमरावती विद्यालय, पंचकूला मे विद्यार्थियों के साथ साथ स्कूल प्रबंधन के शिक्षक, मिनिस्ट्रियल व ट्रांसपोर्ट स्टाफ को रोड सेफ्टी, ट्रैफिक नियमो के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एसआई पीसी संदीप शर्मा, मुख्य सिपाही रूप सिंह, गृह रक्षा जवान सुजीत सिंह मौजूद रहे। इस संस्थान के विद्यार्थियों को दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाने के लिए निर्धारित आयु सीमा के बाद ही वाहन के वैध कागजात के साथ वाहन चलाने बारे निर्देश दिए गए। दोपहिया वाहन चालकों को गंभीर सिर की चोट के बचाव को रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में विस्तार से शिक्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक रोड सेफ्टी नियम अपनाने से होने वाले जीवन-रक्षक लाभों पर चर्चा की गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर और गंभीर चोटों को कम किया जा सके।

### स्कूल प्रबंधन को सख्त निर्देश

इस दौरान स्कूल प्रबंधन के ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों को स्कूली वाहनों मे फायर एक्सचेंजर, फर्स्ट ऐड बॉक्स, कैमरों को दुरुस्त हालात में रखने के साथ साथ महिला अटेंडेंट की तैनाती बारे सख्त निर्देश दिए गए। इस जागरूकता अभियान के दौरान इंचार्ज ट्रैफिक पुलिस सुरजपुर द्वारा स्पष्ट तौर पर संदेश दिया गया की हमारा लक्ष्य पंचकूला को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाना है। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा जनता की सुरक्षा मे किसी प्रकार की कोताही नही बरती जायेगी। अगर शिक्षण संस्थानों के वाहन इन नियमों की पालना में कोताही करते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कारवाही की जायेगी। ट्रैफिक नियमों का पालन के साथ साथ ट्रैफिक पुलिस की टीम ने चायनिज डोर से लगातार बढ़ रहे हादसों पर भी जानकारी दी वा स्कूल प्रांगण में मौजूद सभी से पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज डोर का प्रयोग न करवाने का प्रण लिया।

# हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के छह दिवसीय कार्यशाला 23 से



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के योग क्लब द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत छह दिवसीय कार्यशाला 23 से 30 जनवरी तक का सफल आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्रतिदिन विद्यार्थियों और शिक्षकों को सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं का योग अभ्यास करवाया गया। इसमें कुल 250 प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग ही वह मार्ग है जो आपको खुद से जोड़ता है। इसका मुख्य उद्देश्य आत्म साक्षात्कार करना और जीवन में सकारात्मक लाना है। योग अभ्यास के साथ -साथ 26 जनवरी को संविधान की प्रस्तावना का वाचन व 30 जनवरी को मौन भी धारित किया गया। योग क्लब की प्रभारी प्रोफेसर गीता ने बताया कि यह कार्यशाला अवश्य समाप्त हुई है पर सूर्य नमस्कार का अभ्यास नहीं। इसे हमें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना है ।प्रस्तुत कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में योग क्लब की प्रभारी डॉ गीता कुमारी के साथ क्लब के सदस्यों डॉक्टर सुरेश, डॉक्टर प्रदीप और प्रोफेसर हरदीप की विशेष भूमिका रही। महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों व विद्यार्थियों के सहयोग से ही यह कार्यक्रम संपन्न हो सका है। प्रेस समिति की प्रभारी डॉ बिंदु ने इसकी मीडिया कवरेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जीजीडीएसडी कॉलेज में कैरियर प्लानिंग पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित, छात्रों को उभरते अवसरों के बारे में दी जानकारी

वक्ताओं ने कैरियर विकास, व्यावसायिक विकास और उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के पोस्टग्रेजुएट कामर्स एंड मैनेजमेंट विभाग की ओर से शुक्रवार को 'कैरियर प्लानिंग- अंतर्दृष्टि से प्रभाव तक' शीर्षक से इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और विविध व्यावसायिक पृष्ठभूमि से आए प्रतिष्ठित वक्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। वक्ताओं के प्रतिष्ठित पैनल में एचवीपीएन लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक सीए आलोक कृष्ण, आईसीएसआई (चंडीगढ़ चैप्टर) के चेयरमैन सीएस मंजीत एस ढिल्लों, आईसीएमएआई के पूर्व अध्यक्ष सीएमए बलविंदर सिंह, पीएमएलएसडी बिजनेस स्कूल, चंडीगढ़ के डॉयरेक्टर डॉ. कपिल पंडला और एरेन आईटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के स्ट्रेटेजिक यूनिट हेड सीए श्वेत कोमल शामिल थे।

प्रत्येक वक्ता ने कैरियर विकास, व्यावसायिक विकास और उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, तथा छात्रों को उभरते अवसरों के साथ अपने कैरियर की आकांक्षाओं को संरेखित करने के लिए ज्ञान से लैस किया। सीए आलोक कृष्ण ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी पूरी करने के बाद छात्रों के लिए उपलब्ध विभिन्न कैरियर के अवसरों पर एक आकर्षक सत्र दिया। सीएस मंजीत एस ढिल्लों ने कंपनी सेक्रेटेरियल भूमिकाओं और कॉर्पोरेट गवर्नेंस में सफल कैरियर के तीन स्तंभों के रूप में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और जवाबदेही पर जोर दिया। सीएमए बलविंदर सिंह ने कॉस्ट और मैनेजमेंट अकाउंटिंग में व्यापक अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, डॉ. कपिल पंडला ने कैरियर नियोजन में निरंतर सीखने, कौशल बढ़ाने और पुनः कौशल बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने मैनेजमेंट में कैरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया जो कि विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में प्रगति के मद्देनजर था। सीए श्वेत कोमल ने छात्रों को विदेशी अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और सॉफ्टवेयर पर मार्गदर्शन दिया, तथा उभरते तकनीकी परिदृश्यों के साथ अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया।

जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने अपने संबोधन में आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में संरचित कैरियर योजना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कैरियर लक्ष्य निर्धारित करने तथा उन्हें जुनून और समर्पण के साथ पूरा करने के महत्व पर बात की। विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव बहल ने इस सक्रिय और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजन टीम की सराहना की। कामर्स एंड मैनेजमेंट की डीन डॉ. मेरु कैलानी ने विद्यार्थियों को अपने कैरियर के उद्देश्यों में स्पष्टता प्राप्त करने की सलाह दी, जो व्यावसायिक सफलता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, आयोजन सचिव डॉ. अनुप्रिया भारद्वाज ने कार्यक्रम की सफलता में छात्रों के योगदान की सराहना की। सत्र का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को वक्ताओं के साथ सीधे बातचीत करने का अवसर मिला। सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रेरणा मिली जिससे वह बेहतर ढंग से अपने कैरियर का चुनाव करने में सक्षम हो पाएंगे।

# लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन में पत्रकारों से की अनौपचारिक बातचीत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 31 जनवरी।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सोलन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में एक भी अन्तरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा नहीं है तथा इसके निर्माण का पूरा खर्च केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। इसके साथ ही भानुपल्ली-बैरी और चण्डीगढ़-बद्दी रेल लाईन को बिछाने का पूरा खर्च भी केन्द्र सरकार को उठाना चाहिए।

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलन-परवाणु फोरलेन की स्थिति सबसे दयनीय है क्योंकि इसकी डिजाइनिंग सही ढंग से नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में उनकी चर्चा केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से हुई है और उन्होंने इस फोरलेन की रि-डिजाइनिंग और रि-एलाइनमेंट करने की मांग की है।

एक अन्य प्रश्न के जवाब में ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक छोटा प्रदेश है जिसकी आबादी लगभग 70 लाख है इसलिए 153 आईएएस अधिकारी रखना उचित नहीं है। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने नए काडर में नए आईएएस और आईपीएस अधिकारी लेने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 115 आईएफएस अधिकारियों को भी कम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है, इसलिए सभी विभागों में सकारात्मक बदलाव के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रशासनिक दखलअंदाजी को कम करके लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है।

इससे पहले, ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर व सुरेन्द्र सेठी, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# केन्द्रीय बजट में हिमाचल के लिए आर्थिक मदद मांगे जयराम : अवस्थी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 31 जनवरी।** विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर राज्य सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाना छोड़कर, इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में हिमाचली हितों की पैरवी करें। आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अवस्थी ने कहा कि जयराम ठाकुर मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए रोज नया तथ्यहीन बयान जारी करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे हिमाचल और हिमाचल के लोगों के हितों के प्रति इतने ही संवेदनशील हैं तो उन्हें केन्द्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए आर्थिक मदद की मांग करनी चाहिए।

अवस्थी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने वर्ष, 2023 में आई आपदा के 10,000 करोड़ रुपये भी अभी तक जारी नहीं किए हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के एनपीएस में लगभग 9000 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार के पास पड़े हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार से यह पैसा हिमाचल प्रदेश को दिलवाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि जयराम ठाकुर दिल्ली जाकर हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली आर्थिक मदद में रोड़ा अटकाने का काम करते हैं।

संजय अवस्थी ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार की फिजूलखर्ची के कारण प्रदेश पर आर्थिक बोझ बढ़ा। इसी कारण पिछली भाजपा सरकार ने वर्तमान सरकार को 75,000 करोड़ रुपये का ऋण और कर्मचारियों की देनदारियों के रूप में 10,000 करोड़ रुपये का वित्तीय बोझ विरासत में छोड़ा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज हिमाचल प्रदेश को ऋण का मूलधन और उसका ब्याज चुकाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है। वर्तमान राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में जितना भी ऋण लिया है उसका 63 प्रतिशत हिस्सा पिछली सरकार द्वारा लिए गए ऋण के मूलधन और उसके ब्याज को चुकाने के लिए खर्च करना पड़ रहा है।

विधायक ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने राज्य के संसाधनों में बढ़ौतरी करने के लिए भी कोई कदम नहीं उठाए, जबकि पूरे पांच साल तक डबल इंजन की सरकार का नारा दिया जाता रहा। हकीकत यह है कि डबल इंजन की सरकार के कारण हिमाचल प्रदेश डबल स्पीड से कर्ज के दलदल में फंसता चला गया और जयराम सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के लिए आय के संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रही है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

## विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बड़गांव में औरत ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अर्थ प्रकाश/देशराज



**बरठी, 31 जनवरी।** विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बड़गांव में शुक्रवार सुबह एक औरत ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत प्रधान व थाना तलाई की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

पुलिस के मुताबिक रीना कुमारी 46 ने अपने मायके बड़गाव में कमरे के अंदर फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब आवाज देने पर भी रीना ने कोई जवाब नहीं दिया। घटना के समय घर पर थी। घर के सभी लोग एक समारोह में गए थे मृतक और उसकी भाभी दोनों घर पर थी द्व इससे पहले उन दोनों ने घर का कुछ काम किया। उसके बाद रीना अंदर कमरे में चली गई कुछ देर बाद खाना खाने के लिए जब आवाज लगाई तो रीना ने कोई जवाब नहीं दिया अंदर जाकर देखा तो वह पंखे की कुंडी से रस्सी के साथ लटकी हुई थी। रीना की भाभी के शोर मचाने पर लोग पहुंचे और प्रधान को सूचना दी। मृतक का एक 14 साल का बेटा है और वह दो दिन पहले ही मायके आई हुई थी। उसकी डिप्रेशन की दवाइयां चल रही थी। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए घुमारवीं भेज दिया गया है।

## दो दिवसीय कृषि कार्यशाला में किसानों को विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 31 जनवरी।** पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में ग्रामीण आबादी के सामाजिक सशक्तिकरण और स्थिरता की पहल के तहत एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, शूलिनी विश्वविद्यालय द्वारा 'किसानों की समस्याएं और उनके समाधान, कृषि विशेषज्ञों के साथ किसानों की बातचीत' शीर्षक पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का उद्देश्य सोलन में किसानों के सामने आने वाली कृषि चुनौतियों का समाधान करना और व्यापक कृषि विस्तार कार्यक्रम के माध्यम से विशेषज्ञ-संचालित समाधान प्रदान करना है।

कृषि विशेषज्ञों की एक टीम ने शिवथल गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रगतिशील किसान और ग्राम प्रधान मृगांक सूद और 20 स्थानीय किसानों से बातचीत की। प्रोफेसर डी. डी. शर्मा ने आधुनिक कृषि पद्धतियों पर चर्चा का नेतृत्व किया, जबकि सहायक प्रोफेसर डॉ. पर्मिंदर ने सेब के बेहतर उत्पादन के लिए मिट्टी परीक्षण और सूक्ष्म पोषक तत्वों के अनुप्रयोग के महत्व पर जोर दिया। सहायक प्रोफेसर डॉ. अंशुल ने किसानों को सेब के पेड़ों के प्रशिक्षण और छंटाई के तरीकों के बारे में शिक्षित किया, इसके बाद सहायक प्रोफेसर डॉ. भाग्यश्री ने रोग प्रबंधन पर अंतर्दृष्टि प्रदान की। सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनाक्षी ने सेब प्रसंस्करण तकनीकों पर किसानों का मार्गदर्शन किया, और सहायक प्रोफेसर भूपेन्द्र ने प्रशिक्षण और छंटाई तकनीकों पर एक व्यावहारिक प्रदर्शन किया। किसानों ने इन वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने में गहरी रुचि व्यक्त की और ऐसे और अधिक इंटरैक्टिव सत्रों का अनुरोध किया।

विशेषज्ञ टीम ने कुंडला और शामती गांवों का दौरा किया, जहां उन्होंने अग्रणी किसानों कमल और नमन से मुलाकात की, जो कारनेशन और शिमला मिर्च की संरक्षित खेती में विशेषज्ञ हैं। डॉ. डी.डी. शर्मा ने विस्तार कार्यक्रमों में किसानों की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविंदर नाथ ने प्रभावी कीट प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. श्वेता शर्मा ने टिकाऊ फसल प्रबंधन तकनीकों को साझा किया, और डॉ. राजेंद्र कुमार ने मिट्टी के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार के लिए इष्टतम उर्वरक उपयोग की सलाह दी। डॉ. दीपिका सूद ने किसानों को बहुमूल्य समाधान प्रदान करते हुए गंभीर रोग प्रबंधन संबंधी चिंताओं को संबोधित किया। दोनों गांवों के किसानों ने विशेषज्ञ परामर्श के लिए अपनी सराहना व्यक्त की और अपने कृषि ज्ञान और प्रथाओं को और बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण सत्रों का अनुरोध किया।

प्रोफेसर सोमेश शर्मा, एसोसिएट डीन एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने कहा, एमएस स्वामीनाथन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर की पहल किसानों और वैज्ञानिक विशेषज्ञता के बीच अंतर को पाटकर क्षेत्र में कृषि समुदाय को मजबूत करने के लिए जारी है।

## कम समय में अच्छे से परिक्षा की तैयारी को लेकर डी ए वी गोहर में विशेष कार्यशाला आयोजित



अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 31 जनवरी।** वार्षिक परीक्षा नजदीक आ रही है ऐसे में विद्यार्थी तनाव में आ जाते हैं। ऐसे समय में किस तरह परिक्षा की तैयारी की जाए डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर में बच्चों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें रिसोर्स पर्सन नेशनल अवार्ड विपीन शर्मा रहे। उन्होंने बच्चों की परीक्षा के समय कम समय में अच्छे से कैसे तैयारी करें परीक्षा देते समय किन-किन विशेष बातों का ध्यान रखें जैसे उनके प्रदर्शन में बढ़ोतरी हो सके किस प्रकार से परीक्षा का तनाव कम हो जाता है इस तरह कि अनेक महत्व पूर्ण जानकारी बच्चों के साथ साझा की। बहुत ही मनोरम अंदाज़ में बच्चों को समझाया द्य साथ में विपिन शर्मा ने कहा कि जो बच्चा बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन पोजीशन में आएगा 5100 का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर कुमार शर्मा ने विपीन शर्मा का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। साथ में बच्चों को उनकी बताई गई बातों का अनुसरण करने के लिए कहा।

## नगर निगम में सम्मिलित होने की इच्छुक पंचायतें 3 दिनों के भीतर करें आवेदन



**ऊना, 31 जनवरी (अप्रस)।** नव स्थापित नगर निगम ऊना के साथ लगती ग्राम पंचायतें यदि निगम क्षेत्र में सम्मिलित होना चाहें तो वे इसे लेकर नगर निगम आयुक्त को आवेदन कर सकती हैं। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इच्छुक पंचायतें ग्राम पंचायत के माध्यम से सम्मिलित होने का प्रस्ताव पास करवाकर आयुक्त नगर निगम ऊना को अगले तीन दिनों के भीतर आवेदन भेज सकती हैं। इसमें नगर निगम में सम्मिलित पंचायतों के साथ लगती पंचायतों द्वारा पूर्ण या आंशिक रूप से नगर निगम ऊना में सम्मिलित होने के लिए आवेदन भेजा जा सकता है।

श्री गुर्जर ने बताया कि नगर निगम ऊना को पूर्ण आकार देने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक ग्राम पंचायत झलेड़ा, रैंसरी, कोटला खुर्द, अजनोली, कोटला कलां लोअर और अप्पर, लाल सिंगी, अरनियाला अप्पर और लोअर, मलाहत, रामपुर, कुठार खुर्द और कुठार कलां पंचायतों को पूर्ण रूप तथा ग्राम पंचायत टब्बा को आंशिक रूप से नगर निगम ऊना में सम्मिलित किया गया है। उनके साथ लगती पंचायतें भी निगम क्षेत्र में आने को लेकर आवेदन कर सकती हैं।

## उपायुक्त ने प्रेम आश्रम में बच्चों को भेंट की साइकिलें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 31 जनवरी।** उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को ऊना के प्रेम आश्रम का दौरा किया और वहां विशेष बच्चों को साइकिलें भेंट कीं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन विशेष बच्चों के उत्थान और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत इन बच्चों को अभी चार साइकिलें प्रदान की गई हैं, और उनकी जरूरतों को देखते हुए आगे भी साइकिलों एवं स्केट्स की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त, खेल सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि ये प्रतिभाशाली बच्चे किसी से पीछे न रहें। उन्हें अपना हुनर दिखाने के उपयुक्त अवसर मिलें। स्पेशल ओलंपिक्स के लिए भी बच्चों को और प्रोत्साहन देकर तैयारी कराने और आत्मनिर्भर बनाने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। सामर्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएसआर और रेडक्रॉस की मदद से उन्हें हर आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।



### साइकिलें पाकर खिले बच्चों के चेहरे

वहीं, साइकिलें मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से चमक उठे। उन्होंने उत्साहपूर्वक प्रेम आश्रम परिसर में साइकिलिंग की और प्रशासन का धन्यवाद किया। उनकी प्रसन्नता देखकर वहां मौजूद सभी लोग अभिभूत थे। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी जितेंद्र शर्मा और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

साथ ही, नगर निगम के माध्यम से प्रेम आश्रम की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रेम आश्रम की प्रिंसिपल सिस्टर संजना ने जिला प्रशासन का आभार जताया।

## हिमाचल में पूर्व रेरा चेयरमैन पर एफआईआर की मांग

पूर्व एएजी बोले-10 लाख का सेब मुफ्त बांटा, मामला दर्ज करें, वरना खुद शिकायत देंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 31 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं रियल एस्टेट डेवलपमेंट ऑथोरिटी (रेरा) के पूर्व चेयरमैन डा. श्रीकांत बाल्दी के खिलाफ एफआईआर की मांग उठने लगी है। प्रदेश के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल विनय शर्मा ने इसे भ्रष्टाचार बताते हुए बाल्दी पर मामला दर्ज करने की मांग की है।

विनय शर्मा ने कहा कि विजिलेंस इस मामले में स्वतः एक्शन ले सकता है। विजिलेंस को किसी से कोई मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि श्रीकांत बाल्दी बतौर रेरा चेयरमैन फ्री में सेब बांटने को अधिकृत नहीं थे। आईएएस बाल्दी रिटायर हो गए थे। उन्होंने आईएएस के तौर पर नहीं, बल्कि रेरा चेयरमैन के तौर पर मुफ्त सेब बांटा है।

विनय शर्मा ने कहा कि श्रीकांत बाल्दी ने 10 लाख रुपए का सेब आईएएस-आईपीएस मित्रों को बांटा है। इनमें ज्यादातर सेब राजस्थान के आईएएस को दिया गया है। उन्होंने कहा, विजिलेंस यदि 3 दिन में एफआईआर नहीं करती, तो वह खुद लिखित में शिकायत देकर एफआईआर की मांग करेंगे। मामला सामने आने के बाद जांच में पता चला कि 5 साल में बाल्दी ने लगभग 10 लाख रुपए का सेब रेरा चेयरमैन रहते हुए बांटा है, जबकि नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था। इसके बाद श्रीकांत बाल्दी घिरते नजर आ रहे है। सोशल मीडिया पर भी उनके खिलाफ कार्रवाई और रिकवरी की मांग उठ रही है।

राज्य के हाउसिंग मिनिस्टर राजेश धर्माणी ने बताया कि इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी कार्रवाई करेंगे।

श्रीकांत बाल्दी मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्होंने सेब भी ज्यादातर राजस्थान के अधिकारियों को बांटा है। इनमें दूसरे प्रदेशों के रिटायर छ्वक्र रिटायर रेरा चेयरमैन, रेरा मेंबर इत्यादि शामिल है।

## जन विरोधी, कर्मचारी, युवा, महिला, किसान विरोधी वर्तमान कांग्रेस सरकार : नंदा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 31 जनवरी।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार जन विरोधी, कर्मचारी, युवा, महिला, किसान विरोधी है। कांग्रेस की झूठी सरकार ने सत्ता में आने के लिए 10 गारंटियां दी थी जिसमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई, इनके बड़े-बड़े नेताओं ने बोला था कि सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में 1 लाख नौकरी देंगे और 5 साल में 5 लाख नौकरियां देंगे, पर अगर हिसाब किताब जोड़ा जाए तो 2 वर्ष में इस जन विरोधी कांग्रेस सरकार एक लाख से अधिक नौकरियां छीन ली है।

हाल ही में बिजली बोर्ड की नौकरियां को निरस्त करने का फैसला अति निराशाजनक है। नंदा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा बिजली बोर्ड के निदेशक मंडल की बैठक में जो प्रस्ताव आया था, उसमें कुल मिलाकर बिजली बोर्ड में आने वाले समय में 7376 पदों को खत्म किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में 600 पदों को खत्म किया जा रहा है। राज्य बिजली बोर्ड में मंजूर पदों में से 29 फीसदी पदों को खत्म करने का प्रस्ताव है। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के पदों को बोर्ड प्रबंधन के फैसले के बाद खत्म किया जाएगा। बैठक में बोर्ड में 600 पदों को पहले चरण में खत्म करने का प्रस्ताव लाया गया है। इसमें बताया गया कि वर्तमान में बोर्ड में 25435 पद स्वीकृत हैं। इनमें से खाली पदों की संख्या 11989 है। इनमें से बिजली बोर्ड के ऑप्रेशन विंग में 10178 कर्मचारी, स्थापना विंग में 995 कर्मचारी, जैनरेशन विंग में 1014 व 96 कर्मचारी अन्य विभागों में हैं। वर्तमान में बिजली बोर्ड में 13446 कर्मचारी कार्यरत हैं। 600 पद खत्म हुए हैं।

नंदा ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को केवल मात्र अपने मित्रों और अपने खर्चों की पड़ी है, पर जनता के ऊपर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ने का काम इस सरकार ने किया है। हाल ही में सरकार द्वारा 2 साल के अंतर्गत 30 हजार 80 करोड़ का ऋण ले लिया गया है, जो कि आज तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है अब तो सुनने में यह भी आया है कि ग्रामीण क्षेत्र ने सामुदायिक भवनों एवं दुकानों में भी भारी भरकम टैक्स लगने वाला है।

पूरे प्रदेश में कर्मचारी वर्ग डरा हुआ है कि अगले महीने की सैलरी उनके खाते में आयेगी भी या नहीं। सरकार के खजाने खाली हो चुकी है ठेकेदारों को भुगतान हो नहीं रहा है, अब तो कर्मचारी भी आर्थिक तंगी के बोझ में दबा पड़ा है, प्रदेश में क्या होने वाला है उसे पूरी प्रदेश की जनता डरी हुई है।

## परवाणू में डिजीटल अरेस्ट मामले में पांचवी गिरफ्तारी, 10 लाख रुपये हो चुके हैं बरामद

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 31 जनवरी।** परवाणू में डिजीटल अरेस्ट के दो महीने पुराने मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खाते में शिकायतकर्ता से ठगे गए तीन लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस ने शिकायत कर्ता से ठगे गए 18 लाख 65 हजार में से दस लाख रुपये बरामद कर लिए गए हैं। हजार रुपये बरामद कर लिए गए हैं।

सोलन के एसपी गौरव सिंह के अनुसार 8 नवंबर 2024 मूल रूप से मुंबई निवासी और वर्तमान में सोलन के परवाणू के सेक्टर-3 शिकायतकर्ता ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि सात 7 अक्टूबर 2024 को इन्हें अन्जान मोबाईल से एक व्यक्ति, जिसने अपने आपको कोरियर सर्विस का कर्मचारी बताते हुए जानकारी दी कि इनके आधार कार्ड का उपयोग चीन को पार्सल भेजने के लिये किया गया है। जिसमें अवैध ड्रग्स व कुछ अन्य संदिग्ध सामान शामिल है। इस पार्सल अब कस्टम विभाग की कस्टडी में है। फिर उसने शिकायतकर्ता की एक फर्जी सीबीआई अधिकारी से काल ट्रान्सफर करके बात करवाई । फर्जी सीबीआई अधिकारी ने इन्हें कहा कि वे इसके आधार नम्बर के गलत इस्तेमाल की जाँच के लिये एजेंसीज़ को भी शामिल करेंगे, जिसने इन्हें बतलाया कि इस आधार कार्ड का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग मामले में भी किया गया है, साथ ही इसे आगे की जांच के लिये पैसे भेजने को कहा। इन लोगों की धमकी व दबाव के कारण इन्होंने किश्तों में कुल 18लाख 65 हजार रुपए इनके बैंक खाता में ट्रांसफर कर दिए इस पूरे प्रकरण के दौरान ये लोग इन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे। वह 7 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 की सुबह तक डिजीटल अरेस्ट रहे। यह दिन-रात लगातार इनके साथ व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग पर थे। जब पीड़ित ने केस का विवरण मांगा तो उन्होंने कहा कि 10त्न राशि देने के बाद वे इनके सारे पैसे वापस कर देंगे। उसके बाद जब इन्होने उनसे सम्पर्क करने की कोशिश की तो वे लोग इसकी कॉल नहीं उठा रहे थे । इस मामले में परवाणू थाने में मुकदमा दर्जकरके मामले की छानबीन शुरू की गई।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस द्वारा टेक्निकल सैल व साइबर सैल की सहायता से सीडीआर व टावर लोकेशन तथा अन्य रिकार्ड के अवलोकन के आधार पर इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को राजस्थान के उदयपुर से पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है ।

जांच के दौरान पाया गया है कि ठगी का यह नेटवर्क देश के राजस्थान तथा गुजरात राज्यों में काफी समय से सक्रिय था, जो हिमाचल व देश के अन्य राज्यों के लोगों को अपने जाल में फंसा कर ठगी का शिकार बनाते हैं।

इसके अतिरिक्त इन आरोपियों के मोबाइल फोनों की डिटेल व बैंक खातों का विश्लेषण करने तथा जांच के दौरान यह भी पाया गया है कि इस नेटवर्क के आरोपियों के बैंक खातों में क्रिप्टोक्रंसी की अवैध कमाई से क्रिप्टोक्रंसी यूडीटीएस/ बिटकॉइंस / डॉलर के करीब दो से तीन करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन पाए गए। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान 29 दिसंबर 2024 को आरोपी राजस्थान के ब्यावर के लक्ष्मी कालोनी निवासी 21 अनिल चौधरी राजस्थान से गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस थाना परवाणु की टीम द्वारा इस मामले में संलिप्त नेटवर्क के सदस्यों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी आधार पर पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा साईबर ठगी की इस वारदात में संलिप्त एक आरोपी तामिलनाडु के कोयम्बटुर पालराज के नारायणसामी नगर निवासी 32 वर्षीय पालराज को इस मामले में पाबन्द किया गया है। मामले की जाच के दौरान पाया गया है कि गिरफ्तार आरोपियों ने शिकायतकर्ता से धोखाधडी पूर्वक माह अक्तूबर 2024 में तीन लाख रुपये पश्चिम बंगाल राज्य के बन्धन बैंक के खाता में ट्रान्सफर करवाये थे। उसके उपरान्त बन्धन बैंक के उक्त खाता से शिकायतकर्ता से ठगी गई यही राशि पाल राज के खाता में जमा हुई। जांच के दौरान उक्त आरोपी से यह राशि बरामद कर ली गई। अभी तक पुलिस थाना परवाणू की टीम द्वारा इस मामले में शिकायतकर्ता से हुई की साईबर ठगी में से करीब 10 लाख रुपये बरामद कर लिये गये है। अब तक इस मामले में पांच गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं।

# हरियाणा के स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं की गुणवत्ता में हुआ सुधार : कुमारी आरती सिंह

- केंद्र सरकार से राज्य के 769 स्वास्थ्य संस्थानों को मिला 'कायाकल्प' पुरस्कार
- पुरस्कार पाने वाले संस्थानों की पिछले वर्ष से दोगुनी हुई संख्या
- कुरुक्षेत्र के जिला अस्पताल को मिली राज्य में पहली रैंकिंग , पुरस्कार में मिले 50 लाख



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है , इसका सबूत यह है कि इस बार केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा के 769 स्वास्थ्य संस्थानों को ÷कायाकल्प÷ पुरस्कार दिया गया है। गत वर्ष यह पुरस्कार 390 संस्थानों को मिला था।

कुमारी आरती सिंह राव ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उन स्वास्थ्य संस्थानों की सूची जारी की गई है जिनको 'कायाकल्प' पुरस्कार से नवाजा गया है। कुरुक्षेत्र जिला अस्पताल को मौजूदा वित्तीय वर्ष में राज्य स्तर पर पहली रैंकिंग के साथ कायाकल्प पुरस्कार मिला है। इनके अलावा , हरियाणा के 768 अन्य संस्थानों को कायाकल्प पुरस्कार मिला है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कायाकल्प पुरस्कार देने की पहल स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देने में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाली स्वास्थ्य संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी। हरियाणा इन प्रथाओं को अपनाने में अहम भूमिका निभा रहा है तथा प्रत्येक वर्ष इन संस्थानों की संख्या बढ़ रही है तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में इन मानकों को प्राप्त करने में लगातार सुधार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 15 मई 2015 को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय कायाकल्प पुरस्कार देने की पहल की गई थी। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अस्पतालों को कायाकल्प पुरस्कार के लिए तीन स्तरीय मूल्यांकन कर विभिन्न सुविधाओं के आधार पर आंका जाता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने पुरस्कार विजेता स्वास्थ्य संस्थानों एवं इनके स्टॉफ को बधाई देते हुए बताया कि इस वर्ष 769 स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प पुरस्कार दिए गए हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के आकलन में कुरुक्षेत्र का जिला अस्पताल हरियाणा का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बन गया है। कुरुक्षेत्र जिला अस्पताल को मौजूदा वित्तीय वर्ष में पहली रैंकिंग के साथ कायाकल्प पुरस्कार दिया गया है। प्रथम पुरस्कार विजेता इस अस्पताल को 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है।

इसी प्रकार , सोनीपत जिला के गांव बड़खालसा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपनी श्रेणी में पहली रैंकिंग मिली है , और इसको 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

उन्होंने बताया की पुरस्कार पाने वाले 767 स्वास्थ्य संस्थानों में से 19 जिला अस्पताल, 38 सामान्य अस्पताल, 76 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 196 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 438 स्वास्थ्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।

इनके अतिरिक्त, 2 पुरस्कार पर्यावरण की श्रेणी में भी मिले हैं। इनमें सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण अनुकूल अस्पतालों की श्रेणी में गुरुग्राम के सेक्टर 10 स्थित अस्पताल को पहला स्थान मिला तथा 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के वर्ग में अंबाला जिला के मुलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी पहला स्थान मिला तथा 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। हरियाणा के स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल ने बताया कि पिछले वर्ष इसी योजना के तहत 390 स्वास्थ्य संस्थानो को 3,53,95,000 रूपये ( लगभग 3 करोड़ 54 लाख ) के नकद पुरस्कार दिए गए थे। जबकि इस वर्ष स्वास्थ्य संस्थानो की सख्या बढ़ कर लगभग दोगुनी यानि 769 हो गई जिन्हे 5,09,05,000 रूपये ( लगभग 5 करोड़ 9 लाख) के नकद पुरस्कार दिए गए हैं।

## गुरमीत पंवार बने भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के प्रदेश महासचिव

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीयाध्यक्ष राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में ढांड निवासी गुरमीत पंवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन का युवा हरियाणा प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। शुक्रवार ढांड में भाकियू कार्यालय में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश प्रभारी राजीव आर्य ने गुरमीत पंवार को जारी किया गया नियुक्ति पत्र सौंपा। नवनियुक्त युवा प्रदेश महासचिव गुरमीत पंवार को किसान नेता राजीव आर्य सहित अन्य युवा साथियों ने बधाई दी। इस मौके पर युवा प्रदेश महासचिव गुरमीत पंवार ने भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीयाध्यक्ष राजबीर सिंह व हरियाणा प्रभारी राजीव आर्य का नियुक्ति पर धन्यवाद करते हुए कहा कि किसान यूनियन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वाह करते हुए किसानों के हितों की आवाज को बुलंद किया जाएगा और किसान हित में कोई भी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटेंगे।

## बिजली निगम ने डिफाल्टरों पर शुरू की कार्रवाई, कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 31 जनवरी।** अधोया बिजली निगम ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए बिजली कनेक्शन काटने शुरू कर दिए हैं। इनमें वे उपभोक्ता शामिल हैं, जिनके 10 हजार रूपए से अधिक का बिजली बिल बकाया है। अधोया बिजली निगम ने बीते दिसंबर व जनवरी महीने में 362 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटकर उनकी बत्ती गुल कर दी है । इन 362 डिफाल्टरों पर विभाग का 2 करोड़ 56 लाख रुपये बकाया था । बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि नोटिस भेजने के बाद भी उपभोक्ता बकाया बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं। इसलिए अब निगम ने बिजली कनेक्शन काटने का कड़ा फैसला लिया है । इस कार्रवाई के बाद 1640 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं ने बीते दिसंबर और जनवरी माह के दौरान 3 करोड़ 6 लाख रुपये का भुगतान किया है। बीते दो महीने में 3 करोड़ 6 लाख की रिकवरी होना भी अधोया बिजली निगम की बड़ी सफलता है। अधोया बिजली विभाग निगम केवल डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर ही सख्त नहीं है बल्कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ भी जीरो टोलरेंस की निति अपना रहा है। अधोया बिजली विभाग ने बीते दिसंबर बिजली चोरी कर रहे लोगों से 15.50 लाख रुपये जुर्माना वसूला है। जबकि जनवरी महीने में यह जुर्माना 6.50 लाख वसूला गया है। जिन डिफाल्टरों के बिजली कनेक्शन बिल न भरने पर कट जाएंगे। उन्हें दोबारा कनेक्शन लेने के लिए बकाया बिल तो भरना ही होगा साथ ही नए कनेक्शन की पूरी प्रोसेस से गुजरना होगा। उनको दोबारा वे सभी चार्ज देने होंगे जो नए कनेक्शन के समय लगाए जाते हैं। एसडीओ बिजली निगम अधोया विशाल सैनीं ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं का कनेक्शन 28 फरवरी तक काट दिया जाएगा। इससे बचने के लिए 10 हजार रूपए से ज्यादा के बिजली बिल बकायादारों को बिल भरना ही होगा । अपील की जाती है ऐसे सभी उपभोक्ता अपना बिल भर दें । आगामी दिनों में डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने में तेजी लाई जाएगी।

## संसोधित कानून: अब कोर्ट में भी आरोपी को हथकड़ी लगा सकेगी पुलिस

अर्थ प्रकाश/राजेन्द्र कुमार

**सिरसा, 31 जनवरी।** एक जुलाई 2024 से तीन नए कानूनों लागू होने के साथ ही अब कुछ मामलों में आरोपी को कोर्ट में पेश करते समय भी पुलिस हथकड़ी लगा सकेगी। इसी कड़ी के तहत आज डिंग थाना पुलिस ने गांव भावदीन क्षेत्र से 5 किलो 172 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी जसवंत सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी संघा,पंजाब को हथकड़ी लगाकर अदालत में पेश किया।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि नए कानून के तहत पुलिस को कुछ मामलों में शक्तियां प्रदान की गई है,जिसके तहत 12 तरह के अपराधियों को पुलिस अपने स्तर पर ही हथकड़ी पहना सकती है। नए कानूनों के तहत पुलिस अधिकारी,अपराध की प्रकृति और गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए किसी ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी करते समय या न्यायालय के समक्ष ऐसे व्यक्ति को पेश करते समय हथकड़ी का प्रयोग कर सकता है, जो अभ्यासिक या आदतन अपराधी है या अभिरक्षा से निकल भागा है,जिसने संगठित अपराध,आतंकवादी कृत्य, औषध संबंधी अपराध, अस्त्र और शस्त्र पर अवैध कब्जे, हत्या,बलात्संग, एसिड हमला,सिक्कों और करेंसी नोट का कूटकरण, मानव दुर्व्यापार,बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराध या राज्य के विरुद्ध अपराध कोई अपराध करता है,ऐसे व्यक्ति को पुलिस द्वारा हथकड़ी लगाकर अदालत में पेश किया जाएगा।

## नगर निगम चुनाव : कांग्रेस ने पं. राजकुमार त्यागी को बनाया संयोजक

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 31 जनवरी।** कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व द्वारा नगर निगम तथा निकाय चुनाव के लिये इंचार्ज, संयोजक, सह संयोजक व सदस्यों की कमेटी गठित की है। आने वाले चुनावों को लेकर रणनीति बनाने के लिये चुनाव कमेटी की एक बैठक का आयोजन पं. राजकुमार त्यागी के निवास पर किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये पं. राजकुमार त्यागी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने आने वाले मेयर और नगर निगम चुनावों को लेकर उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें यमुनानगर-जगाधरी (शहर) का संयोजक बनाया गया है। जिसके लिये उन्होंने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है वह उसे पूरी ईमानदारी से निभायेंगे। उन्होंने बताया कि यमुनानगर-जगाधरी के लिये प्रदीप चौधरी को इनचार्ज और रोहित जैन को सह इंचार्ज बनाया गया है। इसमें जाकिर हुसैन को ग्रामीण संयोजक, गुरदयाल पुरी, देवेन्द्र शर्मा को शहरी सह संयोजक तथा चौ. बरखा राम, नर सिंह पाल को ग्रामीण सह संयोजक, रोशन लाल, मनोज जयरामपुर, एडवोकेट सतीश सांगवान, निर्मला चौहान, विकास बंसल, राकेश शर्मा व कुलदीप गुप्ता को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है।

राज कुमार त्यागी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे हरियाणा में इस तरह सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, कार्यकर्ताओं की आने वाले चुनावों मैं जिम्मेदारियां लगायी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव अपने सिम्बल पर ही लड़ेगी। त्यागी ने कहा कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है और हर कार्यकर्ता पूरी ताकत व मजबूती से वार्ड स्तर पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के लिए काम करेगा।

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम तथा निकाय के चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता अपने आवेदन पत्र के साथ अपने अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर 5 कार्यकर्ताओं, बूथ एजेंट के पूर्ण विवरण के साथ किसी भी संयोजक व सदस्य के पास निःशुल्क जमा करा सकते हैं।

## खाली प्लाट में पड़े 6 माह के बच्चे के भ्रूण को कुत्तों ने नोचा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 31 जनवरी।** हल्के के गांव करहंस के एक खाली प्लाट में नवजात शिशु का मृत अवस्था मे भ्रूण मिला। जिससे कुत्ते नोच रहे थे। पता चलने पर ग्रामीणों ने कुत्तों को भगा कर गांव की महिला सरपंच को सूचित किया। महिला सरपंच ने मौके पर पहुँच डायल 112 को फोन कर सूचना दी। जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुँच आवश्यक कार्यवाही करते हुए भ्रूण को अपने साथ ले गई।

करहंस गांव की महिला सरपंच सुखबीरी ने जानकारी देते जुए बताया कि गांव के भूनन वाला मौहल्ला मकान ( घेर) वीरभान पुत्र फतेहसिहं के पास गली के एक खाली प्लाट में एक नवजात बच्चे का भ्रूण मृत अवस्था में पडा था। जिस सूचना के डायल 112 पर दी गई। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात औरत ने बच्चे को जन्म देकर अपनी पहचान छुपाते हुये गली मे फैंक दिया था। मृत भ्रूण करीब 5-6 महिने जान पड़ता है। जिसकी एक टांग आवारा कुत्तों ने नोंच खाई। जिसकी नवजात बच्चे बारे लडका या लडकी होने बारे कोई पता नही है। उन्होंने अज्ञात बच्चे को जन्म देने वाली औरत के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग करते हुए थाना समालखा में लिखित शिकायत दी है।

थाना प्रभारी दिपक ने बताया कि करहंस गांव के खाली प्लाट में मृत भ्रूण मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर गांव में पहुंचे थे। जहां मौजूद लोगों की उपस्थिति में मृत भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के

## केबल और इंटरनेट संचालकों ने फैलाया अवैध तरीके से तारों का जाल, अधिकारी नहीं करते कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 31 जनवरी।** शहर में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और केबल व इंटरनेट संचालकों की मनमर्जी लगातार बढ़ती जा रही है। अनधिकृत कॉलोनियों से लेकर नियमित कालोनियों में केबल टीबी और इंटरनेट की तारो का जाल फैला हुआ है। जंगह जंगह केबल टीबी के लिए लगे बक्से और प्राइवेट इंटरनेट के बक्सों से तारों का जाल इस तरह से फैला हुआ है कि गलियों में घरों की छत से तार ज्यादा और जमीन कम नजर आती है।

इसके पीछे प्राइवेट केबल टीबी और इंटरनेट संचालकों का हाथ होता है। जो बिना इजाजत के इस काम को अंजाम देते हैं। नामी इंटरनेट ककम्पनिय कम दाम में सेवाएं उपलब्ध कराता है, जिससे लोग ज्यादा मात्रा में इसका उपयोग करते हैं। इससे तारों का जाल इलाके में फैल जाता है। खंभों पर इंटरनेट व केबल के तारों को अवैध रूप से डाला जा रहा है। गलियों व कालोनियों में लगे खंभों पर इन अवैध तारों के डालने से वर्षा के दौरान हादसे का खतरा मंडराता रहता है। पूरे शहर व आसपास की कॉलोनियों में खंभों पर तारों का गुच्छा बना हुआ है। विद्युत विभाग और इंटरनेट व केबल प्रदाताओं की लापरवाही से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

एसडीओ शिवकुमार ने बताया कि बिना अप्रूवल के बिजली के खम्बो पर गलत तरीके से अवैध तारो का जाल मिलता है तो नियमानुसार उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध: संजीव अत्री

**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)।** समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 5 समस्याएं आई। जिनको नायब तहसीलदार द्वारा सुना गया और जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान सम्भव था उनका मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों में निर्धारित समय सीमा में समाधान करते हुए एटीआर/एक्शन टेकन रिर्पोट भेजने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों की निरंतर अंतराल पर मॉनिटरिंग की जा रही है। नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि समाधान शिविर की शिकायतों के समाधान में देरी व लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन उपमण्डल स्तर पर एसडीएम कॉम्पलैक्स के कान्फ्रैंस हॉल में आयोजित किया जाता है।

## पिहोवा में सरस्वती महोत्सव की शुरुआत करने वाला सरस्वती युवा संगठन

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 31 जनवरी।** पिहोवा में इन दोनों सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस सरस्वती महोत्सव को पिहोवा धार्मिक नगरी से उठाकर हरियाणा व उसके बाद राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का श्रेय केवल सरस्वती युवा संगठन को है वर्ष 1985 में पिहोवा के इतिहासकार विनोद पचोली यात्रा पर गए थे ।

बिहार में उन्हें कुछ बच्चे मिले जिन्होंने उनसे चंदा मांगा। बच्चों ने बताया कि वह बसंत पंचमी सरस्वती उत्सव मनाएंगे। पिहोवा आकर उन्होंने महंत बंसी पुरी जी के साथ मिलकर बाबा श्रवण स्कूल में कार्यरत कर्मचारी परमानंद चौबे से बात की तथा परमानंद चौबे ने अगले वर्ष बसंत पंचमी पर पीले वस्त्र ले स्कूली नन्हे नन्हे बच्चों को लेकर शोभा यात्रा निकाली। इस शोभायात्रा से लोगों के मन में सरस्वती के प्रति जागृति आई। उसके बाद वर्ष 2001 में कुछ युवा इकट्ठे हुए तथा उन्होंने सरस्वती युवा संगठन के नाम से एक संगठन बनाया ।जिसका प्रधान जयपाल कौशिक को बनाया गया ।योगेश लकी महासचिव बने तथा उनके साथ पंकज शहल मुकट बिहारी रामनाथ चक्रपाणि सुनील व्यास रविकांत मोहितेश सहित दर्जनों युवा लग गए। प्रथम बार उन्होंने रात्रि को भजन संध्या की तथा बसंत पंचमी को सरस्वती पूजन करके भंडारा लगाया ।उसके पश्चात युवाओं ने पीछे मुड़कर ही नहीं देखा उनका आयोजन लोगों को पसंद आया तथा समारोह बढ़ाकर तीन दिन का कर दिया गया ।और उसके बाद 5 दिन हो गया। पांचो दिन भजन संध्या मां सरस्वती की विशाल प्रतिमा सरस्वती मा पूजन साधु पूजन कन्या पूजन भंडारा आयोजित किए जाने लगे ।

हैरानी की बात है कि भंडारे में जो मां का प्रसाद हलवा तैयार किया जाता है। वह लगभग तीन क्विंटल देसी घी एक क्विंटल खोया काजू बादाम व अन्य सामग्री से तैयार किया जाता है। इस भंडारे में पूरा शहर उमढ़ने लगा ।इसके बढ़ते लोकप्रिय को देखकर वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी आए उन्होंने भी पिहोवा में सरकारी स्तर पर सरस्वती महोत्सव मनाया तथा घोषणा भी कि वह अगले वर्ष से इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाएंगे । दो वर्ष तक सरकार ने इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया। समारोह में लाखों की भीड़ जूटने लगी। परंतु 2 वर्ष के बाद ही सरकार ने अपने हाथ खींच लिए। सरकार की ओर से महोत्सव दम तोड़ने लगा।

परंतु सरस्वती युवा संगठन के युवाओं ने इसे नहीं छोड़ा ।कोरोना काल में भी भजन संध्या कार्यक्रम तो बंद हो गए ।परंतु भंडारे का आयोजन चलता रहा ।जो आज भी लगातार जारी है। 2 फरवरी को मां सरस्वती युवा संगठन की ओर से सरस्वती पूजन हवन यज्ञ साधु पूजन कन्या पूजन भंडारा व रात्रि को आतिशबाजी के साथ यह सरस्वती प्रकटोत्सव मनाया जाएगा ।वही इस बार फिर सरस्वती हेरिटेज बोर्ड भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरस्वती महोत्सव मना रहा है। सरस मेला व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं । इस सरस्वती प्रकटोत्सव सरस्वती महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का श्रेय सरस्वती युवा संगठन को है ।जो आज भी से मना रहे हैं।




## लोक कलाकार महाबीर गुड्डू के हरियाणवी गीतों ने बांधा समा

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** अंर्तराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन सरस्वती तट पर विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पदमश्री अलंकृत और संगीत के राष्ट्रपति अवार्डि अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार महाबीर गुड्डु के हरियाणवी गीतों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। लोगों की विशेष मांग पर उन्होंने बम-बम लहरी सुनाया, जिस पर दर्शक खूब झूमे। उन्होंने कई किस्से सुनाकर लोगों को हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवाया। हरियाणवी संस्कृति एवं कला पर कई रोचक किस्से सुनाकर लोगों का समा बांधे रखा। इसके अतिरिक्त भारतीय सैनिकों की शहीदीयों पर कई किस्से सुनाए । राजस्थान के जयपुर से आए राणा एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, चरी डांस, बंजारा-बंजारी, बालम दोसारा अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## नकाबपोश बदमाशों का आतंक, दो वाहनों से लूटकर फरार

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि




**घरौंडा, 31 जनवरी।** घरौंडा के झिवरेहड़ी रजवाहा पुल के पास बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। सात-आठ नकाबपोश बदमाशों ने सड़क पर दो वाहनों को रोककर चाकू और डंडों के बल पर 18 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए।

सोनीपत के गन्नौर कस्बे के गांधी नगर निवासी सोनू अपनी पत्नी हेमलता और बेटे के साथ अपनी भांजी की शादी के लिए पानीपत से सब्जी लेकर बहन के घर जा रहे थे। उन्होंने किराए पर टाटा ऐस गाड़ी ली थी, जिसे मेरठ निवासी कपिल चला रहा था। रास्ते में ड्राइवर ने बसताड़ा टोल बचाने के लिए जीटी रोड की बजाय लोकल रोड पकड़ ली। झिवरेहड़ी पुल के पास पहले से खड़े नकाबपोश बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोक ली।

एक बदमाश ने ड्राइवर कपिल की गर्दन पर चाकू रख दिया, जबकि अन्य बदमाशों ने सोनू की जेब से 10 हजार रुपए निकाल लिए। इसी दौरान पीछे आ रहे कैंटर के ड्राइवर शंभू (निवासी सहदपुरा, करनाल) को भी बदमाशों ने रोक लिया और 8 हजार रुपए लूट लिए।

घटना के बाद पीड़ितों ने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। रात करीब 11:25 बजे पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर रजवाहे में कूदकर फरार हो गए।

सूचना मिलते ही मधुबन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। एसआई धर्मेंद्र के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। सोनू की शिकायत के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। वारदात के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# भाजपा व आप के पास बातों के सिवाय कुछ नहीं, बातों से जनता को कर रहे है गुमराह : कुमारी सैलजा

कहा- दोनों के जहन में भरा है जहर, दोनों की विचारधारा हो चुकी है प्रदूषित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिच, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) बातें करके ही जनता को ठगती है क्योंकि इन दोनों के पास बातों के सिवाय कुछ भी नहीं है। देश में असली प्रदूषण तो भाजपा और आप फैला रही है। पंजाब और हरियाणा नशे के चलते बर्बादी की ओर बढ़ रहे है तो दिल्ली में शराब घोटाला किसी से छिपा नहीं हैं। भाजपा हिंदू -मुस्लिम कर माहौल बिगड़ना चाहती है। भाजपा एक ओर जहां संविधान को बदलना चाहती है वहीं एससी-बीसी के आरक्षण को खत्म करने की एक सोची-समझी नीति पर काम कर रही है पर कांग्रेस इस साजिश को सफल नहीं होने देगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा और आप ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे वह जनता के समक्ष रख सके, आज दोनों ही पार्टी एक दूसरे को गालियां देने में लगी हुई है और अब तो ऐसा लग रहा है कि इन दोनों पार्टियों के बीच गालियों की प्रतियोगिता चल रही हो। दोनों ही पार्टियों के जहन में जहर भरा हुआ है, इनकी विचारधारा प्रदूषित हो चुकी है, जनता को गुमराह करने के लिए आज दोनों ही एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। हालात ये है कि आज गरीब, दलित, मध्यम वर्ग, महिला, किसान, मजदूर, व्यापारी सब भाजपा सरकार से परेशान है, इन लोगों को भाजपा ने सब्जबाग दिखाए थे और आज जनता वोट देकर भाजपा और आप दोनों को कोस रही है। आज देश का व्यक्ति पहले से अधिक जागरूक हो चुका है वह किसी के बहकावे में



आना वाला नहीं है अब वह जो भी कदम उठाएगा वह बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखकर ही उठाएगा।

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा और आप के कार्यकाल में घोटाले ही घोटाले हुए है, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है, आज जब जनता के सामने हकीकत आई है तो दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाने में लगे हुए है। जन कल्याण के लिए जो पैसा आता है उसका भाजपा और आप सरकारें विज्ञापन पर खर्च कर रही है, इस पैसे को जनकल्याण कार्य में लगाकर बहुत से लोगों का भला किया जा सकता था। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा न तो पारदर्शी तरीके से काम कर रही है और न ही संविधान के हिसाब से संविधान में एससी-बीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया हुआ है। एचकेआरएम की भर्तियों में आरक्षण का प्रावधान नहीं रखा गया है। ऐसा करके हरियाणा की बीजेपी सरकार एससी-बीसी के आरक्षण को खत्म करने की एक सोची-समझी नीति पर काम कर रही है जिसे कभी भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा सरकार संविधान और रोजगार को खत्म करने पर तुली है। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर कोई भर्ती नहीं की गई, युवाओं को रोजगार के नाम पर ठेके पर रखा जाता है।

**दिल्ली की जनता बदलाव और कांग्रेस की सरकार चाहती है**

दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में कुमारी सैलजा ने ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार गर्वित सिंघवी और छतरपुर विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार राजेन्द्र तंवर के पक्ष में सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि दिल्ली में बदलाव की बयार बह रही है। दिल्ली में आने वाला समय कांग्रेस का है और जनता ने कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। दिल्ली की शान को कांग्रेस ही लेकर आएगी, शीला दीक्षित के राज में दिल्ली का अभूतपूर्व विकास हुआ था और भी लोग शीला दीक्षित के राज को याद कर रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि आप ने झूठ के सिवाय कुछ नहीं दिया, दिल्ली में टूटी सड़के, जगह जगह लगे कूड़े के ढेर बता रहे है कि आप सरकार ने दिल्ली में कैसा विकास करवाया।

# केंद्र से श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल को 10 करोड़ रुपए की अनुदान राशि मिली

अस्पताल में पुरानी रीढ़ की हड्डी की बीमारियों की देखभाल के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नत करने में मिलेगी मदद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, चंडीगढ़ को लगभग 10 करोड़ रुपये के अनुदान की मंजूरी मिली है। श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, आयुर्वेदिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में एक प्रमुख संस्थान है। इस राशि से आयुर्वेद स्वास्थ्य योजना के सीओई घटक के तहत आयुर्वेदिक प्रबंधन और पुरानी रीढ़ की हड्डी की बीमारियों की देखभाल के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उन्नत करने के लिए मदद मिलेगी। साथ ही कॉलेज के बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक कार्यक्रमों और अनुसंधान पहलों को और बढ़ाने के लिए किया जाएगा। इस परियोजना में, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, प्रिंसिपल मुख्य अन्वेषक के रूप में कार्य करेंगे। डॉ. ए. शंकर बाबू, निदेशक अस्पताल सह-पीआई के रूप में, डॉ. प्रगति ए. कटारिया प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, कायाचिकित्सा विभाग सह-पीआई के रूप में और डॉ. कनिका अग्रवाल, प्रोफेसर, पंचकर्म विभाग सह-पीआई के रूप में कार्य करेंगे। श्री धनवंतरी एजुकेशनल सोसाइटी (पंजीकृत) चंडीगढ़ के महासचिव डॉ. नरेश मित्तल ने अनुदान के लिए भारत सरकार के प्रति अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अनुदान आयुर्वेदिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के समर्पण का प्रमाण है। हम अपने कार्यक्रमों को और मजबूत करने और देश में आयुर्वेद के विकास में योगदान देने के लिए इन निधियों का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने फरवरी 2025 में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एक नए 250 बिस्तरों वाले आयुर्वेदिक अस्पताल के उद्घाटन की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त, डॉ. मित्तल ने बताया कि उनका अस्पताल कैशलेस सीजीएचएस पैनल, एनएबीएच मान्यता तथा हरियाणा सरकार और अन्य एजेंसियों के साथ पैनलबद्ध है। श्री सुदर्शन कुमार शर्मा, निदेशक, और डॉ. सुमित श्रीवास्तव, प्रिंसिपल, एस डी ए सी एच, चंडीगढ़ ने भी अनुदान के लिए भारत सरकार के प्रति अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह अनुदान हमें अपने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और अपने छात्रों को आयुर्वेद में विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल के बारे में श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल, 1975 में स्थापित, आयुर्वेदिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में एक प्रमुख संस्थान है। यह कॉलेज श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा से संबद्ध है, और इसे राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग, भारत सरकार, आयुष मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है। संस्थान ने 2500 से अधिक प्रशिक्षित स्नातक तैयार किए हैं जो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बीमार मानवता की सेवा कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं या अपने स्वयं के व्यवसायों में अच्छी स्थिति में हैं।

## पर्यटकों से भरी नाव पलटने से हडकंप एनडीआरएफ की तत्परता से टला बड़ा हादसा

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** शुक्रवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब मानमंदिर घाट पर नौका विहार करते हुए अचानक से यात्रियों से भरी एक नाव पलट गई। घाट पर मौजूद लोगों की चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सुचना मिलते ही तत्काल मौके पर जल पुलिस प्रभारी और एनडीआरएफ की टीम पहुंची और उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। टीम की त्वरित कार्यवाही के चलते एक बड़ा हादसा टल गया और सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। बड़ी नाव की टक्कर से छोटी नाव पलट गयी और उसमें सवार 6 लोग पानी में गिर गये। हालांकि सभी ने लाइफ जैकेट पहन रखा था। सभी जोर-जोर से चिल्लाने लगे। जिसके बाद जल पुलिस औरएंडीआरएफ टीम के सहयोग से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## सीएम नीतीश कुमार दो फरवरी को जाएंगे बांका, विकास कार्यों का करेंगे उद्‌घाटन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**बांका।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति यात्रा के तहत विकास योजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। यात्रा के चौथे चरण के तहत मुख्यमंत्री दो फरवरी को बांका जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बांका जिले के रजौन प्रखंड के उन्नति ग्राम (स्मार्ट गांव) बाबरचक और ओढ़नी डेम में निर्मित नवनिर्मित पर्यटन रिसॉर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे इन स्थानों पर बनाए गए थीम पार्क और कैफेटेरिया का भी निरीक्षण करेंगे, जो पर्यटन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देंगे। मुख्यमंत्री की इस यात्रा के दौरान एक



और महत्वपूर्ण आयोजन होगा, जिसमें वे अमरपुर प्रखंड के राजपुर में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान मंत्री जयंत राज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बांका दौरे के दौरान कई बड़ी सौगात देने वाले हैं। वो कई सारी योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। बांका हमेशा से एनडीए का गढ़ रहा है। ऐसे में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में हम बड़ी जीत दर्ज करेंगे। हमें अपने कामों पर विश्वास है कि जनता हमें सेवा का एक बार और मौका देगी। मेडिकल कॉलेज बनने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार होगा और स्थानीय छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा।

मंत्री जयंत राज कुशवाहा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर सभी तैयारियां समय पर पूरी हो जाएंगी। सभा स्थल की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह दौरा बांका जिले के विकास कार्यों के मद्देनजर महत्वपूर्ण रहने वाली है। हम इसके सफल आयोजन के लिए लगे हुए हैं।



अमरावतीः एपी के नए डीजीपी के रूप में डीजीपी कार्यालय में परिवार ग्रहण करने के बाद श्री हरीश कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू से उनके उंदावल्ली आवास पर पुष्प बुकि देकर से मुलाकात किया।

(बोम्मा रेड्डी एसएन).

## वेतन न मिलने के विरोध में पब्लिक हैल्थ, सिविल तथा बिजली कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन



फोटोः अजीत कौशल

सेक्रेटरी इंजीनियरिंग की दखल के बाद चीफ इंजीनियर ने प्रदर्शनकारी मुलाजिमों से की बात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एम सी एम्पलाईज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ के आवाहन पर शुक्रवार शाम को पब्लिक हेल्थ,सिविल तथा बिजली कर्मियों ने चंडीगढ़ सेक्रेटेरिएट सैक्टर 9 के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। वर्करों को कोऑर्डिनेशन कमेटी के प्रधान सतिंदर सिंह महासचिव राकेश कुमार, चेयरमैन अनिल कुमार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजिंदर कुमार, सुखबीर सिंह,शाम लाल यूनियन के प्रधान किशोरी लाल, चेयरमैन वरिंदर बिष्ट, वाइस प्रेसिडेंट सुखविंदर सिंह तथा सुनील मलिक ने किया।

कर्मियों ने चीफ इंजीनियर दफ्तर से नए सेक्रेटेरिएट तक विरोध मार्च भी किया ।इसी बीच सेक्रेटरी इंजीनियरिंग प्रेरणा पुरी के दखल के बाद माननीय चीफ इंजीनियर सीबी ओझा ने प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से बात करते हुए बताया कि मुख्य सचिव ने निर्देश दे दिय है कि वेजेस हेड के सारे बिल नेगेटिव में पास किए जाए ताकि वर्करों को वेतन मिल सके।

चीफ इंजीनियर ने यह भरोसा भी दिया कि मेडिकल हेड का बजट सेक्शन हो गया किन्तु ट्रांजैक्शन में प्रॉब्लम आ रही है जो एक दो दिन में हल हो जाएगी। यहां यह बताना जरूरी है कि 10 तथा 18 दिसंबर और 3 तथा 22 जनवरी को भी चीफ इंजीनियर सीबी ओझा ने यूनियन को भरोसा दिया था सैलरी जल्द आ जाएगी किंतु आज तक कुछ प्रगति नहीं हुई। किसी भी वर्कर की पैंडिंग सैलरी नहीं आई, इस लिए यूनियन को आज फिर प्रदर्शन करना पड़ा। अगर आज दिए गए भरोसे अनुसार मांगो का समाधान नहीं किया गया तो आगे 3 फरवरी को भी प्रदर्शन जारी रहेगा।

## 14 करोड़ डॉलर के निवेश व ईस्पोर्ट्स के विस्तार के साथ गेमिंग इकोसिस्टम को मजबूत करेगी क्राफ्टन इंडिया

**चंडीगढ़।** लोकप्रिय मोबाइल गेम बीजीएमआई (बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया) बनाने वाली कंपनी क्राफ्टन इंडिया ने भारत की तेजी से बढ़ती गेमिंग इंडस्ट्री को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। लंबी अवधि के अपने विजन के तहत कंपनी 3-4 नए गेम टाइटल्स लॉन्च करने और भारतीय गेमर्स के लिए अपनी पेशकश को और विस्तार देने की दिशा में काम कर रही है। भारत के गेमिंग इकोसिस्टम को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्राफ्टन इंडिया ने 2021 से भारतीय स्टार्टअप्स को 17 करोड़ डॉलर से ज्यादा का समर्थन देने की प्रतिबद्धता दिखाई है। साथ ही आगामी वर्षों में इनोवेशन को बढ़ावा देने और गेमिंग व इससे संबंधित टेक्नोलॉजी सेक्टर्स के विकास के लिए 14 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त निवेश की योजना भी बनाई है। इसके अतिरिक्त, कंपनी बीजीआईएस और बीएमपीएस 2025 के माध्यम से 4 करोड़ रुपये के प्राइज पूल की घोषणा करते हुए ईस्पोर्ट्स को और मजबूती दे रही है। यह कदम देश की प्रतिभाशाली गेमिंग कम्युनिटी के लिए प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता दिखाता है। क्र ाफ्टन इंडिया भारत में अपने वर्कफोर्स को 30 से 40 प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी में भी है। इसके लिए स्थानीय प्रतिभाओं पर फोकस बढ़ाया जाएगा और दुनिया के सबसे डायनामिक गेमिंग मार्केट में अपने ऑपरेशन को मजबूती दी जाएगी।

## आदिवासी व पिछड़े समाज का अपमान करना कांग्रेस की आदत : केशव प्रसाद मौर्य

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की आदत बन चुकी है।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर सवाल खड़े किए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन गई है। उन्होंने आगे कहा



कि कांग्रेस को न आदिवासी समाज की बेटी का राष्ट्रपति बनना पसंद आया, न ही पिछड़ी जाति से गरीब मां के बेटे का प्रधानमंत्री बनना। अब कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी जी ने 'बेचारी' शब्द का इस्तेमाल कर न केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी, बल्कि पूरे आदिवासी समाज का अपमान किया है। उन्होंने आगे कहा कि क्या कांग्रेस आदिवासी, अनुसूचित जातियों और ओबीसी को हमेशा अपमानित करती रहेगी? कांग्रेस नेतृत्व को तुरंत सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

बता दें कि संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर बवाल मच गया है। सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को 'पुअर लेडी' कहा। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'बोरिंग' बताया।

दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने सोनिया गांधी के बयान पर नाराजगी जताई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ÷आज के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के भविष्य और विकास का लेखा-जोखा हमारे समक्ष रखा है। पूरे देश ने उन्हें ध्यान के साथ सुना है और उनकी सराहना की है, लेकिन दुखद है कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति पर ऐसा कमेंट किया। उन्होंने राष्ट्रपति को 'बेचारी' कहा है। यह भी कहा है कि वह अपने भाषण में थक गई थीं। भारतवर्ष एक गणतंत्र और विश्व का सर्वोच्च लोकतंत्र है। राष्ट्रपति कभी भी 'बेचारी' नहीं हो सकतीं। सोनिया गांधी को अपनी टिप्पणी के लिए राष्ट्रपति से क्षमा याचना करनी चाहिए।

## स्विगी डाइनआउट ने पटियाला में रखा कदम: डाइनिंग पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

**पटियाला।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने सिटी ऑफ गार्डेस पटियाला में स्विगी डाइनआउट सर्विस शुरू की है। इस लॉन्चिंग के साथ शहर के स्वाद के दीवानों को एक्सक्लूसिव डाइनिंग ऑफर्स का आनंद मिलेगा। इस सर्विस की शुरुआत से शहर के लोग अब अपने डाइनिंग बिल पर 50 प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं। फर्स्ट-टाइम यूजर्स को 250 रुपये की अतिरिक्त छूट के साथ स्विगी डाइनआउट ने डाइनिंग आउट के हर अनुभव को रिवार्डिंग बना दिया है।

2024 में स्विगी डाइनआउट ने भारत के 48 शहरों में 2.2 करोड़ से ज्यादा लोगों को जोड़ा और उन्हें रेस्टोरेंट बिल पर कुल 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत करने में सहायता की। स्विगी डाइनआउट नेटवर्क में पटियाला के जुड़ने से अब शहर के खाने के शौकीन लोग सुगमता के साथ डाइनिंग रिजर्वेशन व शानदार बचत का आनंद ले सकेंगे, साथ ही शहर के टॉप डाइनिंग डेस्टिनेशंस तक उनकी पहुंच आसान होगी। इसमें मिलने वाली छूट चाइनीज, कॉन्टिनेंटल, नॉर्थ इंडियन, पिज्जेरिया, डेजर्ट्स आदि जैसे कई तरह के व्यंजनों पर उपलब्ध होगी। स्वाद के शौकीन लोग फाइन डाइनिंग, कैजुअल डाइनिंग, पब एंड बार, कैफे और न्यू एंड ट्रेंडिंग स्पॉट्स आदि की बड़ी रेंज में से अपना पसंदीदा विकल्प चुन सकेंगे। स्विगी डाइनआउट ने पटियाला के प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय रेस्टोरेंट्स से हाथ मिलाया है, जिनमें कैफे देल्ही हाइट्स, डोर नं. 3, स्वागत रेस्ट्रोबार, ब्रू एस्टेट, द बेलरॉक रेस्ट्रो बार, बोहेम- किचन एंड बार और बिरयानी बाय किलो जैसे नाम शामिल हैं। किसी पारिवारिक उत्सव से लेकर कैजुअल आउटिंग तक, अब पटियाला में डाइनिंग पहले की तुलना में ज्यादा आकर्षक और किफायती हो गई है।

# फर्जी तरीके से औद्योगिक प्लॉट की नीलामी कराने पर बड़खल तहसीलदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हाई कोर्ट और जिला उपायुक्त के आदेश भी किये नजरअंदाज

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। थाना मुजेसर पुलिस ने बड़खल तहसीलदार नेहा सरन के खिलाफ गलत तरीके एक औद्योगिक प्लाट की नीलामी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। मामला फरीदाबाद एनआईटी स्थित एक औद्योगिक प्लाट की नीलामी से जुड़ा है। करोड़ों रुपए का यह प्लाट किसी दूसरी कंपनी का था लेकिन उसे किसी और कंपनी का बताकर नीलामी करा दी गई। इस बारे में तहसीलदार को बताया भी गया लेकिन उन्होंने प्लॉट के असल मालिक की बात भी नहीं सुनी।

मिली जानकारी के अनुसार पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट और डिप्टी कमिश्नर ने इस कार्रवाई को रोकने के लिए कहा था लेकिन तहसीलदार ने वह बात भी नहीं मानी। मामला पुलिस तक पहुंचा, जिसके बाद बड़खल तहसीलदार नेहा सरन के खिलाफ जालसाजी की ऋढ्ढक्रदर्ज हो गई। तहसीलदार के साथ इस मामले में नव भारत पेंट्स के मालिक दीपक मनचंदा, राकेश दीवान और पुलकित दीवान को भी आईपीसी की



धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी के तहत दर्ज नामजद किया गया है।

फ्रेंड्स ऑटो इंडिया लिमिटेड के निदेशक अमरजीत सिंह चावला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एनआईटी फरीदाबाद के औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट नंबर 38-ए है। जिसका स्वामित्व मेसर्स यूनिक स्प्रिंग (इंडिया) के पास था। उनकी कंपनी ने इसे मासिक किराए पर लिया था। हालांकि बाद में इसे छो? दिया। जिसके बाद यूनिक स्प्रिंग ने यह प्लॉट मेसर्स मेहर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड को किराए पर दे दिया।

उनकी कंपनी फ्रेंड्स ऑटो इंडिया का मेसर्स नवभारत पेंट्स के साथ कुछ लेनदेन था। जिसको लेकर नव भारत पेंट्स और फ्रेंड्स ऑटो के बीच मुकदमे शुरू हो चुके थे।। जिसमें



मेसर्स फ्रेंड्स ऑटो इंडिया लिमिटेड के खिलाफ वसूली की कार्रवाई शुरू की गई।

यह कार्रवाई डिप्टी कमिश्नर को भेज दी गई। इसी बीच फ्रेंड्स कंपनी ने चंडीगढ़ में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और वसूली की कार्रवाई पर रोक लगवा दी। हाईकोर्ट ने उनको अपनी शिकायत के लिए सक्षम कोर्ट जाने की छूट दी।

तहसीलदार ने पटवारी से नीलामी नोटिस जारी करा दिया आपत्तियां लंबित होने के बावजूद तहसीलदार बड़खल नेहा सरन ने नवभारत पेंट्स के दीपक मनचंदा, राकेश दीवान और पुलकित दीवान के साथ मिलीभगत की। जिसके बाद पटवारी अजरौंदा फरीदाबाद से प्लॉट नंबर 38-ए, औद्योगिक क्षेत्र, एनआईटी फरीदाबाद की नीलामी के लिए नोटिस जारी करा दिया। इसमें खास बात यह थी कि नोटिस टाइप किया हुआ था लेकिन तारीख हाथ से लिखी गई थी।

चावला ने बताया कि उन्होंने इसको लेकर तुरंत तत्कालीन तहसीलदार बड़खल और जिला कलेक्टर फरीदाबाद के कार्यालय से संपर्क किया। तहसीलदार को विधिवत सूचित किया गया कि आपत्तियां पहले ही दर्ज की जा चुकी हैं और मामला आगे बढ़ने की संभावना है। 29 जुलाई 2024 को तहसीलदार बड़खल को पत्र प्राप्त भी हो चुका था। जिसे डीसी फरीदाबाद कार्यालय ने जारी किया था।

डीसी ने तहसीलदार बड़खल को आदेश दिए थे कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ के 21 मई के आदेश के हिसाब से कार्रवाई की जाए। तहसीलदार बड़खल पर आरोप है कि इन सबके बावजूद उन्होंने आरोपियों के साथ मिलीभगत करके प्लॉट नंबर 38-ए, औद्योगिक क्षेत्र, एनआईटी फरीदाबाद के संबंध में 2 अगस्त 2024 को फिर से नीलामी तय कर दी।

**असल मालिक की बात ठुकराई, कोर्ट में भी झूठ बोला**

इस दौरान मेसर्स यूनिक स्प्रिंग (इंडिया) के मालिक ने तहसीलदार बड़खल फरीदाबाद को एक पत्र भी दिया था कि वह संपत्ति का मालिक है और इस संपत्ति को नीलाम नहीं किया जा सकता है। उनकी बात नहीं मानी गई तो कंपनी ने तहसीलदार बड़खल और अन्य आरोपियों के खिलाफ सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस दौरान खुलासा हुआ कि इस मामले में प्लॉट नंबर 38 की नीलामी होनी थी न कि प्लॉट नंबर 38-ए की। इसके बावजूद नीलामी के नोटिस 38ए के निकाल दिए गए। इसके बाद तहसीलदार बड़खल और अन्य अधिकारी प्लॉट नंबर 38-ए में आए और उसकी नीलामी करा दी। मगर, कोर्ट को बताया गया कि प्लॉट नंबर 38 औद्योगिक क्षेत्र एनआईटी फरीदाबाद की नीलामी की गई है। रिकॉर्ड पर यह स्पष्ट है कि तहसीलदार बड़खल ने आरोपी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत करके उन्हें कुछ विशेष लाभ देने के इरादे से नोटिस बदल दिया। फर्जी नीलामी रिकॉर्ड बनाए, बोली राशि तक तय नहीं आरोप हैं कि प्लॉट नंबर 38, औद्योगिक क्षेत्र एनआईटी फरीदाबाद के फर्जी नीलामी रिकॉर्ड तैयार किए हैं। तहसीलदार बड़खल ने जानकारी होने और डीसी फरीदाबाद के आदेशों के बावजूद सबसे पहले तो प्लॉट नंबर 38-ए औद्योगिक क्षेत्र एनआईटी फरीदाबाद के संबंध में नीलामी की कार्रवाई नहीं रोकी। जब उन्हें पता चला कि उन्होंने गलत नीलामी नोटिस जारी किए हैं, तो प्लॉट नंबर 38 औद्योगिक क्षेत्र एनआईटी फरीदाबाद की नीलामी कार्रवाई के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। यही नहीं, इस नीलामी को लेकर न तो कोई बोली राशि तय की गई थी, न ही नीलामी का प्रकाशन किया गया था। इस प्लॉट में कथित खरीदार राकेश दीवान से 2 अगस्त 2024 से पहले कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी।

मुजेसर थाना में दर्ज हुआ केस, छानबीन शुरू थाना मुजेसर के ्रस्ढ्ढ ईश्वर सिंह ने तहसीलदार पर केस दर्ज होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि अमरजीत चावला नाम के व्यक्ति की शिकायत पर ब?खल तहसीलदार नेहा सरन, दीपक मनचंदा, राकेश दीवान और पुलकित दीवान के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की पुलिस के स्तर पर आगे जांच की जा रही है।

## रवनीत बिट्टू के बयान पर 'आप' ने कहा-भाजपा लगातार पंजाबियों को बदनाम करने की कर रही है कोशिश

# चुनाव आयोग बन चुका है भाजपा का गुलाम, पंजाब के सीएम के यहां छापे मारते हैं, लेकिन परवेश वर्मा के पैसे बांटने पर चुप: कंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत बिट्टू के पंजाब के मुख्यमंत्री के दिल्ली आवास पर छापे से संबंधित बयान पर आम आदमी पार्टी (आप) ने पलटवार किया है। 'आप' सांसद और पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने इस घटना आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा लगातार पंजाबियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। यह उसी साजिश का हिस्सा है।



मलविंदर कंग ने कहा कि दिल्ली चुनाव की घोषणा होने के बाद करीब पिछले एक महीने से भाजपा लगातार पंजाबियों को निशाना बना रही है। कभी उसे पंजाब की गाड़ियों से दिक्कत होती है तों कभी सिखों और पंजाब के लोगों से। भाजपा नेताओं का बयान पंजाबियों के प्रति उसके नफरत को दर्शाता है।

कंग ने कहा कि यह सब चुनाव आयोग के निकम्मेपन के कारण हो रहा है। चुनाव आयोग भाजपा का गुलाम बन चुका है। वह पंजाब के मुख्यमंत्री के यहां बेवजह छापे मारती है, लेकिन परवेश वर्मा के पैसे बांटने पर चुप है, जबकि वर्मा की तरफ से लगातार नई दिल्ली विधानसभा में पैसे, जूते और कपड़े बांटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग को उसपर कारवाई करनी चाहिए थी, लेकिन उसने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पंजाब के मुख्यमंत्री को जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की है। इसके लिए पंजाब के लोग भाजपा को कभी माफ नहीं करेंगे। दिल्ली के लोग भी ऐसी घटिया राजनीति को स्वीकार नहीं करेंगे। 5 फरवरी को लोग भारतीय जनता पार्टी को इसका जवाब देंगे।

## बठिंडा में स्कूल ड्रेस लेने आए परिवार पर फायरिंग, कार की हुई थी बाइक से टक्कर

**बठिंडा, 31 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब के बठिंडा में एक शराबी कार ड्राइवर ने मामूली टक्कर के बाद स्कूल ड्रेस खरीदने आए एक परिवार पर फायरिंग कर दी। हाजी रतन रोड पर हुई इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। डबवाली रोड निवासी गुरप्रीत सिंह अपने परिवार के साथ बच्चों की स्कूल ड्रेस खरीदने आए थे। इसी दौरान एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जब गुरप्रीत ने कार ड्राइवर से इस बारे में बात करनी चाही तो दोनों में बहस हो गई। इसके बाद नशे में धुत ड्राइवर ने हथियार निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान दीप सिंह नगर निवासी जसकरण सिंह के रूप में हुई है, जिसका संबंध फरीदकोट से है। पुलिस ने उसके पास से हथियार के साथ-साथ शराब की बोतलें और खाने-पीने का सामान भी बरामद किया है।


### गणतंत्र दिवस पर बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

## डेराबस्सी की सोसायटी ने मुख्यमंत्री से सख्त कार्रवाई की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी, 31 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अमृतसर में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने की घटना पर डेराबस्सी की 'डॉ. बी.आर. अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी' ने कड़ी निंदा व्यक्त की है।

सोसायटी ने डेराबस्सी के एसडीएम अमित गुप्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और घटना की गहन जांच की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 26 जनवरी को एक युवक ने श्री हरमंदिर साहिब के पास स्थापित बाबा साहब की मूर्ति को हथौड़े से नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस घटना ने समाज में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है।



सोसायटी के प्रमुख भाग सिंह घोड़ेवाला, एडवोकेट अनमोल सिंह, गुलजार सिंह, उजागर सिंह, गुरदास सिंह, सुमित गोयल, परमजीत सिंह और अन्य सदस्यों ने इसे एक महान व्यक्तित्व के सम्मान पर हमला बताते हुए समाज में विभाजन फैलाने की साजिश करार दिया। उन्होंने मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को जल्द से जल्द सार्वजनिक रूप से उजागर किया जाए।

सोसायटी के सदस्यों ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन दबे-कुचले समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया था। ऐसे महान व्यक्तित्व की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास समाज में विभाजन फैलाने की गहरी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सोसायटी ने सार्वजनिक स्थलों पर महान विभूतियों की मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

## डेराबस्सी में श्री 1008 परमहंस योगीराज श्री बावालाल दयाल जी महाराज का धूमधाम से मनाया गया 670वां प्रकाश उत्सव



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 31 जनवरी।** श्री बावा लाल दयाल मंडल रजिस्टर डेराबस्सी द्वारा श्री 1008 परमहंस योगीराज श्री बावा लाल दयाल जी महाराज का 670वां प्रकाश उत्सव बड़े हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया गया।

भक्तों ने अपनी श्रद्धा और भक्ति के साथ बाबा जी के चरणों में नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में संकीर्तन मंडलियों द्वारा भक्तिमय कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस शुभ अवसर पर बाबा जी के जन्म दिवस पर विशेष तौर पर केक काटा गया। इस समारोह में स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उत्सव का आनंद लिया।

समारोह की व्यवस्था और प्रबंधन में प्रबंधक कमेटी का विशेष योगदान रहा। प्रबंधक कमेटी के सदस्यों में हरीश मल्होत्रा, सुभाष बुधवार, सतीश छाबड़ा, रजनीश छाबड़ा, अनिल शर्मा, कृष्णलाल और सुमन लता ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आरईसी लिमिटेड ने पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 4.29 करोड़ से वित्तपोषित मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ, 31 जनवरी।** आरईसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय के तहत महारत्न सीपीएसई और प्रमुख एनबीएफसी, ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के तहत पंजाब के 4 जिलों में चार मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) की खरीद और तैनाती के लिए ?4.29 करोड़ की सहायता राशि प्रदान की। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पंजाब को सौंपी गई इन यूनिट्स को माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी ने पंजाब राजभवन में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वंचित समुदायों के लिए जीवन रेखा के रूप में काम करते हुए, एमएमयू चार जिलों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेंगे। आरईसी फाउंडेशन अपने सीएसआर पदचिह्न का विस्तार जारी रखा है, जिसके तहत पूरे भारत में विभिन्न मोबाइल मेडिकल यूनिट्स पहले से ही चालू हैं। कार्यक्रम के दौरान, पंजाब के माननीय राज्यपाल ने वंचित और निर्धन लाभार्थियों के घर-द्वार पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आरईसी की पहल की प्रशंसा की।

चंडीगढ़ के राजभवन में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री के. शिव प्रसाद, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री वी.पी. सिंह, आईआरसीएस पंजाब के सीईओ श्री एस. ढिल्लों और राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर आरईसी के ईडी (सीएसआर) श्री प्रदीप फैलो और आरईसी पंचकूला के वरिष्ठ सीपीएम श्री एम.ए. अली भी उपस्थित रहें।

आरईसी फाउंडेशन ने स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, स्वच्छ जल तक पहुंच, शिक्षा और कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, खेल और पर्यावरण स्थिरता में 400 से अधिक परियोजनाओं का समर्थन किया है। सीएसआर फंड में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए जाने के साथ, सीएसआर गतिविधियों के लिए आरईसी की संचयी प्रतिबद्धता अब तक 2,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

### आरईसी लिमिटेड के बारे मे

आरईसी भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक 'महारत्न' कंपनी है, और आरबीआई के साथ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी), सार्वजनिक वित्तीय संस्थान (पीएफआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग कंपनी (आईएफसी) के रूप में पंजीकृत है। आरईसी पूरे विद्युत-अवसंरचना क्षेत्र को वित्तपोषित कर रहा है जिसमें उत्पादन, पारेषण, वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा और नई प्रौद्योगिकियां जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी भंडारण, पंप भंडारण परियोजनाएं, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया परियोजनाएं आदि शामिल हैं। हाल ही में आरईसी लिमिटेड ने गैर-विद्युत अवसंरचना क्षेत्र में भी विविधता लाई है जिसमें सड़क और एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, हवाई अड्डे, आईटी संचार, सामाजिक और वाणिज्यिक अवसंरचना (शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल), बंदरगाह और इस्पात, रिफाइनरी आदि जैसे विभिन्न अन्य क्षेत्रों के संबंध में इलेक्ट्रो-मैकेनिकल (ईएंडएम) कार्य शामिल हैं। आरईसी लिमिटेड देश में अवसंरचना परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्य, केंद्र और निजी कंपनियों को विभिन्न परिपक्वताओं के ऋण प्रदान करता है। आरईसी लिमिटेड बिजली क्षेत्र के लिए सरकार की प्रमुख योजनाओं में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका निभा रहा है और प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), राष्ट्रीय विद्युत निधि (एनईएफ) योजना के लिए नोडल एजेंसी रही है, जिसके परिणामस्वरूप देश में अंतिम मील वितरण प्रणाली, 100 प्रतिशत गांव विद्युतीकरण और घरेलू विद्युतीकरण को मजबूत किया गया है। आरईसी को कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पुन- व्यवस्थित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के लिए नोडल एजेंसी भी बनाया गया है। आरईसी को केंद्र सरकार की ओर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिम्मेदारी भी दी गई है। 30 सितंबर, 2024 तक आरईसी की ऋण पुस्तिका रुपये 5.46लाख करोड़ और नेटवर्थ रुपये 72,893करोड़ है।

## राजकीय पोलिटेक्निक कालेज नानकपुर में एनटीईपी (टीबी मुक्त अभियान) के लिए अवेरनेस कार्यक्रम का आयोजन



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका, 31 जनवरी।** आयुष ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी नानकपुर के द्वारा राजकीय पोलिटेक्निक कालेज नानकपुर में एनटीईपी (टीबी मुक्त अभियान) के लिए अवेरनेस कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानकपुर से एसएमओ डॉ. मनीष गर्ग, डॉ. प्रदीप वशैशी तथा इस प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर आयुषग्राम डॉ. अमित शर्मा, प्रिंसिपल महेन्द्र सिंह, व कॉलेज स्टाफ, कॉलेज स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस कार्यक्रम में स्टूडेंट को टीबी के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ अमित शर्मा ने स्टूडेंट को टीबी. के लक्षण, ईलाज व फैलने के बारे जानकारी दी। डॉ. मनीष गर्ग ने स्टूडेंट को सरकार द्वारा टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत मुफ्त जॉच व ईलाज के बारे बताया व उन्होंने सरकार के 100 दिन कैंपियन के बारे में भी जानकारी दी।

इसके साथ साथ प्रदीप वशैशी ने टीबी को मिलने वाली सुविधाओं तथा लाभांशों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि टीबी के ईलाज के दौरान मरीज को पौष्टिक आहार के लिए सरकार हर महीने 1000 रुपये आर्थिक मदद दी जा है।

## भाजपा और आप की लड़ाई में पिस रहा पंजाब: बाजवा

### बोले- मान नीति आयोग की मीटिंग में नहीं जाते, कैसे हल होंगे मसले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** बीजेपी और आम आदमी पार्टी (ह्नक्क) की लड़ाई में पंजाब पिस रहा है। पंजाब के ष्टरू भगवंत मान कभी नीति आयोग की मीटिंग में शामिल नहीं होते हैं। क्योंकि नीति आयोग की मीटिंग में प्राइम मिनिस्टर, फाइनेंस मिनिस्टर और रिजर्व बैंक के गवर्नर मौजूद होते हैं। जितने भी इकोनॉमिक मैटर स्टेट और केंद्र के डिस्प्यूट होते हैं, वह वहां पर हल होते हैं।

बदकिस्मती पंजाब की है। केंद्र सरकार देने को तैयार नहीं और पंजाब के मुख्यमंत्री मांगते नहीं है। कुछ इसी स्टाइल में पंजाब कांग्रेस के सीनियर नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सीएम भगवंत मान पर जुबानी हमला बोला है। बाजवा को दिल्ली चुनाव के लिए करीब सात हलकों की कमान कांग्रेस ने सौंपी है।

प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन से लोगों ने सोचा था कि बदलाव होगा, लेकिन यह फ्रॉड निकले। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के पास झूठ बोलने की डबल व सीएम भगवंत मान के पास सिंगल पीएचडी है। झूठ के अलावा इनके पास कुछ नहीं है। पंजाब में बिकने वाले शराब दिल्ली कैसे पहुंची। पंजाब के मुख्यमंत्री के घर पर छापा पड़ा, लेकिन सभी दरवाजे बंद थे...। शराब और खदानों के जरिए हजारों करोड़ की उगाही हो रही है। अमृतसर के मेयर ने हाल ही में अपना 9 करोड़ रुपए का होटल बेचा और उसमें से बड़ी रकम दिल्ली आई। मेयर का पद बेच दिया गया।




प्रताप सिंह बाजवा ने कहा दिल्ली की स्थिति देखिए। पंजाब के गांव दिल्ली के शहरों से 100 गुना बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि, केरीवाल पांच साल पहले कहते थे 2025 तक यमुना साफ नहीं हुई तो वोट मांगने नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि यह जोड़ी दिल्ली और पंजाब को ले बैठी है। सीएम ने कहा दिल्ली में में कई तरह खामियां है।

## फतेहगढ़ साहिब में पेड़ से टकराई कार, एसएचओ के गनमैन की मौत, दो घायल

### शादी से लौटते वक्त हुआ हादसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खन्ना, 31 जनवरी।** फतेहगढ़ साहिब में कार की गाड़ी से टक्कर हो गई, जिसके बाद कार बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में पंजाब पुलिस के एसएचओ के गनमैन की मौत हो गई। गांव खानपुर के पास हुए हादसे में एक पुलिसकर्मी और एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतक की पहचान दिड़बा निवासी 28 वर्षीय गुरमेल सिंह के रूप में हुई है, जो एसएचओ घनौर के गनमैन के रूप में तैनात थे। घायलों में हवलदार मनदीप सिंह, जो मलेरकोटला में तैनात हैं, और एक निजी स्कूल के शिक्षक इंद्रप्रीत सिंह शामिल हैं। दोनों घायलों का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है।

हादसा उस समय हुआ जब तीनों दोस्त फतेहगढ़ साहिब के चुन्नी क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद मलेरकोटला लौट रहे थे। खानपुर गांव में रेलवे फाटक पार करने के तुरंत बाद उनकी कार की टक्कर एक वाहन से हुई, जिसके बाद कार बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। कार चला रहे गुरमेल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक के पिता गुरजंट सिंह की शिकायत पर पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरजंट सिंह ने बताया कि वह भी अपने भतीजे के साथ पीछे आ रहे थे और उनके सामने ही यह हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लुधियाना में जीएसटी का एक्शन जारी

### फर्जी बिल बनाए, किया टैक्स चोरी, 3 फर्मों के खिलाफ एफआईआर टीमें जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 31 जनवरी।** पंजाब के लुधियाना में जीएसटी के फर्जी बिलिंग के मामले कार्रवाई जारी रखते हुए राज्य जीएसटी विभाग ने टैक्स चोरी में शामिल फर्मों के खिलाफ तीन और स्नढ्ढक्र दर्ज की हैं। इससे पहले बुधवार को पुलिस ने अलग-अलग फर्मों के खिलाफ 3 स्नढ्ढक्र दर्ज की थीं।

राज्य कर विभाग के अनुसार, कारोबारियों ने कथित तौर पर फर्जी त्रस्ञ्ज बिल बनाए और टैक्स की चोरी करके कराधान कानूनों का उल्लंघन किया।

राज्य कर अधिकारी दीपिका महाजन ने बस्ती जोधेवाल की अमरजीत कॉलोनी के सुच्चा सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जो आरएस हौजरी के मालिक हैं। स्नढ्ढक्र के अनुसार हौजरी मालिक ने जाली दस्तावेज तैयार कर सरकारी खजाने को 71.45 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाया।

**17.84 करोड़ रुपए का नुकसान**

आरोपी पर त्रस्ञ्ज अधिनियम, 2017 की धारा 132 के साथ-साथ आईपीसी की धारा 406, 420, 465, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह डिवीजन नंबर 6 पुलिस ने आर्यन इपेक्स और आतिश कुमार के खिलाफ सरकारी खजाने को 17.84 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।




मोती नगर पुलिस ने अल्पाइन गारमेंट्स, हरचरण नगर निवासी प्रदीप कुमार और उपकार नगर निवासी स्वतंत्र वैद के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420, 465, 467,468, 471, 120-बी और जीएसटी एक्ट की धारा 132 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## बरनाला में दोस्त फेंक कर भागे युवक का शव, परिजनों का नशेड़ी दोस्तों पर आरोप; नशे की ओवरडोज से गई जान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बरनाला, 31 जनवरी।** बरनाला के गांव पखोके में एक 24 वर्षीय युवक गुरप्रीत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिवार ने उसके कथित नशेड़ी दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना बुधवार शाम की है, जब गुरप्रीत के दोस्त उसे कार में ले गए और फिर वह वापस नहीं लौटा।

परिवार द्वारा तलाश किए जाने पर गुरुवार सुबह उसका शव गांव के सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल के बाहर सड़क किनारे मिला। स्कूल के सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है, जिसमें आरोपी शव को फेंककर गाड़ी से फरार होते दिखाई दे रहे हैं।

मृतक एक गरीब मजदूर परिवार से था और तीन बहनों और एक भाई में सबसे छोटा था। परिजनों का आरोप है कि उसके नशेड़ी दोस्तों ने उसे नशे की ओवरडोज देकर मार डाला। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।




बरनाला सदर थाने के एसएचओ शेरविंदर सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फ्रेशर्स का स्वागत 2025: श्री सुखमनी डेंटल कॉलेज और अस्पताल में एक भव्य समारोह ने एक अमिट छाप छोड़ी

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेरा बस्सी, 31 जनवरी।** हाल ही में कॉलेज में शामिल हुए छात्रों को कॉलेज की संस्कृति से परिचित कराने के लिए, श्री सुखमनी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, डेरा बस्सी ने अपने परिसर में बहुप्रतीक्षित फ्रेशर्स वेलकम पार्टी 2025 का आयोजन किया, जिसमें संकाय सदस्यों, वरिष्ठों और नए छात्रों को एक जीवंत उत्सव में एक साथ लाया गया।। इस अवसर पर मेजबानों, वरिष्ठ छात्रों द्वारा बीडीएस पाठ्यक्रम के नए प्रवेशकों का स्वागत किया गया, जिन्होंने प्रथम वर्ष के छात्रों का बड़े आत्मसम्मान और उत्साह के साथ स्वागत किया और उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. दमनजीत सिंह, (निदेशक एसएसजीआई) के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद सम्मानित प्रिंसिपल डॉ. रमनदीप कौर का संबोधन हुआ,



जिसमें दंत चिकित्सा के क्षेत्र में समर्पण, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में न केवल कॉलेज के नए प्रवेशकों के स्वागत और मनोरंजन के लिए बल्कि कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के मनोरंजन के लिए भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एकल नृत्य, एकल गीत, भांगड़ा, गिधा, प्रहसन आदि जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने छात्रों के रचनात्मक पक्ष, टीम भावना और उत्साह को प्रदर्शित किया। इसने पहले और दूसरे वर्ष के उभरते छात्रों को अपना प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अन्य दिलचस्प खिताबों के साथ बहुप्रतीक्षित मिस्टर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता थी, जहां नए छात्रों ने अपने आत्मविश्वास, बुद्धि और आकर्षण का प्रदर्शन किया, जिससे यह एक यादगार प्रतियोगिता बन गई। खिताब हासिल करने वाले थे: मिस्टर और मिस फ्रेशर्स एकवंश और दृष्टि, शो के स्टार गौरव, मिस्टर और मिस पॉपुलर दिव्यप्रकाश और समृति, मिस्टर और मिस टैलेंटेड नदीम और रुशनप्रीत, मिस्टर और मिस कॉन्फिडेंट धर्मेंद्र और अन्ना, मिस्टर एवं मिस. अच्छे कपड़े पहने कनुप्रिया एवं वैभव।

इस अवसर पर बोलते हुए एसएसजीआई के अध्यक्ष और निदेशक श्री कंवलजीत सिंह ने छात्रों को सकारात्मक दृष्टिकोण और उत्साही भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। इसके बाद आयोजन टीम, संकाय, छात्र समन्वयकों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक धन्यवाद दिया जाता है जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया। नई दोस्ती और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देते हुए सामूहिक दोपहर के भोजन के साथ समारोह एक उच्च नोट पर समाप्त हुआ।

# हिमाचल में गली–नुक्कड़ में हो रही मुख्यमंत्री के कांगडा प्रवास की चर्चा : बबलू पंडित

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार कर गये मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/संजीव कौशल



**बद्दी, 31 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश इंटक के राज्य अध्यक्ष मनोहर लाल (बबलू पंडित) ने प्रैस में जारी अपने ब्यान में कहा कि जिला कांगडा मे मुख्यमंत्री का तुफानी लहर के तौर पर उबरना एक नया रिकार्ड है। उन्होने कहा कि इतिहास का यह अध्याय कांग्रेस पार्टी के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धी है। मीडिया रिपोर्टस का स्वागत करते हुए उन्होने कहा कि यह साबित हो गया है कि मुख्यमंत्री का प्रवास राज्य के सबसे बडे जिला कांगड़ा के लोगों के लिए किसी बड़ी सौगात से कम नहीं रहा। जाहिर सी बात है कि आम जनता मे इस नई व्यवस्था परिवर्तन के अंतर्गत जोश क्रांति का संचार हुआ है। जो मुख्यमंत्री की भविष्य के प्रति सोच को सारगर्भित करता है। बबलू पण्डित ने कहा कि पहली बार कोई मुख्यमंत्री आम जनता की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ बच्चों से भी मुलाकात करते नजर आ रहे हैं। वह बच्चों के खेलते भी दिखते है। और अपने काफिले को रोककर छुट्टी के बाद घर वापस जा रहे बच्चों से मुलाकात करते है। स्कूल और पढ़ाई को लेकर छात्रों से फीडबैक लेते है। वह गौ सेवा भी करते है और आमजन से गली नुक्कडो पर सीधा संवाद करते है। अपनी आदत मे शुमार उनके मानवीय गुण लोगो को अपनी और आकर्षित कर रहे है। उन्होने कहा कि सर्ववीदित है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 16 जनवरी से 25 जनवरी तक शीतकालीन प्रवास के तहत कांगड़ा जिले के दौरे पर रहें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। कांगड़ा पहुंचने पर मुख्यमंत्री का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में जिला परिषद भवन व मीटिंग हॉल का उद्घाटन और पुलिस लाइन में महिला पुलिस स्टेशन भवन का शुभारंभ का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इसके साथ- साथ रोड फूड स्ट्रीट मार्केट की आधारशिला और मैक्लोडगंज रीजनल मॉनिटरिंग सेंटर में हॉस्टल भवन का शुभारंभ भी किया। सीएम साहब ने जरोट हाई लेवल ब्रिज का भूमि पूजन किया। नगरोटा सूरियां वाइल्ड लाइफ इन्फॉर्मेशन सेंटर का शुभारंभ किया। ज्वाली में थांगर राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला और ज्वाली अर्बन वाटर सप्लाई योजना का उद्घाटन, नगरोटा सूरियां में सीवरेज स्कीम की आधारशिला और अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने नूरपुर जिला फॉरेंसिक यूनिट का उद्घाटन किया। उन्होंने मटौर में एक परियोजना की आधारशिला रखी और धगवार मिल्क प्लांट का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के कांगड़ा शीतकालीन प्रवास से कांगड़ा के विकास को गति मिली है तथा उनका यह दौरा नितांत सराहनीय रहा।

# हिमाचल में आईपीएस जेपी सिंह एडीजी प्रमोट

## रमेश छाजटा को एसपी लीव रिजर्व लगाया

वीरेंद्र कालिया को एसपी विजिलेंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता







**शिमला, 31 जनवरी।** हिमाचल सरकार ने शुक्रवार को एक आईपीएस को प्रमोशन और दो आईएएस-एचपीएस की ट्रांसफर के आदेश जारी किए है। सरकार ने साल 2000 बैच के आईपीएस एवं आईजी दक्षिण रेंज जयप्रकाश सिंह को एडीजी प्रमोट किया है। प्रमोशन के बाद इन्हें लेवल 15 का पे-स्केल मिलेगा।

वहीं 2012 बैच के आईपीएस एवं एसपी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) विजिलेंस शिमला रमेश चंदर छाजटा को एसपी लीव रिजर्व पुलिस मुख्यालय शिमला लगाया है।

एसपी लीव रिजर्व वीरेंद्र कालिया को एसपी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) विजिलेंस शिमला के लिए ट्रांसफर किया है। इसे लेकर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए है।

पुलिस विभाग में आने वाले दिनों में जल्द बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। बद्दी की एसपी इल्मा अफरोज केस के दौरान एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने भी यह बात हाईकोर्ट में कही थी।

# उपायुक्त ने किया मानसून आपदा–2023 के क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण

प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता की जा रही सुनिश्चित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 31 जनवरी।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बुधवार को मानसून आपदा-2023 के दौरान पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुए मकानों के पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सरकार द्वारा इन मकानों के निर्माण के लिए प्रभावित परिवारों को 7-7 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने मानसून आपदा-2023 के सभी प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज की घोषणा की थी। इस पैकेज के तहत मुआवजा राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की गई थी। पहले जहां पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 1.30 लाख रुपये की सहायता दी जाती थी, वहीं मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे बढ़ाकर 7 लाख रुपये किया था।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ऊना उपमंडल के मेहतपुर और हरोली उपमंडल के तीन स्थानों पर पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया, जहां निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस मौके पर जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार, संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए हरसंभव सहायता सुनिश्चित कर रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि प्रभावित परिवार जल्द से जल्द अपने नए घरों में सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

# सिरमौर में दोस्त का शव खाई में फेंका, दोनों गिरफ्तार

## सबूत मिटाने का किया प्रयास; गाड़ी देखकर बाइक सवार को हुआ शक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पांवटा साहिब, 31 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में दो युवकों ने दोस्त के शव को ढांक से खाई में फेंक दिया। पुलिस ने पुरुवाला थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आज इन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी। पुलिस की अब तक की जांच के अनुसार, विषांक बख्शी (27) अपने दोस्त 26 जनवरी की रात को विशेष कम्बोज के घर रहने आया। इस दौरान विशेष कम्बोज के घर पर पहले से ही योगेश त्यागी भी था।

विशेष कम्बोज सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। रात में वह ड्यूटी पर चला गया। सुबह जब ड्यूटी से लौटा तो सो गया। तब तक योगेश त्यागी भी अपने घर चला गया। विशेष कम्बोज जब नींद से उठा तो उसने विषांक बख्शी को उठाने की कोशिश की। मगर वह नहीं उठा। इससे वह घबरा गया और उसने इसकी जानकारी योगेश त्यागी को दी। इसके बाद दोनों युवकों ने विषांक बख्शी के शव को कुछ दूर बझोन ढांक से नीचे फेंका। जिस जगह विषांक को नीचे फेंका गया, वहां स्थानीय निवासी एक व्यक्ति बाइक पर कहीं जा रहा था, तो उसने वहां पर गाड़ी देखी।

बाइक सवार व्यक्ति पहले वहां से आगे चला गया। मगर कुछ देर बाद जब वह वापस आया, तो उसे शक हुआ कि यहां गाड़ी क्यों खड़ी थी? तब उसने मौके पर देखा, तो खाई में शव गिरा हुआ था। इसके बाद बाइक सवार व्यक्ति अपने घर गया और उसने पंचायत प्रधान को इसकी सूचना दी।

### प्रधान ने दी शव की पुलिस को सूचना

प्रधान ने पुलिस को शव मिलने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम करवाया। अब तक की जांच में ऐसा लग रहा है कि युवक की मौत नशे की ओवरडोज से हुई है। दूसरा आरोपी योगेश दूध बेचने का काम करता है।

### नशे की ओवरडोज लग रही मौत की वजह- एसएचओ

एसएचओ राजेश पाल ने बताया कि अब तक की जांच में नशे की ओवर डोज से मौत लग रही है। मगर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का अभी इंतजार है। उन्होंने बताया कि शव को खाई में फेंकने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आज कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा। दोनों आरोपी यमुनानगर के रहने वाले है, जबकि मृतक विषांक बख्शी प्रोफेसर कॉलोनी यमुनानगर का रहता था।

# मनाली में स्कॉर्पियों ने 5 गाड़ियों को मारी टक्कर फिर पेड़ से टकराई

## नशे में थे सवार चारों युवक; 2 को पुलिस ने पकड़ा



**मनाली, 31 जनवरी।** कुल्लू जिले के मनाली के लोकप्रिय पर्यटन स्थल सोलंगनाला में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। हरियाणा से आई एक स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। स्कॉर्पियो में सवार चारों व्यक्ति नशे की हालत में थे।

घटना सोलंगनाला ग्राउंड से डेढ़ किलोमीटर मनाली की ओर हुई, जहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी एक ब्रेज़ा, एक अर्टिका, एक डिजायर और दो स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद स्कॉर्पियो एक देवदार के पेड़ से जा टकराई। स्थानीय लोगों ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा के अनुसार, पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। गनीमत ये रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, हालांकि स्कॉर्पियो में सवार युवकों को मामूली चोटें आई हैं। सभी क्षतिग्रस्त वाहनों का पुलिस ने पंचनामा किया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगरोटा बगवां में 39 किमी लंबे हाईवे का निर्माण जल्द

## 435 करोड़ की लागत से बनेगा म्लां-बड़ोह-रानीताल मार्ग, 4.7 किमी कम होगी दूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला, 31 जनवरी।** कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां में म्लां-बड़ोह-रानीताल राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। 435 करोड़ रुपए की इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कुल 39 किलोमीटर लंबे इस हाईवे में से 18 किलोमीटर टू-लेन सड़क का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। शेष 26 किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

इस परियोजना में नौ छोटे-बड़े पुलों का निर्माण भी शामिल है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक्सीएन दीपक सुराली के अनुसार, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और यातायात सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। हाईवे को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे यात्रा सुरक्षित और आरामदायक होगी।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने बताया कि यह हाईवे स्वर्गीय जीएस बाली की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। जनवरी 2017 में नगरोटा के तत्कालीन विधायक जीएस बाली ने इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग की मंजूरी दिलवाई थी। यह मार्ग म्लां, मस्सल, सरोत्री, बड़ोह और रानीताल को जोड़ेगा, जिससे इन क्षेत्रों के बीच की दूरी 4.7 किलोमीटर कम हो जाएगी। भूमि अधिग्रहण का कार्य अंतिम चरण में है और इस परियोजना से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में नई आशा जगी है।

# शिमला में मकान में आग, दो मंजिल जलकर राख, तीन सदस्यीय परिवार बेघर

**शिमला, 31 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में बीती रात एक घर में आग लग गई। रोहड़ू उपमंडल की चिडगांव तहसील के क्लोटी पंचायत स्थित मस्तोट गांव में भीषण आग लगने से एक परिवार का दो मंजिला मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया । मकान के मालिक कलम सिंह को अपने दोनों बेटों के साथ गांव में ही रिश्तेदार के घर में शरण लेनी पड़ी है। घटना में कोई जानी नुकसान नही हुआ है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक मकान पूरी तरह से जल चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना देर रात 9 बजे के आस पास को पेश की है। जब कलम सिंह के मकान में अचानक आग भड़क गई और देखते ही देखते यह आग पूरे घर में फेल गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों से फायर ब्रिगेड सूचना को दी और खुद भी आग पर काबू पाने में जुट गए।

# सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 31 जनवरी।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में गेस्टेटनर ऑपरेटर के पद पर तैनात चुन्नी लाल के सम्मान में आज सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटा शिमला स्थित निदेशालय में संयुक्त निदेशक महेश पठानिया की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सूचना एवं जन सम्पर्क परिवार की ओर से महेश पठानिया ने चुन्नी लाल की बहुमूल्य सेवाओं की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। चुन्नी लाल 13 जून, 1986 को चौकीदार के पद पर नियुक्त हुए थे और 38 वर्ष से अधिक समय तक विभाग में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ऊना जिले में स्कूलों की सामान्य समय सारणी बहाल, पहली फरवरी से अब नौ से तीन बजे तक खुलेंगे स्कूल

**ऊना, 31 जनवरी (अप्रस)।** ऊना जिले में स्कूलों की सामान्य समय सारणी को पुनः बहाल कर दिया गया है। जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल (प्रारंभिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक) अब सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने पूर्व में स्कूलों के समय में बदलाव को लेकर जारी आदेश को वापस लेते हुए यह नया आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि भीषण ठंड के कारण प्रशासन ने 31 जनवरी तक स्कूलों का समय बदलकर सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक कर दिया था। यह निर्णय छात्रों की सेहत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

# शिमला में 11 नशा तस्कर गिरफ्तार, चिट्टा, चरस और अवैध शराब जब्त

## गश्त के दौरान पुलिस ने कई जगह की छापेमारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 31 जनवरी।** शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दिन में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में चिट्टा, चरस और अवैध शराब बरामद की है।

शिमला में बालूगंज थाना क्षेत्र में स्पेशल सेल की टीम ने तुलसी भवन घोड़ा चौकी में एक किराए के कमरे से राज कुमार और गोपाल के कब्जे से 7.680 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इसी थाना क्षेत्र में 16 मील धामी के पास से एक वाहन से 46 पेटी अवैध शराब जब्त की गई, जिसमें 36 पेटी रॉयल स्टैग और 10 पेटी ऊना नंबर 1 शामिल थी। शोघी क्षेत्र से निखिल नाम के व्यक्ति से 2.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

ढली थाना क्षेत्र में भी दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। संजौली ढली बाईपास पर एक बाइक से ललित सिंह के कब्जे से 220.41 ग्राम चरस बरामद की गई। वहीं, देवली कॉलोनी ढली से मनोज कुमार के पास से 2.010 ग्राम चिट्टा मिला। इसके अलावा ननखड़ी क्षेत्र में एक व्यक्ति से 10 मिलीग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

चौपाल पुलिस ने रियूनी नामक स्थान पर एक ढाबा मालिक से गश्त के दौरान चरस बरामद की है। पुलिस ने रियूनी निवासी सुरेश कुमार नेगी के ढाबे की तलाशी ली तो वहां 342.68 ग्राम चरस मिली जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं रोहड़ू में पुलिस ने चिड़गांव में एक व्यक्ति से 810 ग्राम चरस भी बरामद की है।इसके अलावा झाकड़ी में 85 ग्राम चरस बरामद की है। वहीं कुमारसैन पुलिस ने एक युवक को 60.020 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ढली में भी एक व्यक्ति को 220 ग्राम चरस बरामद की है।

उधर एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि जिला को नशा मुक्त बनाना पुलिस का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने एक दिन में ही 10 मामलों में 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए है।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति ने की खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा

## उपायुक्त जतिन लाल बोले...स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हो सुनिश्चित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 31 जनवरी।** उपायुक्त जतिन लाल ने जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए खाद्य सुरक्षा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की । उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन जिले में स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। जिला में 437 फूड लाइसेंस सक्रिय व 3155 बिजनेस ऑपरेटर एफएसएसएआई के तहत पंजीकृत

बैठक में जिले में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत अब तक की प्रवर्तन गतिविधियों और जन जागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिला में कुल 437 फूड लाइसेंस ऑपरेटर सक्रिय हैं। इसके अलावा 3155 फूड बिजनेस ऑपरेटर को खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया है। जिला में मई 2024 से 23 जनवरी, 2025 तक 209 नए लाईसेंस बनाए गए जिससे 13 लाख 42 हज़ार रुपये और 1050 को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया जिनसे 5 लाख 45 हज़ार 600 रुपये पंजीकरण शुल्क एकत्रित की गई। खाद्य व्यवसाय संचालकों को सुगम पंजीकरण और लाइसेंस प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा जगदीश धीमान, डीएफएससी राजीव शर्मा, उपनिदेशक कृषि डॉ. कुलभूषण धीमान, व्यापार मण्डल के प्रधान प्रिंस राजपूत तथा सचिव राजेश शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई

उपायुक्त ने अधिकारियों को खाद्य सैंपल बढ़ाने के निर्देश दिए और मानकों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 91 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 20 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिनमें 2 असुरक्षित, 5 गलत ब्रांडिंग वाले, 10 निम्न गुणवत्ता वाले और 2 दोनों श्रेणियों में शामिल थे। खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर 80,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। दिवाली पर्व के दौरान खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत 2,080 किलोग्राम खोया, 237 किलोग्राम पनीर और 12 किलोग्राम देसी घी जब्त किया गया।

### जन जागरूकता पर विशेष जोर

उपायुक्त ने खाद्य विक्रेताओं और आम जनता को सुरक्षित व स्वच्छ खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से अप्रैल से दिसंबर 2024 तक 100 नमूनों की जांच की गई, जिनमें सभी नमूने खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे। यह सुविधा दूध, तेल, जूस और पानी की मिलावट जांचने के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, लोगों को स्वस्थ और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के लिए 1 दिसंबर 2024 को ऊना के रामलीला मैदान में ईट राइट मेलाश् आयोजित किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री श्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मेले में प्राकृतिक और जैविक खाद्य उत्पादों के साथ पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया।

### खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने की पहल

फूड फोर्टिफिकेशन को लेकर सरकार द्वारा दूध, खाद्य तेल, आटा, चावल और नमक को विटामिन और खनिजों से समृद्ध करने की पहल की गई है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त आहार मिले। ऊना जिले में 3,518 लीटर उपयोग में लाए जा चुके पुराने खाद्य तेल का संग्रहण कर बायोडीजल उत्पादन के लिए भेजा गया। खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों का अनिवार्य प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# तेज गति से चल रहे वाहन दे रहे हादसों को न्योता

## सड़क हादसे रुकने का नहीं ले रहे नाम आए दिन हो रहे हैं सड़क हादसे

- तेज रफ्तार का कहर दो महिलाओं की दर्दनाक मौत, ट्रक चालक फरार
- दो महीने पहले भी इसी सड़क पर हुआ था दर्दनाक हादसा
- पुलिस कार्रवाई जारी, आरोपी की तलाश में जुटी टीम

अर्थ प्रकाश/जयबीर थंबड







**बराड़ा, 31 जनवरी।** अंबाला-जगाधरी हाईवे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मंगलवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं की जान चली गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए।

घटना उस समय हुई जब एक परिवार शादी समारोह से लौट रहा था। काकरू गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर स्कूटी और बाइक से टकरा गया। इस हादसे में 45 वर्षीय कुसुम रानी और 20 वर्षीय चारू शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

परिवार के मुखिया प्रदीप कुमार ने बताया कि वे मिल्लापुर स्थित शिव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। समलेहड़ी मोड़ के पास अचानक पीछे से आए ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन घुमाया और ब्रेक लगाए, जिससे ट्रक स्कूटी से टकरा गया। चालक ने स्कूटी के साथ-साथ एक्टिवा और बाइक को भी चपेट में ले लिया।

**घटनास्थल पर मची अफरातफरी:** दुर्घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। लोग शोर मचाने लगे, लेकिन ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से परिवार के सदस्यों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कुसुम रानी और चारू शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस जांच में जुटी, जल्द होगी गिरफ्तारी:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। साहा थाना प्रभारी जितेंद्र ढिल्लों ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 106, 281 और 324 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल:** इस हादसे ने दोबारा सड़क सुरक्षा को लेकर चिंताओं को बढ़ा दिया है। दो महीने पहले भी मौजगढ़ मार्ग पर एक ट्रक चालक ने तीन बच्चों को कुचल दिया था, जिससे इलाके के लोग पहले से ही चिंतित थे। अब एक और दर्दनाक हादसा सामने आया है, जो यातायात नियमों के सख्त पालन और ट्रैफिक नियंत्रण की जरूरत को दर्शाता है।

# विकास कार्यों को मिली रफ्तार, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने किया दौरा

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि



**घरौंडा, 31 जनवरी।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों का दौरा कर जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने छपरा खेड़ा, रसूलपुर खुर्द और अन्य गांवों में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने छपरा खेड़ा गांव में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बीपीएल कॉलोनी की गलियों का शिलान्यास किया। इसके अलावा, रसूलपुर खुर्द में 20 लाख रुपये की लागत से एससी चौपाल में हॉल और 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली फिरनी के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता समाज के हर वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

श्री कल्याण ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। पहले नौकरियों में भाई-भतीजावाद का बोलबाला था, लेकिन अब मेरिट के आधार पर युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने घोषणा की कि इस वर्ष घरौंडा हलका में मेडिकल यूनिवर्सिटी की शुरुआत की जाएगी, जिससे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके अलावा, रिंग रोड के निर्माण कार्य के पूरा होने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

श्री कल्याण ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने पात्र लोगों से संयम रखने की अपील करते हुए कहा कि सबसे पहले उन परिवारों को मकान दिए जाएंगे, जिनके घरों की हालत सबसे अधिक जर्जर है। चरणबद्ध तरीके से अन्य पात्र लाभार्थियों को भी आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, बीडीपीओ मोनिका, जिला परिषद उप प्रधान रीना धीरज खरकाली, मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र राणा, सुभाष कश्यप, एसएचजी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुनीता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ पावर कर्मचारियों का प्रदर्शन



**घरौंडा (अप्रस/रविन्द्र गिरि)।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज पूरे देश में बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन ने पूरे प्रदेश में सब यूनिट स्तर पर विरोध गेट मीटिंग का आयोजन किया। घरौंडा में आयोजित विरोध सभा की अध्यक्षता सिटी सब यूनिट के प्रधान जयकुमार ने की, जबकि संचालन सबअर्बन सब यूनिट के प्रधान सही राम ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्य कमेटी के सदस्य रमेश कुमार, यूनिट नंबर 2 के सचिव दिनेश शर्मा और पूर्व सर्कल सचिव मुकेश जांगड़ा मौजूद रहे। नेताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि चंडीगढ़ बिजली विभाग, यूपी के आगरा और वाराणसी डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने, ऑनलाइन ट्रांसफर प्रणाली लागू करने और हरियाणा के बिजली कर्मचारियों की ड्यूटी चंडीगढ़ में लगाने के फैसले का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। यदि सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो यूनियन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगी। प्रदर्शन में सब यूनिट उप प्रधान सुनील, जगदीश, दीपक, रामेर, अमन, मुकेश, रविंदर, फूल सिंह, कुलदीप, अशोक, चेतन, चंदन, बलकार, संजय, विजय, राजकुमार, अरुण, अमित, सतपाल, पवन कुमार, कुलदीप, राजेश, रामेर, कुलदीप, संजय, रोहित, सचिन, अमन, उमेश, जितेंद्र, रोहतास, अमित, संजय, जावेद, अरशद, दीपक, रोहित, मुल्तान, मुकेश, रंग, गजेंद्र, अमित जांगड़ा, अनिल कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने भरा सूफिया रंग



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** विश्व प्रसिद्ध सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पवित्र सरस्वती तीर्थ की फिजा में सूफियाना रंग भर दिया। इन सूफी गीतों पर दर्शक झूम उठे और तालियां बजाकर सूफी गायक का अभिवादन किया। इस गायक ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन सूफी गीत प्रस्तुत करके पिहोवा वासियों का दिल जीत लिया। इस सूफी गायक को सुनने के लिए पिहोवा शहर उमडक़र मुख्य मंच के पास पहुंच गया। जैसे ही सूफी गायक कंवर ग्रेवाल अपने चिर परिचत अंदाज में पहुंचे तो सरस मेले का अवलोकन करने वाले लोग पंडाल की तरफ खींचे चले आए। सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने अपने चिर परिचत अंदाज में सूफी गायन की श्रृंखला का आगाज किया। सूफी गायक कंवर ग्रेवाल ने सामने होंवे यार ता नचना पैंदा है बाद वाह-वाह मौज फकीरां दी, वाज, मस्त, तुम्बा वजदा, मौज सहित अनेकों सूफी गीत प्रस्तुत करके पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच सतीश सैनी, युद्धिष्ठर बहल, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व सैनिकों की कल की मासिक बैठक में लगेगा मेडिकल कैंप

**कैथल (अप्रस)।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की फरवरी मास की मासिक मीटिंग 2 फरवरी को प्रात- 9-30 बजे हनुमान वाटिका में होगी। यह जानकारी एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने दी। उन्होंने बताया कि मीटिंग में एसोसिएशन अपने कई अहम मुद्दों पर फैसला लेगी। साथ ही इस दिन यथार्थ हॉस्पिटल फरीदाबाद से एक डॉक्टरों की टीम भी पहुंच रही है जो की फ्री चेकअप कैंप लगाएगी। इस कैंप में दिल, फेफड़ों, वजन और बॉडी, बॉडी में ऑक्सीजन, शुगर, ब्लड शुगर व वीपी वगैरा की विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाएगी। प्रधान ने बताया कि इसका फायदा हमारे सभी पूर्व सैनिक, सैनिक परिवार व शहीद परिवार उठा सकेंगे। मीटिंग में महासचिव जेडब्ल्यूओ दलबीर सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान सूबेदार मेजर रामफल चहल, सूबेदार मेजर खजान सिंह, सिपाही फौजी कर्मवीर, दफेदार बलदेव सिंह व हवलदार शीशपाल माजरा आदि साथी मीटिंग में उपस्थित रहे।

### 26 साल की सेवा के बाद जिला न्यायवादी दिलबाग सिंह सेवानिवृत्त

**कैथल (अप्रस)।** करीब 26 साल की सेवा के बाद जिला न्यायवादी दिलबाग सिंह आज सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर सभी उप जिला न्यायवादी, सहायक जिला न्यायालय और उनके स्टाफ ने उनके सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन किया। दिलबाग सिंह ने 8 मई 1999 को बतौर सहायक जिला न्यायवादी ज्वाइन किया था। इसके बाद वर्ष 2016 में वे उप जिला न्यायवादी पद पर पदोन्नति हुए। उन्होंने कैथल के अलावा कुरुक्षेत्र, जिला लोक संपर्क विभाग, परिवहन विभाग, मजदूर विभाग, पंचकूला कोर्ट, एफसीआई, विजिलेंस इंक्वायरी आदि में सेवाएं दी। 26 जनवरी 1967 में श्री ओम प्रकाश और श्रीमती सरियां देवी के घर गांव डेहोला में जन्मे दिलबाग सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी और डीएन कालेज हिसार से पूरी की। वे छात्र संगठन के प्रधान भी रहे। मंच का संचालन करते हुए उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने कहा कि दिलबाग सिंह का कार्यकाल बहुत बेहतरीन रहा। वे एक सौम्य, सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। अपने पूरे सेवा काल में वे कभी किसी विवाद में नहीं रहे, सभी को साथ लेकर चले। उन्होंने अदालतों का कामकाज निपटाने में अथक मेहनत की और बेंच के साथ-साथ बार के साथ भी सहयोग किया। दिलबाग सिंह ने सम्मान देने के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

# क्रेच केन्द्र खुलने का कामकाजी महिलाओं ने किया स्वागत, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 31 जनवरी।** खण्ड शहजादपुर के गांव कक्ड़माजरा में क्रेच केन्द्र खोला गया है। जोकि आंगनवाड़ी कम क्रेच केन्द्र है। जिसमें छोटे बच्चों को आंगनवाड़ी की सुविधा के साथ-साथ क्रेच की सुविधा भी मिलेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा कामकाजी महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से क्रेच सेंटर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। सरकार द्वारा क्रेच खोलना एक अच्छी पहल है। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ओर अहम योजना है। क्रेच केन्द्र में कामकाजी महिलाओं के बच्चों की सही से देखभाल होगी जिससे महिलाओं की कार्यक्षमता भी बढेगी। बता दें कि महिलाओं की बात हो या फिर छोटे बच्चों की सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई है।

सुपरवाइजर अरविन्द्र कौर ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विगत दिवस 27 जनवरी को वर्चअल माध्यम से प्रदेश के 324 क्रेच सेंटर का उद्घाटन किया गया था जिनमें से एक क्रेच सैंटर खण्ड शहजादपुर के गांव कक्ड़माजरा में भी खोला गया है। कामकाजी महिलाएं सुबह 9 से सांय 5 बजे तक अपने छोटे बच्चों को क्रेच सैंटर में छोड सकती है। यह क्रेच सैंटर कामकाजी महिलाओं के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। वे बिना किसी चिंता के अपने बच्चों को यहां छोड सकती है, उन्हे सुरक्षित माहौल दिया जाएगा तथा भोजन और स्नैक्स भी बच्चों को मिलेगा।

सुपरवाइजर विनित सूद ने कहा कि कामकाजी महिलाएं अपने छ- मास से 6 वर्ष तक के बच्चों को क्रेच केन्द्र में छोड़ सकती है। कामकाजी महिलाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण योजना है। क्रेच केन्द्र में भोजन/स्नैक्स बच्चों को दिया जाएगा तथा बच्चों के सर्वागींण विकास पर ध्यान दिया जाएगा। क्रेच केन्द्र का बेहतर ढंग से संचालन किया जाएगा। ताकि कामकाजी महिलाओं एवं उनके बच्चों को समुचित लाभ मिले। उन्होंने बताया कि क्रेच में उन बच्चों की देखभाल की जाएगी जिनकी माताएं कामकाजी है। इस क्रेच केन्द्र में बच्चों के खेलने के लिए खिलौने, पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा विश्राम करने के साथ-साथ शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी।

# डिस्कस थ्रो में नेहा और हाई जंप में काजल ने मारी बाजी

## जिला स्तरीय पीएमश्री स्कूलों की खेल प्रतियोगिताएं संपन्न

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 31 जनवरी।** जिला स्तरीय पीएमश्री स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बीआरसी संजय शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर एईओ खेल रमेश चहल ने बताया कि जिले में 14 पीएमश्री स्कूल हैं जिनके लगभग 616 लड? और लड़कियों ने भाग लिया। आज के खेलों में केवल 8 इवेंट्स के मुकाबले हुए। लड़कियों के मुकाबले में 6वीं से 8वीं कक्षा की 100 मीटर दौड़ में निशु बलबेड़ा, 200 मीटर में सिमरन बाता, 400 मीटर में सुनैना बलबेड़ा, लॉन्ग जंप में हिमांशी फरल, डिस्कस थ्रो में नेहा फरल, शॉट पुट में नवलीन, हाई जंप में काजल राजौंद, रिले रेस में असू, विदा, खुशी, रितिका राजौंद। 9वीं से 12वीं लड़कियों के 100 मीटर में आंचल बाता, 200 मीटर में मोनिका सीवन, 400 मीटर में जॉनी जाखोली अड्डा, डिस्कस थ्रो में संजना राजौंद, शॉट पुट में प्रियंका राजौंद, लॉन्ग जंप में माफी बलबेड़ा, हाई जंप में प्रियंका राजौंद, रिले रेस में निशु, मन्नू, प्रियंका, संध्या राजौंद। छठी से आठवीं लडकों के 100 मीटर में समीर बलबेड़ा, 200 मीटर में अमन नरड़, 400 मीटर में हिमांशु भुन्ना, डिस्कस थ्रो में अरमान नरड़, शॉट पुट में अंकुश बलबेड़ा, लांग जंप में मोहित बाता, हाई जंप में जश्न बलबेड़ा, रिले रेस में मोहित, निर्मल, आदित्य, प्रिंस बाता, 9वीं से 12वीं 100 मीटर में सचिन पाई, 200 मीटर में आशीष पाई, 400 मीटर में हरमन बलबेड़ा, डिस्कस थ्रो में विक्रम बलबेड़ा, शॉट पुट में सुमित भुन्ना, लांग जंप में कसीम कमालपुर, हाई जंप में मनदीप बलबेड़ा, रिले रेस में लक्की, हिमांशु, अभिषेक, मोहित बाता। इस मौके पर बलजीत खटकड़, मनोज कुमार, अशोक शर्मा, भूप सिंह, पवन कुमार, कुलदीप शर्मा, नरमैल सिंह, संदीप कुमार, बलजीत मलिक, हकीकत राय, विजय बुरा, नीरू, नीलम, अनुराधा, सुमन, मोहन लाल, सुभाष, फूल कुमार, धीर सिंह, संजय, शमशेर आदि कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# केंद्र सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए इनकम टैक्स व जीएसटी की दरों को कम करना चाहिए : बजरंग गर्ग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 31 जनवरी।** अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापारी व उद्योगपतियों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि केंद्रीय बजट में देश की आम जनता को 10 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स में छूट देनी चाहिए और केंद्रीय सरकार बजट में पेट्रोल व डीजल पर टैक्स कम करके जीएसटी के दायरें में लाएं ताकि व्यापारी इनपुट का लाभ ले सकें क्योंकि देश में पहले से कई गुणा महंगाई बढ़ चुकी है। देश के खाद्य वस्तुएं व जरूरत के समान की बढ़ती कीमतों को देखते हुए मौजूदा इनकम टैक्स की छूट काफी कम है। बजरंग गर्ग ने यह भी कहा कि अधिकतम इनकम टैक्स की दर 22 प्रतिशत तक किया जाएं। प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में इनकम टैक्स अधिकतम 22 प्रतिशत है जबकि आम जनता से केंद्र सरकार 30 प्रतिशत इनकम टैक्स ले रही है जो सरासर गलत है। केंद्र सरकार को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से कम टैक्स आम जनता से लेना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार बार-बार जीएसटी में नए-नए टैक्स लगाकर व टैक्सों में बढ़ोतरी करके जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। जिसके कारण देश व प्रदेश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। केंद्र सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए इनकम टैक्स व जीएसटी की दरों को कम करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार को अपने व्यादे के अनुसार जीएसटी में टैक्स की दरें कम करके 5 प्रकार की बजाएं 2 प्रकार की करनी चाहिए। जिसमें आम जरूरत के सामान पर 5 प्रतिशत व बाकी जरनल गुड्स आईटम पर अधिकतम 15 प्रतिशत तक टैक्स होना चाहिए। आम उपयोग में आने वाली वस्तुएं पर पहले 5 प्रतिशत वेटकर होता था अब सरकार ने उस पर भी 18 व 28 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है जो उचित नहीं है। देश में जितनी टैक्स की दरें कम होगी, उससे व्यापार व उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और जनता पर से आर्थिक बोझ कम होगा और सरकार को भी पहले से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होगी।

### महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार योगाभ्यास

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत संचालित महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी में आयुषविभाग की ओर हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत योगाभ्यास करवाया गया। जिला अधिकारी डा. सुदेश जाटयान के मार्गदर्शन में आयुष विभाग से लुखी के इंचार्ज फार्मासिस्ट कुलवंत सिंह और योग शिक्षिका बाला देवी ने सूर्य नमस्कार योग अभ्यास करवाया। प्रिंसिपल डा. अमिता शर्मा ने कहा कि योग क्रिया से विभिन्न शारीरिक अंगों को सक्रिय करने के साथ.साथ ताजगी और मानसिक शांति मिलती है। लुखी के इंचार्ज कुलवंत सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में अधिकतम भागीदारी के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है।

# रविदास जयंती मनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 31 जनवरी।** शहर के बलराज नगर इलाके में रविदास जयंती मानने को लेकर चल रही तैयारी के बीच दो पक्षों में झड़प हो गई। इसमें पांच महिलाएं जख्मी हो गई। गंभीर रूप से घायल कविता व लाजवंती को कैथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है। बलराज नगर में रविदास जयंती के उपलक्ष में सत्संग हो रहा था और पालकी की तैयारी चल रही थी। इस बीच कुछ युवकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया और पांच महिलाएं घायल हो गई। दोनों पक्ष एक ही समुदाय के बताए जाते हैं। फिलहाल इलाके में माहौल सामान्य है। अंबेडकर सभा के प्रधान जगदीश चंद्र के अनुसार कुछ शरारती तत्वों ने जानबूझकर विवाद खड़ा किया और दलित समाज को सत्संग करने से रोकने का प्रयास किया। सभा के प्रतिनिधियों ने इस सिलसिले में डीसी और एसपी से मुलाकात कर अपनी शिकायत दी है। थाना सिविल लाइन प्रभारी शिव कुमार शर्मा ने बताया कि अंबेडकर सभा के प्रधान की शिकायत पर मोनू और प्रवीण नामक युवक को झगड़ा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अभी तक ऐसी कोई बात उनके सामने नहीं आई है कि रविदास जयंती मनाने को लेकर ही दोनों पक्षों के बीच में विवाद हुआ है।

# देश में पीएम मोदी ने व्यवस्था बदलने का काम किया है : खुर्शीद आलम

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 31 जनवरी।** भाजपा मुस्लिम नेता खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार ने जानकारी देते हुए बताया है की अबकी बार दिल्ली में भाजपा बना रही है सरकार अबकी बार मुस्लिमों ने भी मोदी जी के प्रति जागरूक होकर वोट देने का मन बनाया है। दिल्ली चुनाव प्रचार अभियान के दौरान करनाल निवासी खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री जी का सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र के आधार और उनकी नीतियों को मुस्लिम समाज भी समझ गया है ।अबकी बार दिल्ली में भी भाजपा सरकार बनाने में मुस्लिम समाज बड़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है खुर्शीद आलम ने हरियाणा के विकास के बारे में बताते हुए कहा है कि आप सब जाकर देख सकते हैं की हमारे नायब सिंह सैनी जी मुख्यमंत्री ने हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है ये उदहारण देते हुए बताया की आज एक पार्टी है जो सब को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है चुनाव प्रचार करने आए तेजिंदर सिंह तेजी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सोल मिडिया ने सुल्तान पूरी मजरा विधान सभा के उम्मीदवार करम सिंह उर्फ कर्मा के बारे में मतदातों को बताया की कर्म सिंह कर्मा जी जीत श्री नरेन्द्र मोदी जी की जीत है अब तो दिल्ली की जागरूक जनता भी भाजपा के उम्मीदवारों को चुनाव में जीतने का मन बना चुकी है दिल्ली में सरकार बनते ही अंतिम पायदन पर खड़े हर व्यक्ति के लिए विकास करना चाहते हैं जिससे अंतिम लाइन खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य भाकपा ही कर सकती है आज तक किसी और पार्टी में नहीं है।

# एलआईसी की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नीता खट्टर को सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 31 जनवरी।** भारतीय जीवन बीमा निगम में 36 साल की सेवा के उपरान्त फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ शाखा की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्रीमती नीता खट्टर को शुक्रवार को सेवानिवृत पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवागत शाखा प्रबंधक मयंक गुप्ता का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत होने से भावुक नीता खट्टर ने सभी का आभार प्रगट करते हुए कहा कि सभी ने उनके साथ कड़ी मेहनत करके एल आई सी को व्यवसाय। में आगे रखा। भविष्य में भी वे इसी तरह काम करते रहे

इस दौरान शाखा से शमा चड्ढा, किरण बाला जी, नीरज खन्ना, अनिशा, दिव्या, वैलिस, विकास अधिकारियों में नमीश खट्टर, संदीप, रविन्द्र, रणवीर, ऋषि मोहन मीणा, कमल अभिकर्ताओं में हरजिंदर शर्मा, मान सिंह खटाना,, राम शकल,बाबू लाल, सत्यपाल सिंह चौहान,लक्ष्मण सैनी समेत अन्य अभिकर्ताओं ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत करते हुए शाखा प्रबंधक मयंक गुप्ता का स्वागत किया। इस दौरान नीता खट्टर के साथ उनके परिवार से पहुंचे सुशील खट्टर, खुशबू समेत सभी का स्वागत किया।

सहायक शाखा प्रबंधक कपिल भारद्वाज ने सफल मंच संचालन करते हुए बेहतरीन शेर शायरी से कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कपिल भारद्वाज ने कहा कि शाखा प्रबंधक नीता खट्टर जी से हम सभी को बेहतर मार्गदर्शन, सहयोग एवं सुझाव मिलता रहा है। कड़ी मेहनत से उन्होंने शाखा को एक नया आयाम दिया है। इस दौरान शाखा प्रबंधक खट्टर भावुक हो गए, उन्होंने कहा जो प्रेम, सम्मान और साथ, इस शाखा पर सभी ने दिया है, उसको जीवन में कभी भुलाया नहीं जा सकता है। नवागत शाखा प्रबंधक मयंक गुप्ता ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान सभी का सहयोग लेते हुए शाखा को उच्चतम शिखर पर पहुंचाना है।

समारोह के दौरान विकास अधिकारी नमीश खट्टर ने अपनी मधुर वाणी से गीत गाकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। पूरा माहौल संगीत की धुन में डूबा रहा। ...बीते हुए लम्हों पर....कसक तो साथ होगी। ... ये प्यार में डूबी हुई रंगीन.... गीत पर समारोह में उपस्थित लोग संगीत में डूबे रहे। सभी ने इस गीत को खूब सराहा। इस दौरान अभिकर्ता देवेंद्र जी ने माइक संभालते हुए अपनी कविता से सभी को गुदगुदा दिया इस दौरान अन्य कई ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह के अंत में सेवा निवृत नीता खट्टर को सामूहिक रूप से स्टाफ, विकास अधिकारी व अभिकर्ताओं की तरफ से की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

# दुखों को हरने वाले 'सिद्धिविनायक मंदिर' की महिमा है आपार



देश के सबसे अमीर मंदिरों में अपना स्थान रखने वाले बप्पा का सबसे प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर मुंबई में स्थित है। आप इस मंदिर की महिमा और प्रसिद्धि का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि बप्पा के दर्शन के लिए इस मंदिर के बाहर घंटों लाइन लगा कर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इस मंदिर की खूबसूरती अलौकिक है और इसकी बनावट भी आप का मन मोह लेती है। मंदिर के अंदर भगवान गणेश सिद्धिविनायक के रूप में विराजमान हैं तथा उनके अगल-बगल उनकी दोनों पत्नियां रिद्धि-सिद्धि की मूर्ति भी लगी हुई है। वहीं इस मंदिर की गर्भ गृह की छतें सोने की परतों से जड़ति हैं।

मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर का निर्माण 1801 ई. में बिट्ठू और देऊ बाई पाटिल ने मिलकर कराया था। कहा जाता है कि बिट्ठू एक ठेकेदार था जो गणपति भगवान के मंदिर का निर्माण कराना चाहता था। वहीं उस इलाके में एक कृषक महिला देऊ बाई पाटिल थीं, जो भगवान गणेश के मंदिर की निर्माण की इच्छा रखती थी। जब महिला को पता चला कि ठेकेदार मंदिर का निर्माण करा रहा है तो उस महिला ने अपनी जिंदगी भर की जमा पूंजी मंदिर निर्माण के लिए दान में दे दिया। कहा जाता है कि वह महिला निसंतान थी और वह नहीं चाहती थी कि कोई भी औरत निसंतान रहे, इसलिए उसने गणपति भगवान के मंदिर की कामना की ताकि सभी लोग आकर भगवान से संतान प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। बताया जाता है कि शुरू में यह मंदिर बेहद छोटा बनाया गया था, लेकिन बाद में फिर इसका पुनर्निर्माण कर इसे काफी भव्य और विस्तृत किया गया।

पुराणों में वर्णित है कि भगवान विष्णु जब सृष्टि की रचना कर रहे थे तो इस दौरान उन्हें नींद आ गई और भगवान विष्णु निद्रा में चले गए। तभी उनके दोनों कानों से मधु और कैटभ नाम के दो राक्षस उत्पन्न हो गए और यह दोनों महाबली राक्षस देवताओं और ऋषि मुनियों पर अत्याचार कर उन्हें लगातार उन्हें परेशान करने लगे। जब इन राक्षसों का अत्याचार दिन दूना और रात चौगुना की गति से बढ़ने लगा, तब देवता परेशान होकर भगवान विष्णु की शरण में गए और इन दोनों राक्षसों के वध की कामना करने लगे। तब भगवान विष्णु निद्रा से जगे और इन राक्षसों का वध करने को उद्यत हुए, किन्तु वह ऐसा करने में असफल हो गए। इसके बाद सभी देवता भगवान गणेश की शरण में गए और भगवान गणेश की सहायता से मधु और कैटभ नाम के राक्षसों का वध संभव हो सका। इसके बाद भगवान विष्णु ने एक पहड़ी पर भगवान गणेश के मंदिर की स्थापना की जिसके बाद वह स्थान सिद्धिटेक और मंदिर को सिद्धिविनायक के नाम से जाना जाने लगा।

सामन्यतः भगवान गणेश की मूर्ति में सूंड बायीं तरफ रहती है, लेकिन सिद्धिविनायक गणेश जी की मूर्ति में सूड़ दाई तरफ मुड़ी होती है। इस रूप को सिद्धपीठ माना जाता है और इस मंदिर को सिद्धिविनायक मंदिर कहा जाता है। कहा जाता है कि सिद्धिविनायक की महिमा अपरंपार है, वे भक्तों की मनोकामना को तुरंत पूरा करते हैं।

वैसे तो मुंबई में मौसम सामान्यतया गर्म ही रहता है तो मानसून को छो? कर आप कभी भी दर्शन के लिए आ सकते हैं। सिद्धिविनायक मंदिर में हर मंगलवार को विशेष आरती होती है, जिसे देखने के लिए देश -विदेश से लोग आते हैं।

# घर के मंदिर में शालिग्राम स्थापित करते समय रखें इन बातों का ध्यान



धार्मिक ग्रंथों के अनुसार शालिग्राम का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि शालिग्राम भगवान विष्णु का विग्रह स्वरूप है। हिंदू धर्म में पूजा स्थल पर शालिग्राम को स्थापित करना बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। अगर आपके घर में शालिग्राम है, तो कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें। धार्मिक मान्यता के अनुसार शालिग्राम रखते समय कुछ नियमों का पालन नहीं किया गया, तो कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

घर के मंदिर में अगर शालिग्राम स्थापित है, तो मांस, शराब, जुआ आदि चीजों से दूर रहें।

शालिग्राम कभी भी अपने पैसों से खरीदें। उपहार में दिए गए शालिग्राम को घर के मंदिर में कभी न रखें, क्योंकि पूजा का फल उस व्यक्ति को मिलता है।

शालिग्राम की पूजा करते समय कभी भी सफेद चावल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, हमेशा पिले चावल का उपयोग करें।

अगर घर के मंदिर में शालिग्राम स्थापित है, तो नियमित रूप से पूजा-पाठ करें। अगर किसी कारणवश पूजा नहीं कर पा रहे हैं, तो माफी मांगते हुए जल में प्रवाहित कर दें।

घर के मंदिर में एक से ज्यादा शालिग्राम कभी भी स्थापित न करें।

शालिग्राम को हमेशा तुलसी के पौधे के पास रखें, इससे भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं।

शालिग्राम की पूजा करते समय पंचामृत और चंदन का उपयोग करना चाहिए।

# बच्चों की शिक्षा के साथ साथ खेल भी महत्वपूर्ण: अशोक कुमार

## पूर्व डीजीपी खेल स्कूल के बच्चों को पढ़ायेंगे सामान्य ज्ञान



**खेल स्कूल राई ने बनाई सुपर 100 की टीम**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। कुलपति अशोक कुमार, आईपीएस की अध्यक्षता में खेल स्कूल राई में सुपर 100 की टीम का गठन किया गया। इसके अंतर्गत 100 प्रतिभाशाली खिलाड़ी और 100 मेधावी छात्रों को पूरे स्कूल से छँटनी किया गया है। कुलपति ने खिलाड़ियों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की खेलकूद और अकादकमिक में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए इन चुनिंदा खिलाड़ियों को अतिरिक्त समय दिया जाएगा, विश्वविधालय और बाहर से विशेषज्ञ प्रशिक्षक छात्रों को प्रशिक्षण देने आयेंगे। इन खिलाड़ियों को अतिरिक्त अभ्यास मैच खेलने के लिए अलग अलग स्कूलों व अकादमीज़ में भेजा जाएगा।

कुलपति महोदय ने कहा कि हम इन चुनिंदा खिलाड़ियों /छात्रों को राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी अभ्यास के लिए अनुमति देंगे। छात्रों के लिए छात्रावास में अधिक अखबार पढ़ने को दिए जाएँगे। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कुलपति ने कहा कि वे खुद भी बच्चों की सामान्य ज्ञान की क्लास पड़ायेंगे। भारत के अच्छे स्कूलों के साथ शिक्षा और खेलों में आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू किया जाएगा । कुलपति ने कहा की स्कूल के 52 वें वार्षिकोत्सव पर हमने सुपर 100 बनाने की घोषणा की थी और आज उसको अमल में लाया जा रहा है। हमे उम्मीद है कि निकट भविष्य में स्कूल से प्रसिद्ध शिक्षाविद के साथ साथ ओलंपियन भी निकलेंगे।

# मानव जीवन का उद्देश्य सत्य को जानना



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

मानव जीवन का यही उद्देश्य है, यही प्रयोजन है कि हर इन्सान इस सत्य को, इस हरि का, इस निरंकार को प्राप्त करें जो कल भी था, आज भी है और आगे भी रहने वाला है। जा कभी कम ज्यादा होने वाला नहीं। बाकी सब चीजें तो कम-ज्यादा होने वाली हैं। एकरस रहने वाली नहीं। जितनी भी चीजें इससंसार में देख रहे हैं, सूरज है, धरती है, पानी है। पानी कभी गर्म होता है, कभी ठण्डा होता ,है सर्दियों में बरफ भी बन जाता है और गर्म करने से तो वह भाप भी बन जाताहै। वह कभी एकरस नहीं रहता। इसी तरह से सूरज भी एकरस नहीं रहता। सूरज भी एक समय पर है, लेकिन थोड़ी देर के बाद वहां पर सूरज नहीं होता, उसकी रोशनी नहीं होती। जैसे अभी आप देखते हैं कि इस समय सूरज की रोशनी यहां पर नहीं, यह धरती के दूसरी तरफ चली गई है। इसी तरह से सभी चीजें जो हम दोते हैं, ये एकरस नहीं रहती हैं। स्थिर नहीं रती हैं। अगर इन्सान इन्हीं के ऊपर निर्भर करता है तो जिस तरह से ये डुलायमान है, एकरस नहीं रहती, इसी तरह से इन्सन के मन को भी चैन नहीं मिलता, इसको भी स्थिरता प्राप्त नहीं होती। यह सहज अवस्था कब प्राप्त होती है? जब इस सहज प्रभु के साथ हमारा नाता जुड़ जाता है, जो एकरस रहने वाला है। चाहे समय कैसा भी आ जाए, चाहे हम किसी भी स्थान पर चले जायें, यह एकरस ही रहता है। हमेशा कायम-दायम रहता है। इस कायम-दायम रहने वाली सत्ता के साथ जितना भी नाता जोड़ लिया जाता है, वह हमेशा के लिए एकरस अवस्था वाला संत बन जाता है।

इस आत्मा (चेतन सत्ता) के कारण ही इस शरीर का चलना फिरना है, यही जीवन है। इसी की वास्तव में हमने पहचान करनी हे कि हम यह शरीर नहीं, बल्कि एक आत्मा हैं। आत्मा की ही महत्ता है। अगर आत्मा को हमने पाया नहीं और सभी काम हम करते रहे, शरीर को सजाते श्रृंगारते रहे, इसको धष्ट-पुष्ट करते रहे, लेकिन इस आत्मा का हमने कुछ नहीं किया, इस मन को हमने इस प्रभु के साथ नहीं जोड़ा, तो हमारा इस संसार में आना व्यर्थ ही चला जाएगा।

# पंचांग

शनिवार, 1 फरवरी, 2025, सूर्योदयः 07:09 ए एम, सूर्यास्तः 06:00 पी एम, चन्द्रोदयः 09:02 ए एम, चन्द्रास्तः 09:07 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः तृतीया - 11:38 ए एम तक, नक्षत्रः पूर्व भाद्रपद - 02:33 ए एम, फरवरी 02 तक, योगः परिघ - 12:25 पी एम तक, करणः गर - 11:38 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 10:26 पी एम तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः कुम्भ - 08:58 पी एम तक, राहुकालः 09:52 ए एम से 11:13 ए एम, गुलिक कालः 07:09 ए एम से 08:31 ए एम, यमगण्डः 01:56 पी एम से 03:18 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:57 पी एमः दुर्मुहूर्त, 07:09 ए एम से 07:53 ए एम, दुर्मुहूर्तः 07:53 ए एम से 08:36 ए एम, अमृत कालः 07:06 पी एम से 08:36 पी एम, वर्ज्यः 10:11 ए एम से 11:40 ए एम।

# भविष्य फल



**मेषः** परिवार में सुख-शांति व धार्मिक माहौल बना रहेगा। व्यापारिक गतिविधियों से आपको अच्छा लाभ हो सकता है।

**वृषः** वित्तीय परिणाम उम्मीद से कम हो सकते हैं और आपको इससे निपटना होगा। सोच-समझकर निवेश करना चाहिए।

**मिथुन :** जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप मानसिक रुप से खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

**कर्कः** आज काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आने वाले दिनों में आपकी कमाई बहुत बढ़ जाएगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**सिंहः** आप कुछ चुनौतियों का सामना करेंगे, लेकिन अंततः चीजें आपके पक्ष में होंगी। दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर अपना ध्यान केंद्रित करें और सकारात्मक बातचीत स्थापित करने के लिए कदम उठाएं।

**कन्याः** कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक से लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

**तुलाः** आपका व्यापार बहुत ही तेजी से चलेगा, इससे लाभ भी भरपूर होगा। आपको कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रह सकती है।

**वृश्चिकः** व्यापारिक गतिविधियों से आपको अच्छा लाभ हो सकता है। आपके बिजनेस-पार्टनर के साथ रिश्ते कड़वे हो सकते हैं।

**धनुः** आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे।

**मकरः** आज आप अपनी बड़ी से बड़ी समस्या का हल बहुत ही सरलता से कर लेंगे। आर्थिक संदर्भ में अतीत के प्रयास अब फल देंगे।

**कुंभः** आप अपने वरिष्ठों से लाभ प्राप्त करेंगे और व्यवसायिक रूप से आपकी स्थिति और स्थिर हो सकती है। दूर की यात्रा फलदायी साबित हो सकती है।

**मीनः** मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दूष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनीष पुत्र सुरेन्द्र निवासी दरियापुर बस्ती, गोहाना जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि 29 जनवरी को जिला पानीपत हाल जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी की आरोपी मनीष ने मेरी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओ व पोक्सो अधिनियम के तहत थाना शहर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया। थाना शहर गोहाना की अनुसन्धान टीम में नियुक्त उप निरीक्षक राहुल ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नाबालिग लडकी के न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। और दुसरी तरफ कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी मनीष पुत्र सुरेन्द्र निवासी दरियापुर बस्ती, गोहाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया है।

# जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे किए घोषित

**चंडीगढ़।** जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड , जो जेएसडब्ल्यू समूह का एक हिस्सा है और भारत की दूसरी सबसे बड़ी निजी वाणिज्यिक बंदरगाह ऑपरेटर है, ने आज तीसरी तिमाही और 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि के लिए अपने परिणामों की घोषणा की।कंपनी ने 1,265 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया , जो पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है। ईबीआईटीडीए 670 करोड़ रुपये का रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 336 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया , जो पिछले वर्ष की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है ।तिमाही के दौरान, कंपनी ने 29.4 मिलियन टन कार्गो वॉल्यूम संभाला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है। पारादीप में कोयला टर्मिनल में बढ़ी हुई क्षमता उपयोग, पीएनपी पोर्ट और लिक्विड स्टोरेज टर्मिनल, यूएई के योगदान से वॉल्यूम में वृद्धि हुई। पारादीप में लौह अयस्क टर्मिनल में कम कार्गो वॉल्यूम से वृद्धि आंशिक रूप से ऑफसेट हुई।तीसरे पक्ष की मात्रा में वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 31प्रतिशत के साथ अधिक मजबूत रही तथा समग्र मात्रा में तृतीय-पक्ष की हिस्सेदारी एक वर्ष पूर्व के 39प्रतिशत की तुलना में 49प्रतिशत रही।हाल ही में अधिग्रहित नवकार कॉरपोरेशन के उच्च वॉल्यूम और एकीकरण ने कुल राजस्व में 24प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की, जो 1,265 करोड़ रुपए रही। ईबीआईटीडीएबढ़कर 670 करोड़ रुपए (+20 प्रतिशत वाईओवाई ) हो गया, जिसमें 52.9प्रतिशत का मजबूत मार्जिन रहा।

# समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तुरंत करवाएं समाधान, देरी करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई: डॉ. मनोज कुमार

**सीएम विडों से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के अलावा संबंधित एटीआर का सही जवाब करें अपलोड**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि विभाग सरकार का चेहरा होते है सरकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुचांने के लिए विभाग जिस प्रकार कार्य करें सरकार की छवि उसी प्रकार की होगी। इसलिए सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अगर कोई व्यक्ति आपके पास कोई शिकायत या अन्य किसी कार्य के लिए आता है तो उसके साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उसकी सहायता करने का प्रयास करें। इसके साथ ही सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय सीमा में उपलब्ध करवाएं ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय ऑफिसर बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री नायब सैनी स्वयं प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला व उपमण्डल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधन शिविरों में आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते है इसलिए समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान करवाना सुनिश्चित करें अगर इस कार्य में कोई अधिकारी देरी करता है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतों में विभाग द्वारा रिपोर्ट दी जाती है कि उन्होंने समाधन कर दिया है लेकिन शिकायतकर्ता कहता है कि



उनका समाधान नहीं हुआ है तो ऐसी शिकायतों को रि-ओपन किया जा रहा है इसलिए सभी अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि जो शिकायत रि-ओपन होकर आई है उनके कारणों का पता लगाकर उनका समाधान करें। इसके अलावा समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की विभागाध्यक्ष स्वयं मॉनिटरिंग करें।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सीएम विडों पोर्टल पर लंबित पुरानी शिकायतों का तुरंत समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा अपने से संबंधित शिकायतों का सही जवाब बनाकर अपनी एटीआर पोर्टल पर अपलोड करें। इसके साथ ही अगर कोई शिकायत आपके पोर्टल पर शॉ हो रही है और वो आपके विभाग से संबंधित नहीं है तो ऐसी शिकायत को अंडर टेक करते हुए नगराधीश से बात कर इस शिकायत को संबंधित विभाग में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने बैठक में जनसंवाद, सीपी ग्राम व अन्य पोर्टलों से संबंधित शिकायतों के बारे में विस्तार से समीक्षा की और उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार का स्वच्छता पर सबसे ज्यादा फोकस है इसलिए सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालयों को साफ-सुथरा रखना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी विभागों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत सभी विभाग 28 फरवरी तक सरकार के के निर्देशानुसार आपके कार्यालय में जो आईटी व पुराना सामान, वाहन या पुराना रिकार्ड है उसे कण्डल करवाना सुनिश्चित करें ताकि कार्यालयों में स्वच्छता के साथ जगह खाली हो सके। उन्होंने डीईओ को निर्देश दिए कि कई बार सरकारी स्कूलों में देखा गया है कि स्कूलों के कई कमरे पुराने सामान से भरे रहते है इसलिए इस सामान को तुरंत कण्डल करवाएं ताकि इन कमरों को अन्य कार्य के लिए प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी के बाद किसी कार्यालय में बिना प्रयोग होने वाला पुराना समान मिला तो संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी फीक्स की जाएगी और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में सरकार द्वारा विभागों को जो बजट अलॉट किया जाता है उस बजट को पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं के माध्यम से तय सीमा में पहुंचाने का कार्य करें। अगर किसी विभाग का बजट खर्च नहीं होता और वह वापिस चला जाता है तो संबंधित विभागाध्यक्ष इसके लिए जिम्मेदार होगा और उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने से संबंधित बैठकों को तय सीमा में आयोजित करवाएं, ताकि सभी कार्य सुचारू रूप से पूरे हो सके, ताकि अगर किसी कार्य को पूरा करने में कोई परेशानी आ रही है तो उसे तुरंत दूर किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में लिंगानुपात बढ़ाने के लिए सभी प्रकार के प्रयास किए जाएं। लोगों को जागरूक करने के लिए गांव व शहरों में कैंप आयोजित करवाएं।

# सही दिशा में बढ़ाए कदम, रोजगार अवश्य मिलेगा: सविता लम्बा

**आईटीआई व सरकारी स्कूलों में मनाया गया व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला रोजगार अधिकारी सविता लम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 से 31 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया गया। रोजगार विभाग, हरियाणा की जारी हिदायतों के अनुसार प्रत्येक कार्य दिवस को विभिन्न स्कूलों में जाकर ना केवल विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसरों के प्रति



जागरूक किया जा रहा है बल्कि स्वंय रोजगार, कृषि, मैडिकल, डिफेन्स, बैंकिंग, टीचिंगए यूपीएससी, एचसीएस आदि सभी क्षेत्रों में किस प्रकार हम अपना रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, इसके बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। सप्ताह के प्रत्येक दिन विभिन्न क्षेत्रों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। काउन्सलिंग के माध्यम से उम्मीदवार ना केवल अपनी मजबूती और कमजोरियों को जानने में सक्षम होता है, बल्कि अपने लक्ष्य निर्धारित करता है। जंहा तक एक निश्चित समयावधि में पहुचने की आवश्यकता होती है। मार्गदर्शन उम्मीदवार को मोटिवेशन एवं भावनात्मक स्पोर्ट भी देता है तथा सही कैरियर विकल्पों को चुन सकता है।

सविता लाम्बा ने बताया कि रोजगार कार्यालय के अधिकारियों ने व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में विभिन्न स्कूलों जा कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर सहायक रोजगार अधिकारी कनव वनायक, स्कूल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

# सोनीपत पुलिस ने गुमशुदा 25 फोन किए बरामद कर असल मालिकों के किया हवाले

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** पुलिस आयुक्त सोनीपत के कुशल नेतृत्व व पुलिस उपायुक्त साइबर व पूर्व सुश्री प्रबीना पी. व सहायक पुलिस आयुक्त गन्नौर श्री मलकीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल सोनीपत की टीम ने जनवरी माह में 25 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए जिसमें सभी कंपनियों के फोन शामिल हैं। ये सभी मोबाइल फोन आज दिन शुक्रवार दिनाँक 31 जनवरी 2025 को साईबर सैल ईचार्ज उप निरीक्षक कमल द्वारा अपने कार्यालय राई में फोन मालिकों को बुलाकर उनके हवाले किये गये है। पुलिस उपायुक्त साइबर व पूर्व सुश्री प्रबीना पी के निर्दशन में साईबर सैल ईचार्ज उप निरीक्षक कमल व उनकी टीम के प्रयासों द्वारा इन मोबाईल फोन को ढुढनें में सफलता हासिल की गयी है। यह सभी मोबाइल फोन पोर्टल पर ऑनलाइन गुमशुदा होने बारे दर्ज किए गए थे। जिसको साइबर सेल सोनीपत की टीम द्वारा जनवरी महीने में बरामद किया है।




# हम पैसे नहीं, प्यार बांटते हैं, लोगों के प्यार और समर्थन से जीतते हैं: सीएम मान

**मान ने चुनाव आयोग के पक्षपात की आलोचना की, कहा - भाजपा नेता जैकेट, जूते और पैसे बांट रहें, लेकिन चुनाव आयोग ने उसके बजाय मेरे आवास पर छापा मारा!**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 31 जनवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को दिल्ली में अपना प्रचार अभियान तेज करते हुए शुक्रवार को कोंडली, रोहतास नगर और गोकलपुर में तीन रोड शो किए और बदरपुर में दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित किया। प्रचार अभियान में मान ने पारदर्शी शासन, विकास और जवाबदेही के प्रति आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता का जिक्र किया और विरोधी पार्टियों की राजनीति को उजागर किया।

कोंडली में बोलते हुए, सीएम मान ने आम आदमी पार्टी को गलत तरीके से निशाना बनाते हुए भाजपा द्वारा किए गए घोर उल्लंघनों को नजरअंदाज करने के लिए चुनाव आयोग की निंदा की। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता बेशर्मी से पैसे, जैकेट, जूते और साड़ियां बांट रहे हैं, फिर भी चुनाव आयोग ने दिल्ली में मेरे आवास कपूरथला हाउस पर छापा मारा। पर उन्हें कुछ नहीं मिला क्योंकि हम पैसे नहीं बांटते, प्यार बांटते हैं और इसी प्यार से हम जीतते हैं।

आम आदमी पार्टी की ईमानदार राजनीति पर प्रकाश डालते हुए मान ने आप की जन-समर्थक नीतियों की तुलना भाजपा की शोषणकारी नीतियों से की। उन्होंने कहा, 'दो पक्ष हैं- एक जो शिक्षा और विकास को बढ़ावा देता है और दूसरा जो नफरत और विभाजन की राजनीति करता है। इसलिए शत्रुता के स्थान पर शिक्षा को और प्रचार के स्थान पर प्रगति को चुनें।'

रोहतास नगर में, मान ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'पूरी दिल्ली के लोग कह रहे हैं, 'फिर लाएंगे केजरीवाल' क्योंकि वह आपका भाई है, आपका बेटा है और उसने आपके लिए काम किया है।' उन्होंने कहा कि जब भाजपा आपका वोट खरीदने की कोशिश करे तो उनके पैसे ले लीजिए, लेकिन वोट आम आदमी पार्टी को दीजिए।

गोकलपुर में जनता को संबोधित करते हुए मान ने भारी जनसमर्थन के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारा चुनाव चिन्ह झाड़ू है और आप जानते हैं कि यह गंदगी को साफ करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल अपने पूंजीपति दोस्तों के लिए आपका शोषण कर रही है, वहीं आम आदमी पार्टी जनता का एक-एक पैसा जन कल्याण में निवेश करती है।

बदरपुर में मान ने कई आप नेताओं के साथ, उन भक्तों के लिए मौन रखा, जिनकी महाकुंभ में भगदड़ के कारण दुखद रूप से जान चली गई।

उन्होंने विभाजनकारी राजनीति पर एकता का आह्वान करते हुए दिल्ली की विविध और शिक्षित आबादी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'दिल्ली भारत का दिल है, जहां पूरा देश एक छत के नीचे रहता है। बीजेपी की जाति और सांप्रदायिक राजनीति यहां नहीं चल सकती।'

मान ने दिल्ली की सफलताओं से प्रेरित होकर पंजाब में इसी तरह के काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'पंजाब में अब 850 मोहल्ला क्लिनिक हैं और 90 प्रतिशत घरों में मुफ्त बिजली है। इसके बावजूद हमें घाटा नहीं हुआ है। हमने किसानों और आम लोगों को मुफ्त बिजली प्रदान करते हुए राज्य के उद्यमों को भी लाभदायक बना दिया है। यह साफ़ इरादों की शक्ति है।'

मान ने भाजपा की रणनीति की आलोचना की और उसपर मतदाताओं को पैसे और चीजों का प्रलोभन देकर चुनाव में हेरफेर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता खुलेआम सोशल मीडिया पर पैसे और सामान देते देखे जाते हैं फिर भी चुनाव आयोग आंखें मूंद लेता है। इसके बजाय, उन्होंने एक आधारहीन शिकायत पर मेरे घर पर छापा मारा।

मान ने दिल्लीवासियों से आम आदमी पार्टी को चुनने की अपने रिकॉर्ड को जारी रखने का आग्रह किया और कहा कि 5 फरवरी को झाड़ू का बटन दबाएं उसके बाद अपनी ज़िम्मेदारी ख़त्म और हमारी ज़िम्मेदारी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली ऐसे नेता का हकदार है जो अपने लोगों के अधिकारों के लिए लड़ता हो। इसलिए आम आदमी पार्टी पर ही भरोसा करें।

## पूज्य गुरुदेव श्री जितेंद्र मुनि जी महाराज का 69 वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** एस एस जैन सभा बनूड़ के तत्वाधान में हिमाचल केसरी उपाध्याय प्रवर आगम ज्ञाता पूज्य गुरुदेव श्री जितेंद्र मुनि जी महाराज के पावन 69 वें जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माता बन्नो माई मंदिर, चंडीगढ़ रोड, बनूड़ बाजार के सामने विशेष कार्यक्रम हुआ। सभा के प्रधान रजरीश जैन, उप प्रधान गरीश जैन, सचिव ललित जैन और कोषाध्यक्ष मीतू जैन अतिथियों का स्वागत किया। प्रधान रजनीश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में गुरुदेव श्री जितेंद्र मुनि जी महाराज ने अपने मुखारबिंद से प्रवचनों की वर्षा कर जनकल्याण किया।

## एचकेआरएन से लगे दो हजार पीटीआई और कला शिक्षा सहायकों को छह महीने से नहीं मिला वेतन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सरकारी स्कूलों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिये सेवारत दो हजार पीटीआई और कला शिक्षा सहायकों को छह महीने से वेतन नहीं पा रहा है। वेतन न मिलने से हताश शिक्षकों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को बजट डिमांड और अनुबंध बढ़वाने की मांग को लेकर पत्र लिखा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शिक्षा विभाग को टीजीटी शारीरिक शिक्षा सहायक और कला शिक्षा सहायकों की बजट डिमांड और अनुबंध बढ़ाने के निर्देश दिए। सीएमओ के निर्देशों के बाद मौलिक शिक्षा विभाग हरकत में आया और महानिदेशक की ओर से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को एचकेआरएन के माध्यम से लगे पीटीआई और कला अध्यापकों का बजट डिमांड और अनुबंध बढ़वाने के निर्देश जारी किए।

मौलिक शिक्षा महानिदेशक की ओर से डीईईओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय के जरिये टीजीटी शारीरिक शिक्षा सहायक एवं कला शिक्षा सहायकों का मांग आया है, जिसमें उन्होंने छह महीने से वेतन नहीं मिलने की समस्या उठाई है। निदेशालय की ओर से डीईईओ अध्यापकों को वेतन नहीं मिलने का स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही हिदायत दी है कि आगामी दो दिन की अवधि के भीतर जिले का नाम, अध्यापक का नाम पद और विद्यालय कोड, वेतन न देने का कारण और टिप्पणी सहित प्रोफार्मा भरकर निदेशालय भेजा जाए। कला शिक्षक सहायक संघ व शारीरिक शिक्षा सहायक संघ के सदस्य पवन ने बताया कि प्रदेशभर में एचकेआरएन के जरिये 500 कला शिक्षा सहायक और 1500 शारीरिक शिक्षा सहायक (पीटीआई) कार्यरत हैं। तकरीबन 2000 शिक्षकों को छह महीने से वेतन नहीं मिला है।

## हरियाणा में 7 आईएएस और एक आईआरएस अधिकारी का तबादला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 31 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 7 आई.ए.एस. और एक आई.आर.एस. अधिकारी के नियुक्ति व स्थानान्तरण आदेश जारी किए हैं।

मौलिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव रिपुदमन सिंह ढिल्लों को आदित्य दहिया के स्थान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा का मिशन निदेशक तथा स्वास्थ्य विभाग का सचिव लगाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग के विशेष सचिव तथा निदेशक अजय सिंह तोमर को पार्थ गुप्ता के स्थान पर अम्बाला का उपायुक्त लगाया गया है। यमुनानगर के उपायुक्त मनोज कुमार-1 को आई.आर.एस. अधिकारी विवेक अग्रवाल के स्थान पर हरियाणा कौशल विकास मिशन का मिशन निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग का निदेशक तथा विशेष सचिव लगाया गया है। अम्बाला के उपायुक्त पार्थ गुप्ता को मनोज कुमार-1 के स्थान पर यमुनानगर का उपायुक्त लगाया गया है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय (सेवा) विभाग के निदेशक तथा विशेष सचिव प्रशांत पंवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के मिशन निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। कॉन्फेड के प्रबंध निदेशक राहुल नरवाल को अजय सिंह तोमर के स्थान पर सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग का निदेशक और विशेष सचिव तथा कॉन्फेड का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। हरियाणा कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक तथा सचिव विवेक अग्रवाल को रिपुदमन सिंह ढिल्लों के स्थान पर मौलिक शिक्षा विभाग का महानिदेशक तथा स्कूल शिक्षा विभाग का सचिव लगाया गया है। महेंद्रगढ़ के अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी आनंद कुमार शर्मा को महेंद्रगढ़ के डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)